रांची का तापमान
कांके: अधिक. 30.3° न्यून. 22.5° | रांची: अधिक. 31.8° न्यून. 23.4°
रांची, रविवार
31 अगस्त 2025
वर्ष-26, अंक-209, पृष्ठ-12
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 08, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com
ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते
₹2.00
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




### आईएनडीआईए के उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी बी सुदर्शन रेड्डी ने सीएम के साथ की प्रेसवार्ता, बोले

## हेमंत सोरेन पर लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद

- कहा, न्याय के पक्षधर सांसद अपनी अंतरात्मा की आवाज पर हमें देंगे वोट

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** आईएनडीआईए गठबंधन की ओर से उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ रहे पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी शनिवार को रांची पहुंचे। रेड्डी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात के बाद सीएम सोरेन के साथ प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

प्रेस वार्ता में आईएनडीआईए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि हेमंत के सांसदों का समर्थन उन्हें मिल गया है। उन्होंने कहा, मैं सभी राज्यसभा और लोकसभा सदस्यों से आग्रह करूंगा कि अगर मैं काबिल हूं, तो मदद कीजिए। सभी सांसदों को पत्र भेजा गया है और मुझे भरोसा है कि समर्थन मिलेगा। आवश्यकता पड़ी तो मैं भाजपा नेतृत्व से भी मिलूंगा। रेड्डी ने कहा कि हेमंत सोरेन पर लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद थे। रेड्डी ने कहा, जिस तरह से उन्हें सताया गया और जिस प्रकार का व्यवहार हुआ, उसमें उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची, इसका जिम्मेदार कौन है? संविधान की इतिहास, संरचना और मूलभाव समझना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पहले 'वोटर फर्स्ट, सिटीजन लेटर' की अवधारणा थी।

रेड्डी ने कहा कि निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है कि वह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराए। संविधान सीमाएं तय करता है, लेकिन बहुमत में आने वाले दल इन सीमाओं को भूल जाते हैं।

शेष पेज 11 पर

### हम बी सुदर्शन रेड्डी का समर्थन करते हैं : हेमंत

**राज्य** के सीएम हेमंत सोरेन ने प्रेस वार्ता में कहा, 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति चुनाव होना है। पक्ष और विपक्ष दोनों अपनी-अपनी तैयारी में जुटे हैं। तेलंगाना के बी सुदर्शन रेड्डी विपक्ष के साझा उम्मीदवार हैं। हम इनका समर्थन करते हैं। सुदर्शन रेड्डी हमारे साझा उम्मीदवार हैं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव और अधिक प्रभावी कैसे बनाया जाए, इसी सोच को लेकर हम सब एकत्र हुए हैं। इंडिया गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार सभी दलों के नेताओं से व्यक्तिगत संपर्क कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि उन्हें विजय दिलाने की रणनीति तय की जाए और आगे व्यापक संपर्क अभियान चलाया जाएगा।

## पूर्व मंत्री एनोस एक्का और उनकी पत्नी को सात-सात साल की सजा

- सात अन्य दोषियों को भी सुनाई गई सजा
- सीएनटी एक्ट के उल्लंघन का है मामला

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** सीबीआई की विशेष अदालत ने शनिवार को सीएनटी एक्ट के उल्लंघन मामले में राज्य के पूर्व मंत्री एनोस एक्का और उनकी पत्नी मेनन एक्का समेत नौ दोषियों को सात-सात साल की सजा सुनाई। एनोस एक्का और मेनन एक्का के अलावा जिन्हें सजा सुनाई गई है, उनमें रांची के तत्कालीन एलआरडीसी कार्तिक कुमार प्रभात, तत्कालीन सीआई राजकिशोर सिंह, फिरोज अख्तर, अनिल कुमार, राजस्व कर्मचारी ब्रजेश मिश्रा, मणिलाल महतो और परशुराम शामिल हैं।

शनिवार को सजा के बिंदु पर बहस के बाद सीबीआई के विशेष जज श्याम नंदन तिवारी की अदालत ने सजा सुनाई। सभी पर जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर 1-1 साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इधर, एनोस एक्का के अधिवक्ता अनिल कंठ के अनुसार, इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी जाएगी।

सीबीआई की विशेष अदालत ने विगत 29 अगस्त को सीएनटी का उल्लंघन कर शेष पेज 11 पर

### सीबीआई ने हाईकोर्ट के आदेश पर दर्ज की थी प्राथमिकी

**झारखंड** हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने अगस्त 2010 में एनोस एक्का समेत अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। वर्ष 2012 में सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की थी। नवंबर 2019 में सभी के खिलाफ आरोप तय हुआ था। ज्ञात हो कि एनोस एक्का को पारा शिक्षक मनोज कुमार की वर्ष 2014 में हुई हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया। उन्हें वर्ष 2018 में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। वे जमानत पर थे। शेष पेज 11 पर

## एक नजर

### धुर्वा में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत



**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा स्थित आदर्श नगर के निवासी अमरेंद्र उपाध्याय उर्फ बुलेट की शुक्रवार की रात धुर्वा के सेक्टर 4 में वाहन दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अमरेंद्र उपाध्याय खाटू श्याम का भजन सुनने गणेश पंडाल गए थे। वहां से निकलने के क्रम में किसी तेज वाहन ने उन्हें धक्का मार दिया। इससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

### जमुई में तीन करोड़ का गांजा बरामद

**जमुई (आईएएनएस)।** बिहार के जमुई जिले में पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी और महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए एक गांजा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। करीब 10 घंटे तक चली इस कार्रवाई में 411 किलोग्राम गांजा, करीब 70 लाख रुपए नकद, हथियार और वाहन बरामद किए गए। गांजा की अनुमानित कीमत लगभग 3 करोड़ रुपए आंकी गई है। इसके तहत 3 आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में नितीश कुमार (जमुई), सोनू कुमार (मुजफ्फरपुर) और मोहम्मद हुसैन (समस्तीपुर) के नाम शामिल हैं।

## नगड़ी में रिम्स-2 बनने दें, यह रांची का प्रोजेक्ट है : डॉ इरफान

**नवीन मेल संवाददाता**



- कहा, हम किसी के सेंटीमेंट के साथ खिलवाड़ नहीं करेंगे

**रांची/जामताड़ा।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने रिम्स-2 की जमीन को लेकर विपक्ष के विरोध को ले भाजपा पर निशाना साधा है। मंत्री ने जामताड़ा में पत्रकारों से बात करते हुए हालिया घटनाओं पर भाजपा को चेतावनी दी और कहा कि रिम्स-2 जरूर बनेगा। भाजपा रिम्स-2 की आड़ में समाज को बांट रही है।

डॉ इरफान अंसारी ने कहा, हम सबसे रिक्वेस्ट करते हैं कि वे नगड़ी में रिम्स-2 बनने दें, क्योंकि यह रांची का प्रोजेक्ट है। हम किसी के सेंटीमेंट के साथ खिलवाड़ नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर रिम्स-2 प्रोजेक्ट का यूं ही भाजपा विरोध करती रही, तो इसे कहीं और शिफ्ट करने पर विचार किया जा सकता है। भाजपा शुरू से इस महत्वाकांक्षी योजना का विरोध करती आ रही है। इरफान अंसारी ने भाजपा पर समाज में बांटने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा आदिवासी को दलित, आदिवासी को अल्पसंख्यक से अलग करने का और आपस में बांटने का काम कर रही है, जिससे फिर से वह सत्ता में आ सके। भाजपा का मकसद सिर्फ सत्ता है, रिम्स-2 बने या ना बने, इससे कोई मतलब नहीं है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ अंसारी ने कहा कि रिम्स-2 दिवंगत शिबू सोरेन के नाम से बनेगा, जिन्होंने अलग राज्य लिया। जनता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति अपना भरोसा जताया है। भाजपा इसे पचा नहीं पा रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि रिम्स-2 तो बनकर रहेगा, चाहे जितना भी समय लगे। जमीन का विरोध होगा, तो दूसरी जगह बनेगा लेकिन बनेगा जरूर। उन्होंने कहा कि जिनकी जमीन जा रही है, वे अगर वार्ता करना चाहें, तो सरकार करेगी। लेकिन, भाजपा से कोई वार्ता नहीं होगी।

डॉ इरफान अंसारी ने बिहार में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गठबंधन दलों के कार्यालयों पर हमले और तोड़फोड़ को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, अगर भाजपा कार्यकर्ता इस तरह की हरकतें करते रहे, तो झारखंड में भाजपा को अपने कार्यालय की सुरक्षा खुद सुनिश्चित करनी होगी।

शेष पेज 11 पर

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान वाइचुंग भूटिया

# खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सीएम

**सीएम बोले**

- खिलाड़ियों के सपनों को पंख दे रही है झारखंड की खेल नीति
- फुटबॉल जैसे खेल के लिए बनाई जा रही हैं विशेष योजनाएं

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त खिलाड़ी वाइचुंग भूटिया ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच झारखंड में खेल विशेषकर फुटबॉल के विकास, खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने तथा खेल अवसंरचना को मजबूत बनाने संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि सरकार की खेल नीति के अंतर्गत खिलाड़ियों को स्कॉलरशिप, रोजगार, बेहतर कोचिंग और आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। फुटबॉल जैसे लोकप्रिय खेल के लिए विशेष योजनाएं भी बनाई जा रही हैं, ताकि ग्रामीण स्तर से प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ाया जा सके।

मुख्यमंत्री ने वाइचुंग भूटिया का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य सरकार खेलों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि फुटबॉल झारखंड की युवा पीढ़ी के बीच अत्यंत लोकप्रिय खेल है। सरकार इसके आधारभूत ढांचे को मजबूत करने तथा खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण व अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाइचुंग भूटिया जैसे दिग्गज खिलाड़ियों का मार्गदर्शन और अनुभव झारखंड के खिलाड़ियों को नई दिशा देगा। मुख्यमंत्री ने कहा, झारखंड में खेल की अपार संभावना है। सरकार हर स्तर पर खिलाड़ियों को अवसर और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं : भूटिया

भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान वाइचुंग भूटिया ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड में खेल विशेषकर फुटबॉल के प्रोत्साहन एवं खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने की दिशा में अपने सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि झारखंड की धरती में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और यहां से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार किए जा जा रहे हैं।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

## अमेरिकी कोर्ट ने ट्रंप के लगाए कई टैरिफ को गैरकानूनी बताया

**- ब्यूरो**



- अब सरकार इसके विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगी
- ट्रंप ने कोर्ट पर ही राष्ट्र विरोधी होने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** अमेरिका की फेडरल सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स ने बीते शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लगभग हर देश पर व्यापक टैरिफ (आयात शुल्क) लगाने का कानूनी अधिकार नहीं था। हालांकि, अदालत ने फिलहाल इन टैरिफ को तुरंत खत्म नहीं किया है और ट्रंप सरकार को सुप्रीम कोर्ट में अपील करने का समय दिया है।

फेडरल सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स ने 7-4 के फैसले में कहा कि कांग्रेस ने राष्ट्रपति को असीमित अधिकार देने का इरादा नहीं किया था कि वह हर देश पर आयात शुल्क लगा सकें। अदालत का यह फैसला मई में न्यूयॉर्क की एक विशेष व्यापार अदालत द्वारा दिए गए फैसले को काफी हद तक बरकरार रखता है।

इधर, इस फैसले से तमतमाये ट्रंप ने उस कोर्ट के ही कई जजों पर राष्ट्र विरोधी होने का आरोप लगाते हुए इस फैसले को चुनौती देने की बात कही है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, अगर यह फैसला बरकरार रहा, तो अमेरिका बर्बाद हो जाएगा। वहीं, व्हाइट हाउस के प्रवक्ता कुश देसाई ने कहा कि ट्रंप ने पूरी तरह कानूनी तरीके से कार्रवाई की है और सरकार को इस मामले में जीत मिलेगी। यह फैसला ट्रंप की उस नीति को चुनौती देता है, जिसके तहत वह अकेले अमेरिकी व्यापार नीति को पूरी तरह बदलना चाहते थे।

विशेषज्ञों का कहना है कि ट्रंप के पास आयात शुल्क लगाने के अन्य कानूनी रास्ते भी हैं, लेकिन उन पर उनकी ताकत सीमित रहेगी। उनके लगाए गए टैरिफ और अचानक लिए गए फैसलों ने वैश्विक बाजारों को हिलाया है, अमेरिकी सहयोगियों को नाराज किया है और ऊंची कीमतों तथा धीमी आर्थिक वृद्धि की आशंका बढ़ाई है। ट्रंप ने यूरोपीय संघ, जापान और अन्य देशों पर दबाव बनाने के लिए भी इन शुल्कों का इस्तेमाल किया था। उनका कहना है कि इनसे अमेरिकी खजाने में अरबों डॉलर आए, जिनका इस्तेमाल 4 जुलाई को पास किए गए टैक्स कटौती कानून को लागू करने में किया गया।

कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि अगर टैरिफ खत्म हुए तो अमेरिकी प्रशासन की वार्ता रणनीति कमजोर हो जाएगी और अन्य देश सख्त रुख अपना सकते हैं। सरकार का तर्क है कि यदि अदालत ने टैरिफ पूरी तरह रद्द कर दिए, तो पहले से वसूले गए अरबों डॉलर वापस करने पड़ सकते हैं, जिससे खजाने पर भारी बोझ पड़ेगा। ट्रंप पहले भी चेतावनी दे चुके हैं कि यदि यह व्यवस्था खत्म हुई तो हालात 1929 जैसी महामंदी वाले हो जाएंगे। अमेरिका में ट्रंप सरकार द्वारा लगाए गए टैरिफ (आयात शुल्क) से जुलाई तक 159 अरब डॉलर की कमाई हुई है, जो पिछले साल की तुलना में दोगुनी से भी ज्यादा है।

शेष पेज 11 पर

## प्रधानमंत्री मोदी चीन के तियानजिन पहुंचे



- एससीओ समिट में होंगे शामिल

**तियानजिन (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को चीन के तियानजिन पहुंचे, जहां वे रविवार से शुरू हो रहे दो दिवसीय शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में भाग लेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने जापान यात्रा समाप्त की, फिर तियानजिन के बिनहाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे, जहां उनका शानदार स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने चीन पहुंचने के बाद एक्स पर पोस्ट किया, तियानजिन में उतर चुका हूं। एससीओ समिट के दौरान विभिन्न देशों के नेताओं से गहन चर्चा करने का इंतजार है। समिट के दौरान प्रधानमंत्री मोदी कई महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें करेंगे, जिनमें चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से रविवार और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से सोमवार को बैठक होने की संभावना है। इससे पहले दोनों नेताओं की प्रधानमंत्री मोदी की पिछली मुलाकात शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

## हंगामे के बीच संसद व विधानसभाओं में छूटते जनता के मुद्दे



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

राजनीतिक पार्टियां एक-दूसरे से असहमत होने पर सहमत होती हैं और संसद सत्र या विधानसभा के ठप होने के लिए, एक-दूसरे को दोष देती हैं। लेकिन इस साल, विपक्ष और सत्तारूढ़ गठबंधन ने आम सहमति दिखाते हुए संसद के मानसून सत्र को बेकार माना। बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के विवाद से सदन की कार्यवाही लगातार स्थगित होती रही जबकि मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। सांसद अपनी पार्टियों के प्रतिनिधि के तौर पर काम करते हैं, न कि मतदाताओं के । स्थगन से प्रति मिनट करदाताओं द्वारा चुकाए जाने वाले अनुमानित दो लाख रुपये बर्बाद होते हैं। विरोध के नाम पर हंगामे में जनता के गंभीर कानून और शासन पर निगरानी से जुड़े मुद्दे रखे रह जाते हैं जिसकी भारी कीमत चुकानी पड़ती है, जो सांसदों का प्राथमिक दायित्व है। देश के भविष्य और आजीविका को प्रभावित करने वाले मुद्दों जैसे ट्रंप के एकतरफा टैरिफ पर लोकसभा में सात और राज्यसभा में 13 सवाल उठे। बहस शुरू होनी चाहिए थी, रणनीति आधारित एक सर्वदलीय समिति भी गठित होनी चाहिए थी। लेकिन संसद में हंगामा और बाहर बयानबाजी के शोर में ऐसा नहीं हो सका पर सरकार ने घरेलू अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर केंद्रित आर्थिक व सामाजिक क्षेत्र में सुधारों के लिए मंत्रियों के दो अनौपचारिक समूह बनाए हैं जो विधायी और नीतिगत सुधारों के एजेंडे तैयार करेंगे । अवंतिस रेगटेक के एक अध्ययन के अनुसार उद्यमियों को 1,500 कानूनों और 69,000 से ज्यादा अनुपालनों का सामना करना पड़ता है जिसपर सांसदों को सरकार से सवाल पूछना चाहिए था ।जबकि बहुप्रतीक्षित सुधारों का बड़ा हिस्सा राज्यों में लंबित है। सरकार ने बदलाव को गति देने के लिए फरवरी में राज्यों के निवेश अनुकूलता सूचकांक की घोषणा की थी—इसके लिए नीति आयोग द्वारा मुहूर्त और लॉन्च का इंतजार है। प्रतिस्पर्धा करने के लिए भारत को अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। निजी क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए जुलाई, 2024 में एक कोष की घोषणा की गई थी। पशु चिकित्सकों के 10,839 पद रिक्त हैं।




मनरेगा कार्यक्रम में अगस्त तक 17,238 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान नहीं किया गया है। 'शहरी चुनौती कोष' बजट में एक लाख करोड़ की स्थिति जानने के लिए सवाल बाढ़ का कहर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान में हुआ था रिपोर्ट है कि बाढ़ क्षेत्र में निर्माण कार्यों ने शहरों को असुरक्षित बना दिया है। देश में शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पिछले वर्ष के 10 अरब डॉलर के मुकाबले तेजी से घटकर 40 करोड़ डॉलर रह गया, जबकि सकल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 80 अरब डॉलर रहा। सांसदों को इसके कारणों पर बहस करनी चाहिए थी कि उच्च शिक्षा में निवेश क्षमता का विस्तार और नवाचार को देने की जरूरत है। वैज्ञानिक अनुसंधान पर केंद्रित संस्थानों में सैकड़ों पद रिक्त हैं। सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में वैज्ञानिकों सहित 700 से अधिक पद रिक्त हैं। 23 एम्स केंद्रों में 2,500 से अधिक पद, आयुष मंत्रालय के अंतर्गत 2,200 से अधिक पद और केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 4,889 शिक्षकों के पद अभी रिक्त हैं। प्राथमिक शिक्षा स्तर पर, केंद्रीय विद्यालयों में कुल 7,765 और नवोदय विद्यालयों में 4,323 शिक्षक पद रिक्त हैं। निवेशक कानूनी मुद्दों के निपटारे में देरी से परेशान हैं। एक अगस्त को, सरकार ने लंबित मामलों के आंकड़े जारी किए-सुप्रीम कोर्ट में 86,844, हाई कोर्ट में 63.32 लाख और अधीनस्थ न्यायालयों में 4.66 करोड़ मामले लंबित हैं।अदालतों में लंबित मामलों का होना बहुचर्चित विषय है और इसका एक प्रमुख कारण रिक्तियां हैं और अब पब्लिक को सांसदों से सवाल पूछना चाहिए कि संसद में बहस होनी चाहिए या बाहर बयानबाजी?

### यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने पीएम मोदी से की बात



**कीव (आईएएनएस)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने शनिवार को फोन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की। उन्होंने वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बैठक की भी जानकारी दी। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि मैंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की। मैंने उन्हें वाशिंगटन में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ यूरोपीय नेताओं की बातचीत के बारे में बताया।

शेष पेज 11 पर

### 34 वर्ष पूर्ण होने लोक सेवा समिति कर रहा विशेष समारोह का आयोजन

# विभूतियों एवं संस्थानों को आज किया जाएगा सम्मानित

- 'नशा एवं हिंसा मुक्त भारत' विषय पर परिचर्चा का होगा आयोजन
- कॉफी टेबल बुक 'प्रेरणा' स्मारिका का लोकार्पण भी होगा
- पूर्व मुख्यमंत्री एवं दिशोम गुरु शिबू सोरेन को समर्पित रहेगा कार्यक्रम




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** लोक सेवा समिति की स्थापना के 34 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को संध्या 05:00 बजे रांची के मेन रोड स्थित द होटल केन में विशेष समारोह का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं 'झारखंड रत्न' दिशोम गुरु शिबू सोरेन तथा वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह की स्मृति को श्रद्धांजलि स्वरूप समर्पित रहेगा।
यह जानकारी देते हुए लोक सेवा समिति के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद ने कहा कि समिति ने विगत 34 वर्षों में सामाजिक उत्थान, शिक्षा, संस्कृति, साहित्य, स्वास्थ्य एवं जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इस यात्रा में समिति को डॉ काजी शोएब रहमानी, कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो, प्रो रामदयाल मुंडा, पद्मश्री गिरधारी राम गौंझू, डॉ भुनेश्वर अनुज, सिस्टर जेमा टोप्पो, हरिनारायण सिंह, डॉ करमा उरांव, पद्मश्री मधु मनसुरी, मुकुंद नायक सहित अनेक विभूतियों का मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त हुआ है।
मोहम्मद नौशाद ने बताया कि इस अवसर पर तीन प्रमुख आयोजन किए जाएंगे। इसमें 'नशा एवं हिंसा मुक्त भारत' विषय पर परिचर्चा और कॉफी टेबल बुक 'प्रेरणा' स्मारिका का लोकार्पण शामिल हैं। साथ ही, चयनित विभूतियों एवं संस्थानों को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोक सेवा समिति ने अपनी 34वीं वर्षगांठ के अवसर पर समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विभूतियों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित करने का निर्णय लिया है। समिति द्वारा विशिष्ट अतिथियों एवं समर्पित सदस्यों को भी सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

## राष्ट्र महिला गौरव सम्मान :

1. निगार सुल्तान - समाज सेवा के लिए।
2. सरोज श्रीवास्तव - फूड व स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान के लिए।
3. सैय्यदा खातून (गुमला) - समाजिक कार्य के लिए।
4. डॉ मृणालिनी अखोरी - शास्त्रीय संगीत में योगदान के लिए।
5. डॉ नेहा शर्मा - फिजियोथेरपी सेवा के लिए।

- *विगत 34 वर्षों में सामाजिक उत्थान, शिक्षा, संस्कृति, साहित्य, स्वास्थ्य एवं जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं*

## ये होंगे सम्मानित :

**26वां झारखंड रत्न सम्मान 2025 (सर्वोच्च सम्मान) :**

1. अमानत अली अंसारी - स्वतंत्रता सेनानी, आजीवन उपलब्धि के लिए।
2. रिनपास - स्वास्थ्य सेवा में शताब्दी से अधिक समर्पित योगदान के लिए।
3. सरोजनी लकड़ा (आईपीएस) - उत्कृष्ट पुलिस सेवाओं के लिए।
4. डॉ रूपा सिन्हा - शास्त्रीय संगीत में विशिष्ट योगदान के लिए।

## विशिष्ट सेवा सम्मान

1. शैलेन्द्र कुमार पाठक - शास्त्रीय ध्रुपद गायन के लिए।
2. प्रो मोहन आजाद - बोकारो में आजीवन उपलब्धि के लिए।
3. दिलीप कुमार महतो - शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए।
4. मुजीब कुरैशी - समाज सेवा के लिए।
5. शशि भूषण राय - समाज सेवा के लिए।
6. एजाजुल हसन सिद्दीकी - साहसिक पुलिस सेवा के लिए।
7. डॉ मुजफ्फर हुसैन - साहित्य लेखन के लिए।
8. सुनैना - महिला सशस्त्र पुलिस बल में योगदान के लिए।

## सीयूजे में नामांकन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू



**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) ने स्नातकोत्तर कार्यक्रमों (2025-26) के लिए तृतीय चरण की ओपन राउंड प्रवेश प्रक्रिया की घोषणा की है। योग्यता परीक्षा (आवश्यक डिग्री स्नातक) में प्राप्त अंकों के आधार पर एडमिशन होगा। रिक्त सीटों पर ऑनलाइन पंजीकरण 28 अगस्त से 5 सितंबर 2025 तक होगा। नामांकन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रो जीपी सिंह ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने सीयूईटी परीक्षा नहीं दी है, उनके लिए यह सुनहरा मौका है। उनका स्नातक के अंक के अनुसार सीयूजे में डायरेक्ट एडमिशन होगा। उन्होंने बताया कि विषयवार कुल 157 सीटों में वाणिज्य में 36, लोक प्रशासन में 29, सांख्यिकी में 15, अंग्रेजी में 14, नाट्य कला में 14, वोकल म्यूजिक में 14, राजनीतिक विज्ञान सह अंतरराष्ट्रीय संबंध में 11, भूविज्ञान में 7, तिब्बती भाषा में 7 तथा रसायन शास्त्र में 6 सीटें शामिल हैं। कुल 157 सीटों पर नामांकन होगा, जिसमें एससी 29, एसटी 08, ओबीसी 48, ईडब्ल्यूएस, यूआर 51 सीटें हैं। पंजीकरण प्रक्रिया पहले की ही तरह रहेगी। पंजीकरण काउंसलिंग शुल्क सामान्य/ओबीसी/ ईडब्ल्यूएस के लिए 800 रुपए, एससी/एसटी के लिए 400 रुपए तथा दिव्यांग एवं सभी श्रेणी की महिला उम्मीदवारों के लिए 200 रुपए है। प्रो जीपी सिंह ने कहा कि पंजीकरण से पहले अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि वे विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित सभी योग्यता मानदंडों को पूरा करते हों।

## रूपी सोरेन के नाम पर आवंटित किया जाएगा शिबू सोरेन का सरकारी आवास

**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन का सरकारी आवास अब उनकी पत्नी रूपी सोरेन के नाम पर आवंटित होगा। यह आवास उन्हें आजीवन आवंटित रहेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर भवन निर्माण विभाग ने इसको लेकर प्रस्ताव तैयार कर लिया है। आगामी दो सितंबर को होने वाली कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को पेश किया जा सकता है।

## सीसीएल में हुआ मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण का सफल आयोजन



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने राष्ट्रीय कर्मयोगी वृहद जन सेवा कार्यक्रम के दूसरे चरण के तहत तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण के दो बैच सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। यह प्रशिक्षण सीसीएल मुख्यालय, रांची स्थित मानव संसाधन विकास विभाग में 25 से 27 अगस्त एवं 28 से 30 अगस्त 2025 तक चला।
इस विशेष प्रशिक्षण में कुल 53 मास्टर ट्रेनरों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मिशन कर्मयोगी की भावना के अनुरूप दक्षता, कौशल और सेवा वितरण की गुणवत्ता को और सुदृढ़ बनाना था। इस पहल से स्पष्ट होता है कि सीसीएल भविष्य के लिए एक दक्ष, प्रशिक्षित और सेवा-उन्मुख कार्यबल तैयार करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।
प्रशिक्षण सत्रों का संचालन वरिष्ठ विशेषज्ञों द्वारा किया गया, जिनमें विकास कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक एवं हर्षित श्रीवास्तव, उप-प्रबंधक प्रमुख थे। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रभावी दिशा-निर्देश प्रदान किए।

### सीयूजे में की गई संवाद मंच 'तत्वबोध' की स्थापना

## भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देने में 'तत्वबोध' महत्वपूर्ण कदम : डॉ गुप्ता




- विश्वविद्यालय के विद्यार्थी संवाद मंच से समसामयिक मुद्दों पर चिंतन-मनन कर सकेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के राजनीतिक विज्ञान और लोकप्रशासन विभाग ने सामाजिक विज्ञान संकाय के माध्यम से शनिवार को 'तत्वबोध' मंच का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष सामाजिक विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ आलोक कुमार गुप्ता थे। डॉ आलोक कुमार गुप्ता ने कहा कि यह पहल भारतीय ज्ञान परंपरा और नई शिक्षा नीति को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के तहत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को एक महत्वपूर्ण मंच मिलेगा, जिसमें वे समसामयिक मुद्दों पर गहन चिंतन-मनन कर सकेंगे। भारत में शास्त्रार्थ की परंपरा रही है, जिसके माध्यम से अंतिम सत्य की खोज होती है। 'तत्वबोध' उसी दिशा में किया गया सार्थक प्रयास है। इसमें विद्यार्थी भारतीय परंपरा के अनुरूप शालीन तरीके से हर विषय की गूढ़ता पर प्रकाश डालते हुए ज्ञानार्जन करेंगे। इसमें विश्वविद्यालय के प्राध्यापक की भी सहभागिता होगी, जो सभी की समझ के अनुरूप और जन साधारण के लिए विश्व की गुह्यतम विषय पर अपने विचार का आदान-प्रदान करेंगे।
कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए 'तत्वबोध' के समन्वयक डॉ शशांक कुलकर्णी ने कहा कि यह मंच विश्वविद्यालय के छात्रों को अपने विचार रखने का मंच प्रदान करेगा। इसके माध्यम से भारतीय संविधान में लिखे गए मूल्यों को नागरिक अपने जीवन में कैसे लाए, इसके लिए विशेष प्रयास किया जाएगा। व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण यह 'तत्वबोध' का मूल उद्देश है। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली में 'तत्वबोध' के माध्यम से वैचारिक प्रबोधन के लिए इस मंच की स्थापना की गई है। डॉ संजय कुमार अग्रवाल ने इस मंच के प्रथम वक्ता के तौर पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि हमें अपने विचार में भारतीयता को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। इसलिए तत्वबोध एक सशक्त मंच बन सकता है। विश्वविद्यालय के आसपास के नागरिकों को भी इस मंच से जोड़कर लाभ पहुंचाया जाएगा। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा नागरिकों के बीच जागरूकता लाने के लिए यह कदम उठाया गया है। कार्यक्रम का संचालन एमए के छात्र आदित्य ने किया। बीए की छात्रा पिंकी कुमारी ने आभार भाषण दिया। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र की प्राध्यापक डॉ संहिता सुचरिता के साथ राजनीति विज्ञान और लोकप्रशासन, अर्थशास्त्र और अंतरराष्ट्रीय संबध विभाग के प्राध्यापक और छात्र बढ़ी संख्या में उपस्थित थे।

## कचरा नहीं उठने से शहर में गंदगी का अंबार

**रांची।** शहर में विभिन्न स्थानों पर कचरा नहीं उठने से गंदगी का अंबार देखने को मिल रहा है। इसमें वेजीटेबल मार्केट, कचहरी रोड, विक्रांत चौक, अपर बाजार समेत अन्य इलाकों में हर जगह कचरा से भरा रहा. लोगों ने बताया कि शनिवार को नगर निगम का सफाई कर्मी कचरा उठाने नहीं पहुंचा है। इसकी वजह से दिन भर शहर में जहा तहां कचरा पसरा रहा. सबसे ज्यादा कचरा रातू रोड स्थित वेजीटेबल मार्केट में दिखने को मिला. यहां इन कचरों से बदबू भी आने लगी थी। यहां पर हर दिन सब्जी बेचने वाले व्यापारियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा. एक ओर गंदगी का अंबार फैला था. वहीं दूसरी ओर खुलें में लोग साग सब्जी बेचेते हुए दिखाई दिए।

### चैंबर भवन में सौंदर्यीकृत पीएल चोपड़ा ऑडिटोरियम और नए मोबाइल एप का हुआ अनावरण

# राज्य में हॉर्टिकल्चर के क्षेत्र में बड़ी भावनाएं हैं : राधाकृष्ण किशोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** वित्त एवं वाणिज्य कर मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने शनिवार को राजधानी रांची स्थित चैंबर भवन के प्रथम तल पर स्थित सौंदर्यीकृत पीएल चोपड़ा ऑडिटोरियम का अनावरण किया। साथ ही, फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के नए मोबाइल एप का लोकार्पण किया। मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सौंदर्यीकृत सभागार और मोबाइल एप की सराहना करते हुए इसे व्यापारियों और उद्यमियों के लिए उपयोगी बताया।
वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड चैंबर समस्याओं की सूची उन्हें सौंपे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और चैंबर प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक कराकर समाधान सुनिश्चित कराने के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने माना कि प्रशासनिक कार्यसंस्कृति में पारदर्शिता होनी चाहिए, परंतु जटिलताएं भी हैं। यह भी कहा कि राज्य में हॉर्टिकल्चर के क्षेत्र में बड़ी संभावनाएं हैं, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बना सकती हैं और यह उनकी प्राथमिकता भी है।
एसएलबीसी की बैठकों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि अर्थव्यवस्था के विकास में बैंकर्स का जितना सहयोग मिलना चाहिए, वह नहीं मिल रहा। एग्रीकल्चर, एमएसएमई सेक्टर के लिए जो एनुअल क्रेडिट प्लान बनाते हैं, वहां तक उस लक्ष्य के आलोक में बैंकर्स नहीं पहुंच पाते। इसे मैंने गंभीरता से लिया है। विभागीय सचिव को यह कहा गया है कि जिस बैंक का परफॉर्मेंस अच्छा नहीं है, वहां सरकार अपनी धनराशि जमा नहीं करेगी।
सभा का संचालन करते हुए पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा ने वित्त मंत्री से आग्रह किया कि कॉमर्स हाउस के निर्माण के लिए स्मार्ट सिटी क्षेत्र में चैंबर को सरकारी दर पर एक एकड़ भूखंड उपलब्ध कराया जाए, जिसपर मंत्री किशोर ने पूरा करने का भरोसा दिलाया। पूर्व अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने उद्योग-व्यापार से जुड़े सभी विभागों में झारखंड चैंबर का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की मांग की। यह कहा कि यदि योजनाओं को लागू करने से पहले चैंबर से परामर्श लिया जाए, तो नीतियां अधिक प्रभावी होंगी। उन्होंने विभागों के बीच समन्वय की कमी पर भी चिंता जताई।
पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेड़ी ने राज्य में भवन नियमितीकरण योजना को शीघ्र लागू करने की मांग की। वहीं, पूर्व अध्यक्ष कुणाल अजमानी ने कहा कि संवेदकों के भुगतान में अनिश्चितता बनी हुई है। यह भी कहा कि इज ऑफ डूइंग बिजनेस, झारखंड में अब तक धरातल पर महसूस नहीं हुआ है, क्योंकि सिंगल विंडो सिस्टम पूरी तरह कारगर नहीं है। अभी भी अलग-अलग विभागों से क्लीयरेंस लेना पड़ता है। उद्योग-व्यापार से जुड़े नीति निर्माण में स्टेकहोल्डर्स की सहभागिता अनिवार्य होनी चाहिए, जिससे सरकार और उद्योग जगत दोनों को लाभ मिलेगा।
कार्यक्रम में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य शैलेश अग्रवाल, नवीन गाड़ोदिया, प्रवीण लोहिया, मुकेश अग्रवाल, साहित्य पवन, अमित शर्मा, संजय अखौरी, राम बांगड़, पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेड़ी, पवन शर्मा, विनय अग्रवाल, कुणाल अजमानी, धीरज तनेजा, सदस्य अरुण भरतिया, काशी कनोई, सुबोध चौधरी, दीनदयाल बरनवाल, पूनम आनंद, तुलसी पटेल, आनंद कोठारी, तेजविंदर सिंह, राजीव चौधरी, अल्तमस आलम, मनोज मिश्रा, संतोष अग्रवाल, निरंजन शर्मा, विकास झाझरिया, किशन अग्रवाल, प्रमोद श्रीवास्तव, केपी सिन्हा, अनिल सिंह, विकास मोदी, अभिषेक गुप्ता, अलोक कुमार, सुमित अग्रवाल, विजय शंकर, मुकेश पांडेय, अरुण जोशी, विवेक कुमार, वरुण सखूजा, अजय खेतान, कृष्णा कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित थे। ये जानकारी प्रवक्ता सुनील सरावगी ने दी।

## बोले वित्त मंत्री

- व्यापारियों और उद्यमियों के लिए उपयोगी है नया मोबाइल एप और ऑडिटोरियम
- ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बना सकता है हॉर्टिकल्चर, यह मेरी प्राथमिकता भी
- चैंबर समस्याओं की सूची सौंपे, अधिकारियों के साथ बैठक कर होगा समाधान
- प्रशासनिक कार्यसंस्कृति में पारदर्शिता होनी चाहिए, परंतु जटिलताएं भी हैं
- विकास के लिए बैंकर्स का जितना सहयोग मिलना चाहिए, वह नहीं मिल रहा



### अब चैंबर भवन में लोगों के लिए चार सुसज्जित हॉल उपलब्ध हैं : परेश गट्टानी

चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने सभागार (पीएल चोपड़ा ऑडिटोरियम) को सभी सदस्यों के लिए समर्पित करते हुए संबद्ध संस्थाओं से अपनी बैठकों का आयोजन भी चैंबर भवन में करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अब चैंबर भवन में चार सुसज्जित हॉल उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग सभी कर सकते हैं। हॉल को सुसज्जित कराने और नए मोबाइल एप का निर्माण कराने में मिले सहयोग के लिए उन्होंने संयोजक अरुण भरतिया के प्रयासों की सराहना की।

### नया मोबाइल एप आधुनिकता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : आदित्य मल्होत्रा

चैंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि सौंदर्यीकृत सभागार और नया मोबाइल एप, दोनों ही फेडरेशन को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह न केवल सदस्यों के लिए सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि चैंबर की गतिविधियों को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाएगा। हमारी कोशिश है कि डिजिटल माध्यम से व्यापारी वर्ग और प्रशासन के बीच बेहतर संवाद स्थापित हो सके। यह पहल डिजिटल झारखंड और डिजिटल इंडिया की दिशा में चैंबर का छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम है।

## रांची पुलिस ने चोरी करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को किया गिरफ्तार



**रांची।** अनगड़ा थाना, ग्राम गेतलसुद निवासी तिरथनाथ महतो के द्वारा अनगड़ा थाना में एक लिखित आवेदन दिया गया जिसमें वादी के घर के सामने लगे जॉन डियर ट्रैक्टर रजि० नं०-जेएच 01डीएम 2098 को रात्रि में किसी अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी करने के संबंध में उल्लेख किया गया है। उक्त घटना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पु उ महानिरीक्षक-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनिकी शाखा एवं गुप्तचरों के माध्यम से बोकारो जिला के महुआटाँड़ थाना से अप्रा अभि आदित्य करमाली उर्फ बिलाई, होनी कुमार मुण्डा को गिरफ्तार किया गया।

## साथियों ने अपने समर्पण से कंपनी को नई ऊंचाई तक पहुंचाया : एचएन मिश्र

- सीसीएल में 91 सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय में शनिवार को एक भव्य 'सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया, जिसमें अगस्त 2025 में मुख्यालय से सेवानिवृत्त होने वाले छह कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र और निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी उपस्थित थे।
इसके साथ ही सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत सेवानिवृत्त कर्मियों को भी उनके संबंधित क्षेत्रों में आयोजित समारोहों में ससम्मान विदाई दी गई। आज कुल 91 कर्मियों को गरिमापूर्ण तरीके से विदाई दी गई। मुख्यालय से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में चिकित्सा विभाग से रत्नेश जैन, चिकित्सा सेवाओं के प्रमुख, पीएंडआईआर विभाग से नवनीत कुमार, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), मानव संसाधन विकास विभाग से के. रामाकृष्णा, महाप्रबंधक (खनन), खनन विभाग से सुबोध कुमार, महाप्रबंधक (खनन), अधिकारी स्थापना विभाग से शाहिद जमाल, मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन) और मार्केटिंग एंड सेल्स विभाग से शशि कांत सिंह, वरिष्ठ लोडिंग पर्यवेक्षक शामिल हैं।
मौके पर निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीसीएल परिवार के लिए यह गौरव का क्षण है कि हमारे 91 साथियों ने अपने अमूल्य योगदान और समर्पण से कंपनी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। हम उनके निःस्वार्थ परिश्रम और सेवाओं के लिए आभार व्यक्त करते हैं और उनके नए जीवन की शुरुआत तथा सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को उत्तम स्वास्थ्य और सक्रिय जीवन की शुभकामनाएं देते हैं।
वहीं, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी ने कहा कि आज का यह अवसर हमें याद दिलाता है कि हर कर्मचारी की मेहनत और निष्ठा से ही सीसीएल का आज का स्वरूप बना है। हमारे सेवानिवृत्त हो रहे साथियों ने अपने कार्य से आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा स्थापित की है। हम उनके योगदान को हमेशा स्मरण करेंगे और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, अधिकारी, कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन उपस्थित थे। समारोह में सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को शॉल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई।

## राज भवन सचिवालय में अबुआ अधिकार मंच ने राज्यपाल के नाम सौंपा मांग पत्र

- पीएचडी शोध कार्य एवं मूल्यांकन की समस्याओं से करवाया अवगत

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** अबुआ अधिकार मंच के रांची विश्वविद्यालय संयोजक अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को रांची विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक समस्याओं को लेकर राजभवन के सचिवालय में राज्यपाल के नाम मांग पत्र सौंपा। राज्यपाल के नाम मांग पत्र सौपते हुए अभिषेक शुक्ला ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों से डिग्री शुल्क लेने के बावजूद विवि के लगभग चार लाख छात्र-छात्राओं को अब तक स्नातक एवं स्नातकोत्तर की डिग्रियां उपलब्ध नहीं कराई गई हैं।
परिणाम स्वरूप विद्यार्थी डिग्री प्राप्त करने के लिए बार-बार महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय कार्यालय का चक्कर लगाने को विवश हैं। इसका सीधा असर उनके शैक्षणिक कार्य एवं भविष्य पर पढ़ रहा है। इस समस्या लेकर विगत सालों में विश्वविद्यालय प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया, मगर विश्वविद्यालय नींद से जागने को तैयार नहीं है।
वहीं, पीएचडी शोध कार्य एवं मूल्यांकन से जुड़ी समस्याओं से विश्वविद्यालय के शोधार्थी परेशान हैं। एचडी के शोधार्थी को थीसिस जमा करने से लेकर डिग्री प्राप्त करने तक अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विश्वविद्यालय द्वारा विभाग को शोध कार्य के लिए अत्यंत सीमित फंड उपलब्ध कराया जाता है, जिससे शोध की गुणवत्ता प्रभावित होती है। साथ ही, थीसिस मूल्यांकन प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब से शोधार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर भी प्रतिकूल असर पढ़ रहा है।
शुक्ला ने कहा, एचआरडीसी, जेपीएससी एवं विश्वविद्यालय स्तर पर अनेकों शिक्षकों एवं कर्मचारियों का वेतन भुगतान एवं प्रमोशन वर्षों से लंबित है। इस कारण शिक्षक एवं कर्मचारियों को आर्थिक संकट एवं मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा अग्रिम एडवांस के तौर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों को एचआरडीसी, अकादमिक स्टाफ काउंसिल परीक्षा विभाग आदि को लगभग 5 करोड़ रुपए अग्रिम एडवांस के रूप में दिए गए हैं, परंतु अब तक उसका समायोजन (एडजस्टमेंट) नहीं किया गया है। यह वित्तीय पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है।

### सीए ,वकील और शिक्षाविदों ने कोचिंग कानून में सुधार की मांग की

# गरीब और मध्यमवर्गीय बच्चों पर नए कोचिंग कानून से बढ़ेगा बोझ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड कोचिंग सेंटर नियंत्रण एवं विनियमन विधेयक-2025 झारखंड विधानसभा में पारित हो गया है अब झारखंड के गर्वनर संतोष गंगवार के हस्ताक्षर के बाद कानून लागू हो जाएगा। इस कानून की बारीकियों पर आम जनता की नजर नहीं पड़ी है लेकिन छोटे कोचिंग संस्थानों और बुद्धिजीवियों के कान खड़े हो गए हैं और वे विरोध करना शुरू कर दिए हैं। उन्होंने सरकार से इस कानून में बदलाव की मांग की है उनका आरोप है कि सरकार छोटे कोचिंग संस्थानों की अनदेखी कर रही है। इस कानून से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार पिसा जाएंगे। वहीं प्रतिभावन गरीब छात्रों को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिलेगा और अभी से ही समाज में असंतोष की भावना जन्म लेनी शुरू कर दी है। शिक्षा जो समाज को नई दिशा देती है राज्य और राष्ट्र को अलग रूप प्रदान करती है इसमें कुठाराघात की प्रतीती समाज को भटका सकती है। आइए जानते हैं कि इस कानून पर सीए, वकील और शिक्षाविद् क्या विचार रखते हैं।




**संतोष कुमार एडवोकेट** कहते हैं कि अभिभावकों के पॉकेट पर भार पड़ेगा। कोचिंग शिक्षकों की बेरोजगारी बढ़ेगी। शिक्षा खर्च कम होना चाहिए जबकि इस कानून से खर्च बढ़ रहा है। सरकार शिक्षा को नीचे ले जा रही है। मेधावी छात्र भी कोचिंग का गाइडलाइन प्राप्त करते हैं और आगे बढ़ जाते हैं। 50 हजार फीस देकर जो ठेला वाला, खोमचा वाले, रेहड़ी पटरी वाले, स जी वाले का बच्चा तो कोचिंग जा ही नहीं पाएगा। उन छात्रों को जो गाइडेंस मिलना था वो नहीं मिलेगा। वैसे छात्रों की मेधावी प्रतिभा कुंठित हो जाएगी। सरकार का निर्णय सही नहीं है। सरकार कार्पोरेट कोचिंग को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि पटना, कोटा और अन्य जगहों से आकर लोग झारखंड में बड़े-बड़े कोचिंग चला रहे हैं और मंहगी फीस ले रहे हैं। शिक्षा को बढ़ावा नहीं मिल रहा है दो वर्गों में शिक्षा को बांट दिया जा रहा है। अभिभावक के पास पैसे नहीं हो और बच्चा पढ़ना चाहे तो बच्चा फ्रस्ट्रेशन में चला जाएगा और फ्रस्ट्रेशन में गया व्यक्ति कोई भी बड़ा कदम उठा सकता है सीलिंग में लटक भी सकता है। समाज को गलत दिशा में ले जाया जा रहा है खुदकुशी के मामले भी आ सकते हैं। गरीब तबका फ्रस्ट्रेशन में आ जाएगा।



**नाम नहीं छापने की सूरत में सीए ने कहा कि सरकार चाहती है कि गरीब पढ़े ही नहीं। छात्रों को आंदोलन करना होगा इसके अलावे अब और कोई रास्ता नहीं। केवल लिखने-पढ़ने से कुछ नहीं होगा जय प्रकाश नारायण की तरह सड़कों पर उतरना होगा।**

**शिक्षाविद् विनोद कुमार बख्शी** कहते हैं कि इस विधेयक में कई महत्वपूर्ण कमियां हैं जिन पर ध्यान दिया जाना चाहिए और सुधार होनी चाहिए। पांच लाख रुपये की बैंक गारंटी छोटे और नए कोचिंग केंद्रों के लिए भारी बाधा है, जो उनकी स्थापना और संचालन में अक्षम कर सकती है।



सरकार द्वारा फीस निर्धारित करना गुणवत्ता में गिरावट ला सकता है, क्योंकि सीमित फीस में कोचिंग संस्थान योग्य शिक्षक और संसाधन उपलब्ध नहीं करा पाएंगे। 16 वर्ष से कम आयु के छात्र बिना अभिभावक की अनुमति कोचिंग केंद्रों में आमतौर पर प्रवेश नहीं लेते, अत: यह प्रावधान व्यर्थ और जटिलता बढ़ाने वाला है। जुर्माना और ब्लैकलिस्टिंग जैसे दंड आवश्यक तो हैं, परंतु अत्यधिक कठोर दंड छोटे संस्थानों को हतोत्साहित कर सकते हैं। कई शिक्षकअपने अनुभव से पढ़ते हैं। शिक्षा मंत्री बनने के लिए कोई न्यूनतम योग्यता तय नहीं है पर शिक्षक बनने के लिए योग्यता तय की गई है, यह बहुत ज्यादा व्यावहारिक नहीं होगा। सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक सीमित संचालन सभी छात्रों के लिए व्यवहारिक नहीं हो सकता। निरंतर रिपोर्टिंग, फीस और अन्य विवरण प्रकाशित करना छोटे संस्थानों के लिए अतिरिक्त भारी व्यवस्थापकीय जिम्मेदारी है। बड़े शहरों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में सीमित संसाधन के कारण कई संस्थान इन नियमों का पालन करना मुश्किल पाएंगे। वहीं कार्पोरेट कोचिंग में 1000 से अधिक छात्रों वाले केंद्रों में मनोचिकित्सक की नियुक्ति पर निर्भरता व्यावहारिक नहीं; इसके बजाय सरकार को इस सेवा की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए। श्री बख्शी ने कहा कि कानून में सुधार के लिए सरकार को बैंक गारंटी राशि को कम करना, फीस का लचीला निर्धारण, अभिभावक अनुमति के प्रावधान का पुनर्विचार, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सरकारी स्तर पर सुनिश्चित करना और दंड व्यवस्था में नरम नियम लागू करना विधेयक के प्रभावी कार्यान्वयन में सहायक होंगे। वर्तमान विधेयक को इसी दृष्टि से पुन:मूल्यांकन की जरूरत है।

## राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में आज श्री राधा अष्टमी का भव्य आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**● तैयारियां पूरी, दिन में 2:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक होंगे कार्यक्रम**

श्री राधा अष्टमी के अवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट से संचालित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में रविवार (31 अगस्त) को दिन में 2:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक भव्य कार्यक्रमों का आयोजन होगा। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि श्री राधा अष्टमी की तैयारियां पूरी कर ली गई है।

उन्होंने कहा कि इस अवसर पर श्री राधा-कृष्ण का अलौकिक श्रृंगार कर श्री राधा-कृष्ण को झूलन में झुलाया जाएगा। दुर्गा जागरण मंडली एवं ट्रस्ट के कई भजन गायकों द्वारा संगीतमय भजन-जागरण, महाप्रसाद में केसरिया खीर, चूरमा, मालपुआ, रबड़ी, फल एवं कई व्यंजनों का विशेष भोग, सामूहिक पूजा-अर्चना, महाआरती का भी आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में श्री राधा अष्टमी के कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की।

## श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में खिचड़ी भंडारे का किया गया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में शनिवार को 894वां खिचड़ी महाप्रसाद का भोग का निवेदन किया गया। इसके पूर्व भगवान का विश्वरूप दर्शन, पांचरात्र आगम विधान से तिरुवाराधन और षोडषोपचार पूजा-अर्चना की गई। भगवान को निवेदित महाप्रसाद अमृतत्व को प्राप्त कर ग्रहण करने वाले जीव को आयु, आरोग्य, तृप्ति, सुख और समृद्धि को देने वाला होता है।

आज अजित एवं बबिता कुमारी रांची निवासी और पी वर प्रसाद एवं नव्याश्री आंध्र प्रदेश निवासी की ओर से खिचड़ी महाप्रसाद निवेदित किया गया। अनुष्ठान की प्रक्रिया को अर्चक सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य और नारायण दास ने पूर्ण कराया। इस अवसर पर राम अवतार नरसरिया, अनूप अग्रवाल, प्रदीप नरसरिया, रंजन सिंह, प्रभाष मित्तल, शंभू नाथ पोद्दार, सुशील लोहिया, सीता शर्मा, भोला बरनवाल, राकेश के अतिरिक्त हजारों की संख्या में भक्तों ने खिचड़ी महाप्रसाद ग्रहण किया।

# श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में भव्य भंडारे का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




रांची। श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 168वें श्री श्याम भंडारे का भव्य आयोजन किया। आज 2700 से ज्यादा भक्तों ने प्रसाद प्राप्त किया।

श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां, महामंत्री गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी, निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, लक्ष्मण टिकमानी, विकास टिकमानी एवं श्यामसुंदर शर्मा ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। साथ ही, ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश, बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, गरुड़ जी, गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। टिकमानी परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। फिर, प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। श्री श्याम मंदिर के आज के भंडारे में नमक अजवाइन पूड़ी, वेजिटेबल पुलाव, आलू, लौकी एवं चना की सब्जी, केशर भोग एवं भुजिया का प्रसाद वितरण किया गया। श्री श्याम भंडारे का प्रसाद मंदिर परिसर में निर्वतमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में शुद्धता के साथ निर्मित किया गया था। श्री श्याम भंडारे में अध्यक्ष गोपाल मुरारका, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां, महामंत्री गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी, निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, लक्ष्मण टिकमानी, पुष्पा देवी टिकमानी, विकास, श्वेता, सूर्यांश, यशवी, विधि टिकमानी, वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य अजय मारू, राजीव मित्तल, रमेश गुप्ता, मंत्री विष्णु चौधरी, उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया, प्रचार मंत्री रोहित अग्रवाल, श्यामसुंदर शर्मा, राजेश ढांढनीया, स्नेह पोद्दार, रतन शर्मा, अनुज मोदी, पवन केडिया, आशीष डालमिया, कमलेश सावा, कौशल चौधरी, वेद भूषण जैन, अंकित कुमार, कृष्णा कुमार, संकेत चौधरी, मनोज खेतावत सहित 50 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने सहयोग दिया।

### बारस के दिन खीर चूरमा का लगेगा भोग

बारस के अवसर पर श्री श्याम प्रभु के सम्मुख 4 सितंबर 2025 को प्रात: 7:30 बजे से अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी, जो दोपहर 12 बजे तक निरंतर जलती रहेगी। अध्यक्ष गोपाल मुरारका ने सभी श्याम प्रेमियों से अपील की है कि वे अपने परिवार एवं इष्ट मित्रों के संग आकर आहुति देकर अक्षय पुण्य के भागी बनें। ये जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## डॉ. रामदयाल मुंडा चैलेंज ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची स्थित रामदयाल मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय परिसर में आज 11वें पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुंडा चैलेंज ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का उद्घाटन 23 अगस्त 2025 को बड़े उत्साह के साथ हुआ था और आज के फाइनल मुकाबले में हाटू कोड़ा सतयारी टोली ने मामा स्पोर्टिंग रातू को 3-2 से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।समापन के अवसर पर विजेता टीम एवं उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सुदेश कुमार महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन करते हुए कहा, "फुटबॉल झारखंड की धरती की पहचान है और ऐसे आयोजन युवाओं को न केवल खेल भावना से जोड़ते हैं, बल्कि समाज को एकजुट करने का भी कार्य करते हैं।" सुधारते हुए श्री महतो ने यह भी कहा कि उद्घाटन समारोह में भी वह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे और उन्होंने इस परंपरा को जारी रखने के संकल्प के साथ कहा था।

## परिवर्तनी एकादशी पर पूरे दिन खुला रहेगा श्याम मंदिर का पट

**परिवर्तनी एकादशी के अवसर पर हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर के पट 3 सितंबर 2025 को भक्तों के लिए पूरे दिन खुले रहेंगे। प्रात: 5:00 बजे मंदिर के पट खुलेंगे। दैनिक विधि विधान के नियमित पूजन के बाद मंगला आरती 5:30 होगी। इसके बाद एकादशी श्रृंगार के लिए पर्दे लगाए जाएंगे। श्रृंगार आरती प्रात: 8:30 बजे होगी। इसके बाद संपूर्ण दिवस भक्तों के दर्शन के लिए मंदिर के पट खुले रहेंगे। एकादशी का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से अखंड ज्योति के साथ प्रारंभ होगा। रात्रि 9:30 से मंडल के सदस्य एवं श्याम प्रेमी बाबा श्याम के दरबार में अपनी भजनों की हाजिरी लगाएंगे। देर रात्रि आरती के साथ एकादशी संकीर्तन कार्यक्रम संपूर्ण होगा।**

### कॉलेज में कॉमर्स के विद्यार्थियों के इंडक्शन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# हमारे बच्चे पढ़ाई में विश्वविद्यालय और देश का नाम रोशन करें : डॉ शर्मा

**बोले प्राचार्य**

- संस्थान व हर शिक्षक गर्व से कह सकें कि ये बच्चे हमारे महाविद्यालय के हैं
- कॉलेज की संपत्ति हर विद्यार्थी की संपत्ति है, इसे नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए



### संस्थान के माहौल से परिचित कराने के लिए होता है इंडक्शन

नए छात्रों को किसी संस्थान के माहौल, संस्कृति, नियमों और प्रक्रियाओं से परिचित कराने के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन होता है। यह इसलिए किया जाता है कि वे उस संस्थान में जल्दी से सहज हो सकें और अपनी नई भूमिकाओं को समझ सकें। इसका आयोजन नए छात्रों को कॉलेज या विश्वविद्यालय के माहौल, शैक्षणिक नियमों, पाठ्येतर गतिविधियों और अन्य अवसरों से परिचित कराने के लिए किया जाता है।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डोरंडा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राज कुमार शर्मा और कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ पप्पू कुमार रजक ने शनिवार को महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में वोकेशनल और कॉमर्स के विद्यार्थियों के बीच इंडक्शन (इंट्रोडक्शन) कार्यक्रम का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया।

प्राचार्य ने कहा कि डोरंडा महाविद्यालय में नए सत्र में विद्यार्थियों का स्वागत है। डोरंडा महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लासेस कार्यक्रम के लिए ऑडिटोरियम की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि कॉलेज की संपत्ति हर विद्यार्थी की संपत्ति है, इसे कभी नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे बच्चे पढ़ाई में विश्वविद्यालय और देश का नाम रोशन करें, जिससे संस्थान और हर शिक्षक गर्व से यह कह सकें कि ये बच्चे हमारे महाविद्यालय के हैं।

प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा ने कहा कि भारत विश्व गुरु तभी बनेगा, जब आज के बच्चे राष्ट्र निर्माण में सहयोग करेंगे। उनका मकसद है कि वोकेशनल के विद्यार्थी को अधिक से अधिक अच्छे कंपनी में प्लेसमेंट मिले और इसके लिए वे आए दिन अच्छी कंपनी को कॉलेज में कैंपस प्रोग्राम के लिए बुलाते हैं।

वोकेशनल के कोऑर्डिनेटर डॉ पप्पू कुमार रजक ने कहा, हमारे यहां वोकेशनल में अनुभवी शिक्षक हैं। यहां समय-समय पर सेमिनार होता है।

इस कार्यक्रम में मंच संचालन राजेश भटनागर ने किया। कॉलेज के डॉ कुणाल कुमार, सादाब अहमद, डॉ अमरनाथ, डॉ रंजय कुमार, अंशुमन, डॉ अमरदीप, पूनम, ममता कुमारी, फरजाना खातून, साधना मिश्रा, डॉ दीपमाला, अवधेश ठाकुर आदि उपस्थित थे।



### एसबीआई शाखा के तीन ग्राहकों की मौत पर दो -दो लाख रुपए का चेक सौंपा

# डिजिटल बने खाता सुरक्षित रखेः राजेश दिनकर

**नवीन मेल संवाददाता**




**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के सापुकेरा पंचायत सचिवालय में शनिवार को भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के वरीय पदाधिकारी और बैंक के खाताधारकों के बीच एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कैंप में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, के अलावे अपने लेन-देन को सुरक्षित करें, डिजिटल बने और अपना खाता सुरक्षित करें। उन्होंने अपना आधार नंबर और मोबाइल नंबर को अपने खाता से लिंक करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर बैंक के तीन खाता धारकों की मृत्यु पर उनके परिजनों को दो दो लाख रुपया दिया गया । जिससे परिवार का गृह स्वामी की मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को अनुग्रह राशि से सुरक्षा प्रदान किया गया। भारतीय स्टेट बैंक लापुंग से जीवन ज्योति बीमा और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा के लाभुकों के परिजनों में निशा देवी ग्राम कचनपुर, रोहित बरला ग्राम गरई एवं अनीता देवी ग्राम चालांगी तीनों को दो-दो लाख रुपया का चेक आरबीएम के मुख्य प्रबंधक राजेश दिनकर व लापुंग शाखा प्रबंधक संजय कुमार के द्वारा चेक वितरण किया गया। साथ ही अपने प्रत्येक लें देन को सुरक्षित बनाने के लीए आधार कार्ड और मोबाइल को बैंक खाता से लिंक करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर लापुंग के सैकड़ो महिलाओं एवं पुरुषों ने बैक के जागरूकता अभियान में भाग लिया।

## राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा का आक्रोश, खलारी में पुतला दहन

**खलारी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी माता के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी किए जाने से आक्रोशित भारतीय जनता पार्टी खलारी मंडल के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को खलारी के केडी हिन्दूगढ़ी चौक पर जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राजद नेता तेजस्वी यादव और कांग्रेस पार्टी का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने 'राहुल गांधी मुर्दाबाद', 'कांग्रेस होश में आओ' और 'तेजस्वी यादव शर्म करो' जैसे नारे लगाकर अपना गुस्सा प्रकट किया। इस मौके पर भाजपा खलारी मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिर्फ देश ही नहीं बल्कि विश्व पटल पर भारत की गरिमा को बढ़ा रहे हैं। ऐसे में उनकी माता जी को गाली देना देश की हर मां का अपमान है। कांग्रेस पार्टी को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। भाजपा नेता अरविंद सिंह ने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव जैसी विपक्षी ताकतें जनता का ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की ओछी राजनीति कर रही हैं। लेकिन देश की जनता सब जानती है और चुनाव में इसका करारा जवाब देगी। जिप सदस्य सरस्वती देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री और उनकी माता पर की गई अभद्र टिप्पणी से हर महिला आहत हुई है।

## न्यूज बॉक्स

### राजस्व शिविर का हुआ आयोजन




**चान्हो।** चान्हो में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया. शिविर मे सांसद प्रतिनिधि मो ग्यास कि उपस्थिति मे दर्जनों लोगों के समस्या का निराकरण किया गया. मौके पर सीओ संजीव कुमार, सी आई अवधेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### करम पर्व को लेकर कार्यक्रम आयोजित




**मांडर।** मांडर महाविद्यालय मांडर में आज करम पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मांडर प्रखंड प्रमुख श्री फिलिप सहाय एक्का जी शामिल हुए।

### बोड़ेया में श्री मदन मोहन दुर्गा पूजा समिति की हुई बैठक, नई कमेटी का हुआ विस्तार

**पिठौरिया।** श्री मदन मोहन दुर्गा पूजा समिति की बैठक बोड़ेया दुर्गा मंदिर के प्रांगन में अजय मिश्रा के अध्यक्षता में शनिवार को की गई. जिसमें 2024-25 का आय व्यय प्रस्तुत किया गया साथ ही पुराने कमिटी को भंग कर नई कमेटी का विस्तार किया गया इस कमेटी में सर्वसम्मति से अध्यक्ष विनय तिवारी उपाध्यक्ष मुरारी तिवारी. विजय तिवारी एवं प्रेम तिवारी. सचिव मनोज तिवारी. कोषाध्यक्ष अभय तिवारी. सह सचिव मनोहर तिवारी. विश्वेश तिवारी सह कोषाध्यक्ष राकेश तिवारी. पूजा प्रभारी नीतीश तिवारी सोनू. संरक्षक पुरोहित अजय मिश्रा गोविंद तिवारी. सुधांशु तिवारी. बोड़ेया के मुखिया सोमा उरांव को बनाया गया तथा कार्यकारी सदस्य में परितोष तिवारी. सौरभ तिवारी. ऋषि मिश्रा. रोहन तिवारी. प्रत्यूष तिवारी. मेहुल तिवारी. शिवमुनी ठाकुर. वैभव तिवारी. अभिषेक तिवारी चुना गया ओर इस वर्ष दुर्गा पूजा धूमधाम एवं भव्य बनाने का निर्णय लिया गया जिसके पश्चात पूजा सम्बंधित तैयारियां प्रारंभ किया गया।

### समावेशी शिक्षा के तहत सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन



**चान्हो।** समावेशी शिक्षा के तहत जाँच एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन शनिवार को को प्रखण्ड संसाधन केंद्र चान्हों में आयोजित किया गया। जिसमें कुल इकसठ दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति रही। जिसमें 40 बच्चों को उपकरण के लिए चयनित किया गया। वित्तीय वर्ष 24-25 में कुल 31 दिव्यांग बच्चो को सहायक उपकरण वितरण किया गया। इस शिविर का आयोजन में प्ररखण्ड संसाधन केन्द्र चान्हो के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी निमल बड़ाईक, लेखापाल श्याम चौबे, बी आर पी मूर्तजा समेत अन्य पदाधिकारगण एवं जिला से आये हुए कर्मचारी गण का सहयोग रहा।

### शिक्षण-अधिगम पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**मांडर।** भारती कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) के विषय पर किया गया। यह कार्यशाला दिनांक 29 अगस्त से 30 अगस्त 2025 तक चली। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षण को अधिक प्रभावशाली, रोचक एवं व्यावहारिक बनाना था, जिसमें प्रशिक्षुओं को विभिन्न प्रकार की टीएलएम निर्माण तकनीकों से परिचित कराया गया। कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षुओं ने चार्ट, फ्लैश कार्ड, मॉडल्स, थ्री-डी टीएलएम, गेम-बेस्ड लर्निंग टूल्स आदि का निर्माण कर प्रस्तुति दी। प्राचार्या डॉ. दीपाली पराशर ने कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कहा कि "टीएलएम का उपयोग कक्षा शिक्षण को बच्चों के लिए अधिक बोधगम्य और आनंददायक बनाता है। शिक्षक जब स्वयं शिक्षण सामग्री बनाते हैं, तो उनकी विषयवस्तु पर पकड़ और गहरी हो जाती है।"

### पुलिस ने तेज आवाज में डीजे बजाने को लेकर मामला दर्ज किया




**सिल्ली।** विगत शुक्रवार की रात्रि में गणेश प्रतिमा का विसर्जन के दौरान प्रतिबंधित समय में काफी तेज आवाज में डीजे बजाने के मामले में सिल्ली पुलिस ने डीजे समेत पिकअप वैन (JH 10BK0734) को जप्त कर लिया।सिल्ली पुलिस ने बताया कि डीजे की आवाज काफी तेज थी जिससे ध्वनि प्रदूषण हो रहा था जिसको लेकर चार लोगों के विरुद्ध भादवि के तहत मुकदमा संख्या 81/25 दर्ज करते हुए करवाई किया गया।

## आईडीबीआई बैंक से विद्यालयों को मिली आधारभूत सुविधाएं




**मांडर।** शनिवार को आईडीबीआई बैंक की बरियातू शाखा द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत सीड 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत आदिवासी विकास उच्च विद्यालय, बजरा मांडर एवं राज्यकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, नरकोपी बेड़ो में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण कर विद्यार्थियों के लिए एक बेहतर शैक्षिक वातावरण तैयार करना था। इस पहल के तहत दोनों विद्यालयों को वाटर कूलर, वाटर फिल्टर, अलमारी, बुक शेल्फ, कुर्सियाँ, टेबल तथा खेल सामग्री प्रदान की गई। इससे विद्यार्थियों को न केवल स्वच्छ पेयजल और संगठित अध्ययन सामग्री मिलेगी, बल्कि खेलकूद के प्रति भी उनकी रुचि को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर आई डी बी आई बरियातू शाखा के बैंक मैनेजर ईशा मिंज एवं कुणाल किशोर मौजूद थे।

## गोविंदपुर में बनेगा नई सीएचसी व ट्रॉमा सेंटर



**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय के सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने ग्रामीण कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पथ प्रमंडल, पीएचईडी 1 व 2, नगर निगम, भवन प्रमंडल, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, सीपीग्राम सहित अन्य विभागों की समीक्षा की। उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में स्थित पंचायत भवन की जमीन का सीमांकन कराने, बाउंड्री वॉल, शेड, शौचालय, रंग रोगन तथा बायोमेट्रिक से उपस्थिति दर्ज करने एवं सभी झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय की बउंड्री ऊंची कर कॉन्सर्टिना तार की बाड़ लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने अंचल अधिकारियों को आंगनबाड़ी केंद्र के लिए सड़क के बगल में जमीन चिन्हित करने, अंचलों में सरकारी जमीन के अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाने, चलकारी में पीएचसी निर्माण के लिए जमीन चिन्हित करने तथा अंचलों में विकास से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए कार्यपालक अभियंता के साथ साइट विजिट करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिले में आधुनिक सुविधाओं के साथ पेट क्लिनिक खोलने का निर्देश दिया।पीएचईडी 1 की समीक्षा में उपायुक्त ने ग्रामीण इलाकों में पिट वाटर सप्लाई के लिए डीपीआर तैयार करने, जलान नगर एवं वासेपुर के जल मीनार को ठीक करने तथा वार्ड 17 में पानी की समस्या दूर करने, पीएचईडी 2 को 300 आंगनबाड़ी केंद्र के चापाकलों को एक पखवाड़ा में ठीक करने, मेढ़ा पंचायत में एक बड़े तालाब का निर्माण करने, धनबाद प्रखंड कार्यालय एवं सदर सीएचसी में जलापूर्ति सुनिश्चित करने, पीएम - अभीम के लिए सभी एमओआईसी को जमीन चिन्हित करने तथा सड़क की लंबित योजनाओं के लिए एनएचएआई को अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप के अलावा सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल के अंचल अधिकारी, पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता, जेबीवीएनएल सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

### करम पूर्व संध्या समारोह के दौरान मांदर की थाप पर खूब झूमे लोग

# करमा मिलजुलकर मनाने की जरूरत है : करमा उरांव

**नवीन मेल संवाददाता**

- करमा पर्व भाई बहनों के प्यार का पर्व है बहनें अपने भाइयों के दीर्घायु होने तथा उनकी खुशहाली के लिए पर्व करतीं हैं



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के कॉलेज मैदान के निकट पड़हा के तत्वावधान में करम पूर्व संध्या समारोह के दौरान आदिवासियों ने पारंपरिक रूप से मांदर की थाप पर अखरा और करम के गीतों पर झूम उठे। बतौर मुख्य अतिथि पड़हा दीवान धनिया मुंडा ने लोगों से अपनी परम्परा, रीति-रिवाज वेशभूषा एवं संस्कृति को बचाए रखने का अपील किया। उन्होंने कहा कि करमा आदिवासियों का हजारों साल पुराना पर्व है जो भादो एकादशी को मनाया जाता है। हमें एकजुट होकर अपनी भाषा वेशभूषा के साथ अपनी संस्कृति को बचाए रखने के लिए लगातार संघर्ष करना होगा। वहीं विशेष रूप से समाज की मुख्य धारा से जुड़े और समाजसेवी करमा उरांव भी उपस्थित हुए। उन्होंने लोगों से करमा पर्व को धुमधाम से मनाने की अपील की और करमा पर्व को लेकर लोगों को शुभकामनाएं दी। मांदर की थाप पर करमा उरांव झूम उठे। वहीं मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि मुखिया सविता उरांव, जेएसएलपीएस की जेंडर कोऑर्डिनेटर सुशीला कुमारी, समाजसेवी गांगी उरांव तथा चांदमुनी उरांव ने भी लोगों को करमा पर्व की महत्ता एवं प्रासंगिकता के संदर्भ अपनी बातें रखी। कार्यक्रम की आयोजक बतिया उरांव ने करम पूर्व संध्या समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि करमा पर्व खुशहाली और समृद्धि का भी पर्व है। वहीं संचालन करते हुए संजय उरांव ने कहा कि करमा पर्व भाई बहनों के प्यार का पर्व है बहनें अपने भाइयों के दीर्घायु होने तथा उनकी खुशहाली के लिए पर्व करतीं हैं । उन्होंने कहा कि जब हम लोगों की खेती का कार्य अच्छी होती है। हम उसका खुशी इन्हीं पर्व त्यौहारों के माध्यम से अभिव्यक्त करते हैं। इस मौके पर विशेष रूप से अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद हेहल रांची के सदस्य अनिल भगत, गांव के ग्राम प्रधान बिगनु मुंडा, बडाग़ाई के पाहन सुकरा मुंडा, समीर मुंडा, रंजीत मुंडा, कार्तिक उरांव, राजकुमार उरांव सहित दर्जनों लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## करम पूर्व संध्या का भव्य आयोजन में शामिल हुए मंत्री चमरा लिंडा



**नवीन मेल संवाददाता**

**चान्हो।** प्रखंड के चोरेया में शनिवार को करम पूर्व संध्या का भव्य आयोजन किया गया। 21पाड़हा राजा गांव बनगांवा बुढ़मू, मांडर, चान्हो रांची द्वारा आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति, जाति और पिछड़ा वर्ग के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति और परंपरा बचेगी तभी हमारी पहचान बनी रहेगी। करम परब हमें आपसी भाईचारा और सौहार्द का संदेश देती है। साथ ही हमें अपने कर्मों पर भरोसा करनी चाहिए। उन्होंने समाज को शिक्षा के क्षेत्र में बल देने की बात कही। नशापान से दूर रहने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार को सरना कोड हर हाल में देना होगा। हमारी पारंपरिक पड़हा व्यवस्था में कोई छेड़ छाड़ मंजूर नहीं। इसमें लगभग 32 गांव के लोग अपने अपने खोड़हा के साथ आकर अपना नृत्य और करम गीत प्रस्तुत किए। प्रतिभागी खोड़हा को मांदर देकर सम्मानित किया गया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजकों द्वारा अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर और पगड़ी पहनकर सम्मानित किया गया। मौके पर अध्यक्ष अंग्नू उरांव, सचिव चंद्रमोहन उरांव, कोषाध्यक्ष भंगा उरांव, दीवान मनोज किस्पोट्टा, अंजू कुमारी, शिवरा उरांव, मुख्य सलाहकार बिरसा पहान, नेहरू उरांव, वीरेंद्र उरांव, संदीप लकड़ा, रामचंद्र मुंडा, दिनेश राम, नेयाजुल खान, समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### उच्चकों ने महिला के गले से चेन की छीनतई की

**अरगोड़ा।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र अन्तर्गत डीएवी कपिलदेव मैदान के पास एक महिला घर का सामान खरीद रही थी,इसी दौरान दो अज्ञात व्यक्तियों ने गले में पहना हुआ सोने का चैन को झटका देकर छीन लिया और घटनास्थल से फरार हो गए। इस संबंध में अज्ञात के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया था। तत्पश्चात कांड की गंभीरता को देखते हुए कांड के उद्भेदन एवं संलिप्त अपराधकर्मी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस उप-महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची के द्वारा पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), राँची के निर्देशन व नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। गठित दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुसंधान के क्रम में तकनीकी साक्ष्यों एवं अन्य साक्ष्यों के आधार घटना में शामिल 02 अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया तथा इनके निशानदेही के आधार पर घटना में लूटे हुए सोने के चेन को विधिवत बरामद किया गया है। घटना में प्रयोग में लिए गए एक सीएनजी टेंपो को भी विधिवत जप्त किया गया है।

### बालिकाओं की सुरक्षा पर राज्य स्तरीय हितधारक परामर्श का आयोजन

# सक्षम वातावरण बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करना बेहद जरूरी है

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** शनिवार को बच्चों के खिलाफ हिंसा, चाहे वह शारीरिक हो, यौन हो या भावनात्मक, विनाशकारी और दीर्घकालिक परिणाम देती है, जो उनके मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। दुनिया भर में, हर साल कम से कम एक अरब बच्चे हिंसा का शिकार होते हैं, और लड़कियों को अक्सर ज्यादा असुरक्षित और गंभीर परिणामों का सामना करना पड़ता है, जो उन्हें सभी प्रकार की हिंसा से बचाने और उनकी सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के अत्यंत महत्वपूर्ण महत्व को रेखांकित करता है। इसलिए, न्यायिक, सरकारी और नागरिक समाज के नेताओं को एक साथ लाकर लड़कियों के लिए एक सुरक्षित और अधिक सक्षम वातावरण बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करना बेहद ज़रूरी है। बालिकाओं की सुरक्षा पर झारखंड राज्य स्तरीय हितधारक परामर्श आज डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार, न्यायिक अकादमी, झारखंड, रांची में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। झारखंड उच्च न्यायालय की किशोर न्याय-सह-पॉक्सो समिति द्वारा महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड सरकार और यूनिसेफ, झारखंड के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को प्रभावित करने वाले ज्वलंत मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना था। इस कार्यक्रम ने हस्तक्षेपकारी रणनीतियों की साझा समझ, प्रमुख प्रगति के दस्तावेजीकरण और अपने समुदायों में परिवर्तनकारी भूमिका निभाने वाले किशोरों और युवाओं से बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान किया। परामर्श में हिंसा, बाल विवाह और तस्करी पर व्यापक रूप से चर्चा हुई, जिसमें मज़बूत बाल संरक्षण, शिक्षा और स्वास्थ्य पहलों के माध्यम से लड़कियों के लिए एक सुरक्षित और समृद्ध जीवन बनाने पर ज़ोर दिया गया। दिन की शुरुआत एक प्रभावशाली उद्घाटन सत्र के साथ हुई, जिसमें कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया। सत्र की शुरुआत माननीय न्यायमूर्ति राजेश शंकर, न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जेजे-सह-पोक्सो समिति, झारखंड उच्च न्यायालय के स्वागत भाषण से हुई, जिनकी टिप्पणियों ने दिन की कार्यवाही के लिए रचनात्मक स्वर निर्धारित किया।

उन्होंने कहा, "बाल अधिकारों को आगे बढ़ाने के लिए यह परामर्श महत्वपूर्ण है," उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और संवैधानिक गारंटी मिलकर बच्चों की सुरक्षा के लिए एक मजबूत ढांचा प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि गरीबी, भेदभाव, असमानता और पितृसत्ता अभी भी गंभीर चुनौतियां हैं।

## शिक्षण-अधिगम पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




**मांडर।** भारती कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) के विषय पर किया गया। यह कार्यशाला दिनांक 29 अगस्त से 30 अगस्त 2025 तक चली। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षण को अधिक प्रभावशाली, रोचक एवं व्यावहारिक बनाना था, जिसमें प्रशिक्षुओं को विभिन्न प्रकार की टीएलएम निर्माण तकनीकों से परिचित कराया गया। कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षुओं ने चार्ट, फ्लैश कार्ड, मॉडल्स, थ्री-डी टीएलएम, गेम-बेस्ड लर्निंग टूल्स आदि का निर्माण कर प्रस्तुति दी। प्राचार्या डॉ. दीपाली पराशर ने कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कहा कि "टीएलएम का उपयोग कक्षा शिक्षण को बच्चों के लिए अधिक बोधगम्य और आनंददायक बनाता है। शिक्षक जब स्वयं शिक्षण सामग्री बनाते हैं, तो उनकी विषयवस्तु पर पकड़ और गहरी हो जाती है।"

### इंटर कॉलेज में खुशी क्लास का हुआ आयोजन हुआ

# ईएनडी इंड का मतलब एफर्ट नेवर डाई यानि प्रयास कभी नहीं मरता : डॉ मोहंती

**नवीन मेल संवाददाता**

- **प्रो डॉ संजय प्रशाद सिंह ने कहा कि मंजिल उन्हें ही मिलती है, जिनके प्रयास में सकारात्मकता से भरी समर्पण व धैर्य हो**



**रामगढ़।** शनिवार को डिवाइन ओंकार मिशन व राधा गोविंद इंटर कॉलेज में खुशी क्लास का आयोजन हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी मिशन के तत्वावधान में डिवाइन ओंकार में आयोजित खुशी क्लास की अध्यक्षता सह संचालन राजेश नेगी ने किया। जबकि राधा गोविंद में अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ सुजीत कुमार मोहंती व संचालन प्रिंसिपल प्रो शोमा पांडे ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो सरिता कुमारी व विषय प्रवेश प्रो अंकित कुमार ने किया। खुशी क्लास को संबोधित करते हुए डॉ मोहंती ने कहा कि इंड का मतलब समाप्त होता है पर सकारात्मक सोच के रूप में देखें तो ई फोर इफर्ट, एन फोर नेवर एंड डी फोर डाई अर्थात इफर्ट नेवर डाई होता है। यानि प्रयास कभी नहीं मरता है। प्रो डॉ संजय प्रशाद सिंह ने कहा कि मंजिल उन्हें ही मिलती है, जिनके प्रयास में सकारात्मकता से भरी समर्पण व धैर्य हो। जिन्होंने खुशी की ताकत को समझ लिया, उनके पास तनाव भटकेगी ही नहीं। इसलिए तनावमुक्त हो जिंदादिली से जिंदगी जीते हुए पढ़ाई करें और मंजिल को पाएं। खुशी क्लास को सम्बोधित करते हुए संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि सिर्फ कैरियर पर फोकस नहीं, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकाश पर ध्यान केंद्रित करें। यह खुशी के साथ ही संभव है। चौहान ने बताया कि सकारात्मकता के गर्भ से खुशी जन्मती है। खुश रहकर ही आप मंजिल को पा सकते हैं, जिंदगी जिंदादिली के साथ जी सकते हैं। इसका कोई विकल्प है ही नहीं। तनाव क्रोध के रूप में बाहर निकलकर हमारे व्यक्तित्व को तहस-नहस कर देती है। तनाव में कोई भी मंजिल पा ही नहीं सकते। इसलिए खुशी के साथ सकारात्मकता को हथियार बना मंजिल फतेह कीजिए। उन्होंने कहा कि मुस्कान को सदैव अपने चेहरे पर सहेजे रखें। जादू की छड़ी है यह मुस्कान। आपके व्यक्तित्व को निखार देती है। यह मुस्कान सकारात्मकता और खुशियों से ही उपजेगी। उन्होंने छात्रों से कहा, आप किसी भी प्रश्न को तनाव में हल करने की कोशिश करना। कभी नहीं कर पाओगे। जब खुश होकर सकारात्मक भाव से प्रश्न का हल ढूंढोगे तो 99 प्रतिशत हल कर ही लोगे। 1 प्रतिशत अगर नहीं भी कर पाए तो यह रास्ता जरूर पता चल जाएगा कि प्रश्न सॉल्व कैसे होगा।

## 5 सितंबर को निकलेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी: मुनौवर सैफी

**रामगढ़।** रबीउल अव्वल का महीना मुसलमानों के लिए खुशियां, श्रद्धा और आत्मनिरीक्षण का अवसर लेकर आता है। इसी महीने में 571 इस्वी दिन सोमवार को मक्का शरीफ में सुबह ए सादिक़ के वक्त हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का जन्म हुवा, जो सिर्फ मुसलमानों के लिए नहीं बल्कि हर एक धर्म हर एक इंसान के लिए रहमत बनकर आए। जिनकी आमद ने पूरे संसार को रोशन किया और इंसानियत के हर अंधेरे को रोशनी से भर दिया। उनकी शिक्षाएं सिर्फ़ धार्मिक नहीं, बल्कि हर इंसान के लिए जीवन के आदर्श और मार्गदर्शन का स्रोत हैं। ख़िदमत ए इंसानियत फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी एवं मदरसा अहले सुन्नत नूरुल इस्लाम के शिक्षक क़ारी मनोव्वर सैफी ने कहा कि सरकार ए मदीना सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम 1500 साल पहले इस संसार में आए उनके आने से पहले बेटियों को जिंदा दफन कर दिया जाता, बेवा औरतों को अभागन समझा जाता था। लेकिन जब सरकार आए, तो उन्होंने पूरे संसार को संदेश दिया की बेटियां बाप के लिए बोझ नहीं होती वो घर की रहमत होती है। अब कोई भी बेवा औरत अभागन बनकर नहीं बल्कि सुहागन बनकर जिंदगी गुज़ारेगी। आगामी 5 सितंबर बरोज़ शुक्रवार को उनकी याद में निकाले जाने वाले जुलूस-ए-मोहम्मदी केवल परंपरा नहीं, बल्कि अमन, भाईचारे और मोहब्बत का पैग़ाम है। यह जुलूस हमें याद दिलाता है कि हज़रत मुहम्मद ने नफ़रत, अत्याचार और अन्याय के अंधेरे को मिटाकर इंसानियत, सहयोग और करुणा का रास्ता दिखाया। हमें चाहिए कि हम इसे केवल उत्सव या रिवायत के रूप में न मनाएं, बल्कि इसे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने, सेवा करने और हज़रत मोहम्मद की आदर्श को अमल में लाने के अवसर के रूप में अपनाएं।

## श्री दशलक्षण महापर्व के तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म की हुई पूजा

**रामगढ़।** उत्तम आर्जव धर्म जैन धर्म के दस धर्मों में से तीसरा धर्म है, जिसका अर्थ है सर्वोच्च सीधापन या ईमानदारी। यह छल-कपट से रहित, मन, वचन और कर्म में पूरी तरह से सरल व पारदर्शी होने का मार्ग है, जहां मन में जैसा हो वैसा ही वचन बोलना और कर्म करना होता है, जिससे जीवन में सच्चाई और शांति का अनुभव हो। यह बातें दशलक्षण महापर्व के तीसरे दिन श्री दिगंबर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने कही। उन्होंने उत्तम आर्जव धर्म के सिद्धांत के संबंध में बताया कि यह छल-कपट, कपटपूर्ण विचार और मायाचारी का अभाव है।

**मन, वचन और कर्म की एक रूपता:** जो मन में हो वही वचन से बोलना और जो कहा जाए वही कर्म करना ही उत्तम आर्जव धर्म है।

**सरलता और सच्चाई:** जीवन को सरल, सीधा और सच्चाई से जीना ही इस धर्म का सार है।

**आत्मिक स्वभाव की पहचान:** व्यक्ति को अपने आत्मा के स्वाभाविक सरल स्वभाव से जुड़ना चाहिए और टेढ़ेपन (कुटिलता) से दूर रहना चाहिए।

ईमानदारी: रिश्तों में पारदर्शिता और ईमानदारी बनाए रखना, जिससे रिश्ते मजबूत और सरल बनें।

### उपायुक्त ने किया कोषागार कार्यालय का निरीक्षण कहा

# कार्यों में न हो लापरवाही

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित जिला कोषागार कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होनें स्टॉक पंजी, स्टांप पंजी,ओपनिंग व क्लोजिंग रजिस्टर,चेस्ट, वज्रगृह सुरक्षा गार्ड एवं बज्रगृह के सुरक्षा के सुदृढ़ीकरण से संबंधित प्रमाण पत्रों इत्यादि की गहनता से जांच की। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त कोषागार पदाधिकारी के कक्ष में पहुंच कर महत्त्वपूर्ण फाइलों की जांच की। उन्होनें बिल आदि के भुगतान संबंधी संचिका, स्टॉक रजिस्टर, सर्विस बुक आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने समय समय पर सभी सुरक्षात्मक अवयवों यथा फायर सेफ्टी, सीसीटीवी, सुरक्षा गार्ड आदि को चुस्त दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग में कार्यों को लेकर लापरवाही नहीं होनी चाहए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अप्रचलित स्टाम्प, पुराने रिकार्ड एवं अन्य खराब पड़े सामग्रियों का प्रबंधन करने के लिए विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने को कहा। मौके पर कोषागार पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, जिला योजना पदाधिकारी व कोषागार कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## आदर्श विद्यालय लइयो में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

**केदला।** आदर्श उच्च विद्यालय लइयो में शनिवार को राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के जयंती पर खेल का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बच्चों के बीच इंटर क्लास फुटबॉल टूर्नामेंट, क्विज कंपटीशन, निबंध लेखन, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लइयो उत्तरी पंचायत के मुखिया सुरेश उर्फ मदन महतो, लइयो दक्षिणी पंचायत की मुखिया गीता देवी, पंसस प्रतिनिधि जगमोहन महतो, समाजसेवी जयनाथ महतो ने बेहतर खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर मुखिया गीता देवी ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है।

## किरायेदार मकान मालकिन के साथ नाजायज संबंध बनाने में असफल रहा तो मालिक पर किया जानलेवा हमला



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के झुरझुरी पंचायत में एक अजीबोगरीब मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर झुरझुरी महिला ने शनिवार दोपहर को बरकट्ठा थाना में आवेदन देकर उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है। आवेदन में बताया है कि 29 अगस्त 2025 को 3:30 बजे सुबह मेरे पति को जान से मारने के उद्देश्य से रड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद हो हल्ला होने के बाद ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में इलाज के लिए भेजा गया, जहां स्थिति को नाजुक देखते हुए डाक्टर ने हजारीबाग रेफर किया। जहां अभी सदर अस्पताल हजारीबाग में इलाज चल रहा है। पीड़िता ने आवेदन में लिखा है कि सड़क निर्माण कंपनी राजकेसरी कंस्ट्रक्शन में कार्यरत टाटीझरिया निवासी मुकेश कुमार हमारे घर पर किराए पर रहता था। मेरे साथ उन्होंने कई बार नाजायज संबंध बनाने का असफल प्रयास किया। बाद में मेरे पति को पता चलने पर उसे मकान से हटा दिया गया। जिसके बाद फोन से फोन कर मुझे बार-बार संबंध बनाने की धमकी देता था तथा संबंध नहीं बनने पर पति और बच्चों को जान से मारने की धमकी दिया करता था।

## डाड़ी में एकदिवसीय खरीफ फसल कार्यशाला का आयोजन

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड सभागार में शनिवार को एकदिवसीय खरीफ फसल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रखंड कृषि पदाधिकारी देवेन्द्र कुमार ने धान फसल के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने फसल की देख भाल करने और रसायनिक खाद का उचित मात्रा में प्रयोग करने के बारे में जानकारी दी। साथ ही किसानों को मोटा अनाज की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यशाला में कीटनाशक का प्रयोग कम से कम करने और जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया। समेकित कृषि पर जोर देते हुए कहा कि कृषि के साथ साथ किसान पशु पालन, फूल फल की खेती साथ साथ करने की आवश्यकता बतलाई।

## महिलाओं की आत्मनिर्भरता की दिशा में सहकारिता समिति निभा रही अहम भूमिका : सुधीर मंगलेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के होन्हे मंडा परिसर में सिकनी संकुल आजीविका महिला स्कूल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारिता समिति लिमिटेड की वार्षिक आम सभा का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता एवं मीडिया चेयरमेन सुधीर मंगलेश, दुलमी प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित मिश्रा एवं मुखिया राजीव मेहता उपस्थित हुए। सभा को संबोधित करते हुए बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि हमारे ग्रामीण माताओं और बहनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में समिति निरंतर कार्य कर रही है।जिस प्रकार स्वावलंबन और सहयोग की भावना के साथ आप सभी महिलाओं ने आजीविका के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं, वह वास्तव में सराहनीय है। सहकारिता केवल एक संगठनात्मक ढांचा नहीं है, बल्कि यह हमारे सामाजिक एवं आर्थिक जीवन की रीढ़ है। आप सबकी सक्रियता से न केवल परिवार, बल्कि पूरा समाज सशक्त बन रहा है। सरकार की योजनाओं का लाभ भी आप तक पहुँच रहा है, यह देखकर प्रसन्नता होती है। वहीं, दुलमी बीडीओ अमित मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि महिला स्व-सहायता समूह आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुके हैं। महिलाओं की भागीदारी से विकास योजनाएँ धरातल पर अधिक तेजी और पारदर्शिता से लागू हो रही हैं। जिला प्रशासन हर संभव सहयोग के लिए तत्पर है और हमारी कोशिश होगी कि समिति से जुड़ी महिलाओं को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ मिले। कार्यक्रम में स्थानीय प्रतिनिधियों एवं महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। मौके पर सावित्री देवी सहित कई सम्मानित लोग उपस्थित रहे। बैठक में अध्यक्ष सुमित्रा देवी,सचिव शीला देवी,कोषाध्यक्ष किरण कुमारी, सदस्य अजू कुमारी, सलाहकार लखन शर्मा,आईपीआरपी आसमती देवी, व्यास्था कोऑर्डिनेटर: लक्ष्मण शर्मा, सुजामा कुमारी एस.डी. सी.आर.पी सावित्री देवी, रविकांत कुमार, सुमित कुमार बैठक में उपस्थित सदस्यगण एवं ग्राम संगठन से जुड़े अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## इनरव्हील क्लब रामगढ़ द्वारा नि:शुल्क एनीमिया जांच शिविर का आयोजन




रामगढ़ । इनरव्हील क्लब रामगढ़ द्वारा नि:शुल्क एनीमिया जांच शिविर एवं जागरुकता अभियान का आयोजन छावनी परिषद उत्क्रमित मध्य कन्या विद्यालय स्टाफ क्वार्टर में शनिवार को किया गया। शिविर में छात्राओं के हीमोग्लोबिन की जांच की गयी तथा एनीमिया से बचाव और इसके लक्षणों के बारे में जानकारी दी गई । कार्यक्रम के दौरान उपस्थित डॉक्टर रंजन कुमार ने बताया कि एनीमिया आज सबसे गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है जिसका समय रहते पता लगाना और उपचार करना आवश्यक है। उन्होंने संतुलित आहार, हरी स जियां,आयरन युक्त खाद्य पदार्थ और उचित जीवन शैली को अपनाने पर बल दिया। शिविर में जांच के दौरान जिनमें एनीमिया पाया गया उन्हें नि:शुल्क दवाइयां और आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराया गया।इसके अतिरिक्त डॉक्टर रंजन कुमार ने बताया कि कई बार एनीमिया का कारण पेट में कीड़े (वर्म्स) हो सकते हैं इसलिए जरूरत पड़ने पर एनीमिक किशोरियों को डिवर्मिंग की दवा भी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही छात्राओं को एनीमिया से बचाव के उपायो पर विस्तृत जानकारी दी गई। क्लब की ओर से यह संदेश दिया गया कि नियमित जांच,संतुलित भोजन और स्वास्थ्य जागरूकता के माध्यम से एनीमिया जैसी समस्या से प्रभावी रूप से निपटा जा सकता है।क्लब की तरफ से बच्चों को फल भी बांटे गए।

## कोतो पंचायत में दर्जनों गांव के बीच गहदम झूमर प्रतियोगिता आज

**पतरातू।** कोतो पंचायत के डाडीडीह में करम ग़हदम झूमर प्रतियोगिता 31 अगस्त को आयोजित है। प्रतियोगिता में दर्जनों गांव के महिला और पुरुष भाग लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल, विशिष्ट अतिथि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी, झामुमो हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया, संरक्षक गंगाधर महतो, गोपाल महतो, धनेश्वर महतो, अध्यक्ष सुरेश महतो, सचिव दिलेश्वर, करण, कोषाध्यक्ष कामेश्वर, देवचरण शामिल होंगे। कार्यक्रम की सफलता को लेकर समिति सदस्यों की बैठक शुक्रवार को हुई। बताया गया कि प्रतियोगिता में कोतो शाहीटांड,तिलैया टांड, महली टोला, डोकाटांड, आदि दर्जनों गांव के प्रतिभागी भाग लेंगे।

**निष्पादन के निर्देश** | दिशा की बैठक में विधायक ने पानी, बिजली, पीडीएस सहित कई मामले उठाए

# प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

- **विधायक श्री यादव ने बरही विस की समस्याओं को प्रमुखता से रखी और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया**



**हजारीबाग/ बरही ।** जिला समाहरणालय सभागार हजारीबाग में आयोजित जिला विकास समन्वय समिति (दिशा) की बैठक में बरही विधायक मनोज कुमार यादव भ्रष्टाचार और विकास को लेकर मुखर रहे. केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सांसद मनीष जायसवाल, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी, मांडू विधायक निर्मल उर्फ तिवारी महतो, बगोदर विधायक नागेंद्र महतो सहित उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, पुलिस अधीक्षक अंजनी रंजन सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी मौजूद थे. विधायक श्री यादव ने बरही विस की समस्याओं को प्रमुखता से रखी और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया. इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को पेयजल समस्या, भ्रष्टाचार, पीडीएस, विद्युतीय व्यवस्था आदि संबधित समस्याओं को रखते हुए समाधान के सुझाव व निर्देश भी दिए. भूमि संरक्षण विभाग को तालाबों के निर्माण से पहले सर्वेक्षण करने का बात कही. जनवितरण प्रणाली को दुरुस्त करने के लिए विवादित पीडीएस संचालकों को तत्काल निलंबित कर उन पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग रखी. प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार और दलालों के कारण आम लोगों को हो रही परेशानी पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया. क्षेत्र में खराब और जले ट्रांसफॉर्मर को जल्द बदलने तथा नियमित विद्युतापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. इसके साथ हीं चौपारण में इको पार्क और पदमा प्रखंड के अंतर्गत स्थित लोटिया जलाशय की मरम्मती की मांग किया.

## असेस्मेंट फॉर लर्निंग विषय पर प्रशिक्षुओं ने दिया व्याख्यान

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में शनिवार को आंतरिक सेमिनार का आयोजन किया गया। असेस्मेंट फॉर लर्निंग विषय पर आयोजित इस सेमिनार में प्रशिक्षुओं ने इस पद्धति की जानकारी लिया। मौके पर आइक्यूएसी को-आर्डिनेटर डॉ अनुरंजन कुमार ने सत्र 2024-26 के बीएड प्रशिक्षुओं को विषय से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि असेस्मेंट फॉर लर्निंग एक शिक्षण पद्धति है, जो विद्यार्थियों को फीडबैक प्रदान करती है। इसका उपयोग वे अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए कर सकते हैं। एक शिक्षक के दृष्टिकोण से यह कक्षा में चर्चाओं का अवलोकन करने, प्रश्न पूछने और छात्रों के कार्य की समीक्षा करने की जितनी सरल विधि हो सकती है, उसकी जानकारी उपलब्ध कराना है। फिर सभी प्रशिक्षुओं ने बारी-बारी से इस विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

# न्यूज बॉक्स

## दो अपराधियों ने फायरिंग की घटना को दिया अंजाम



**रामगढ़/** जिले के भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सौंदा बी साइडिंग में बाइक सवार दो अपराधियों ने फायरिंग की घटना को अंजाम दिया। राहुल दुबे गिरोह ने ली घटना की जिम्मेदारी। जांच में जुटी पुलिस।

## बालू घाटों की नीलामी 19 सितंबर को होगी समाप्त



**रामगढ़।** रामगढ़ जिलान्तर्गत केटेगरी ।। बालूघाटों के समूह (रामगढ़ सेंड घाटस ग्रूप) की ई-नीलामी दिनांक 19 सितंबर 2025 को निर्धारित की गयी है। जिसकी प्रक्रिया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल डब्लूडब्लूडब्लू. झारखंडटेंडर्स.गोव.इन के माध्यम से की जानी है। ई-नीलामी से पूर्व प्री बिड बैठक 1 सितंबर 2025 को समय 1.00 बजे अपराह्न में जिला समाहरणालय रामगढ़ (ब्लॉक-ए) के सभा कक्ष में आयोजित की गयी है। अतः सभी प्रोसपेक्टिव बिडर को सूचित किया गया है कि उक्त बैठक में भाग लेकर टेंडर प्रक्रिया से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## दामोदर नदी नहाने गईं बच्ची लापता



**धनबाद।** करम डाली लेकर दामोदर नदी नहाने गईं बच्ची संध्या कुमारी अब तक लापता है। एनडीआरएफ की टीम शनिवार को दामोदर नदी स्थित बाई क्वार्टर छठ घाट पहुंची है और रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। इस ऑपरेशन की निगरानी सुदामडीह थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह और झरिया अंचल निरीक्षक अभय कुमार सिन्हा कर रहे हैं। गुरुवार को करम डाल लेकर पांच बच्चियां नदी में स्नान करने उतरी थीं। इसी दौरान अचानक तेज बहाव में सभी बच्चियां गहराई में चली गईं। ग्रामीणों और मछुआरों की तत्परता से तीन बच्चियां सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। वहीं एक बच्ची को अचेत अवस्था में बिरसा पुल के पास से निकाला गया, लेकिन अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## खेल के माध्यम से भी छात्र छात्राएं अपना करियर बना सकते हैं: डॉ सुनील कश्यप



**रामगढ़।** शनिवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में झारखंड सरकार के निर्देशानुसार दो दिवसीय खेल दिवस का आयोजन किया गया । प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने बताया कि सर्वप्रथम प्रातः मार्च पास्ट बच्चों के द्वारा आकर्षक ढंग से किया गया। तत्पश्चात पारंपरिक खेल का प्रदर्शन रस्साकासी ,लूडो खेल, बोरा रेस ,कैरम प्रतियोगिता ,चेस प्रतियोगिता ,श्लोगन प्रतियोगिता, बैडमिंटन प्रतियोगिता का सफल आयोजन विद्यालय के नोडल शिक्षकों द्वारा कर गया । सभी प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप द्वारा पुरस्कृत किया गया । कैरम प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले बालक वर्ग में छात्र गौतम कुमार और बालिका वर्ग से अश्विनी कुमारी अव्वल रहे। लूडो खेल प्रतियोगिता में मान्य कुमारी का शानदार प्रदर्शन रहा उन्हें भी पुरस्कार देकर दिया गया। जबकि चेस आर्यन कुमार का प्रदर्शन बेहतर रहा उन्हें पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया । इस प्रकार शनिवार को खेल दिवस सफलता पूर्वक संपन्न हुआ । जि विद्यार्थियों का अच्छा प्रदर्शन रहा उनमें परी कुमारी ,मान्या कुमारी ,पीहू कुमारी ,ज्योति कुमारी ,अलका कुमारी ,सुमित कुमार, मुस्कान कुमारी ,महिमा कुमारी, तानिया कुमारी ,माही कुमार, महिमा कुमारी ,पल्लवी कुमारी ,पंकज कुमार महतो, अरुण कुमार ,पूनम कुमारी ,पूर्वी कुमारी, निशा कुमारी ,प्रेम शिला ,अंकित कुमार ,अमित टुडू ,कार्तिक कुमार दीपक , शिवम कुमार, नवीन कुमार ,दीपक टुडू का नाम शामिल है। इन सभी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## बंद होगी डाक विभाग की 148 वर्ष पुरानी रजिस्टर्ड पोस्ट

**रामगढ़।** डाक विभाग डिजिटल इंडिया की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ा है। इसके तहत कर्मी लगातार नई अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हुए। लेकिन इस बीच पुरानी और पारंपरिक सेवा पीछे छुट रहे। इसका ताजा उदाहरण डाक विभाग की प्रसिद्ध रजिस्ट्री सेवा है। जिसे एक सितंबर से बंद करने का निर्णय लिया गया है। नए आदेश के तहत 148 साल पुरानी रजिस्टर्ड पोस्ट सेवा अब इतिहास के पन्ने हो जाएंगे। इसके स्थान पर केवल स्पीड पोस्ट सेवा ही उपलब्ध होगी। विभाग का तर्क है कि यह कदम आधुनिकता और तेज सेवाओं की दिशा में उठाया जा रहा है। लेकिन इससे न सिर्फ एक परंपरा का अंत होगा। बल्कि आम लोगों की जेब पर भी सीधा असर पड़ेगा। लोकल स्तर पर रजिस्टर्ड पोस्ट 22 रुपए में होते हैं, जिसके लिए स्पीड पोस्ट में 41 रुपए खर्च करना होगा। दूरी बढ़ने पर रजिस्ट्री सेवा और महंगी होती थी। लेकिन स्पीड पोस्ट उससे भी ज्यादा महंगा पड़ेगा। डाक विभाग के इस बदलाव पर कई वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि रजिस्टर्ड डाक सेवा के साथ उनकी यादें और भावनाएं जुड़ी हुई हैं। पहले शादी के कार्ड, सरकारी पत्र, यहां तक की कोर्ट के सम्मन भी रजिस्टर्ड पोस्ट से ही आते थे। - डिजिपिन, होम पिकअप और फास्ट डिलीवरी से जुड़ रहे लोग डाक विभाग के अनुसार विभाग लगातार अपनी सेवाएं आधुनिक बना रहे हैं। डिजिपिन, होम पिकअप और फास्ट डिलीवरी जैसे विकल्पों से लोग जुड़ रहे हैं। ऐसे में पुरानी, धीमी सेवाओं को चरणबद्ध तरीके से बंद किया जा रहा है। अब लोग अपने घर से ही स्पीड पोस्ट, पार्सल और अन्य काम ऑनलाइन बुकिंग कर सेवा ले रहे है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग करने के बाद डाकिया घर से लाकर डिलिवरी के लिए भेज देता है।

### सिमडेगा पुलिस का नवाचार प्रयोग पुलिसमैन ऑफ द वीक

# सिमडेगा पुलिस ने 9 लोगों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस ने एक नई पहल की शुरुआत की है, जिसके तहत जिले में कार्यरत वैसे पुलिसकर्मी जिनका टर्न आउट उत्कृष्ट हो, कर्तव्यपरायणता और सकारात्मक सोच हो, उन्हें हर सप्ताह "पुलिसमैन ऑफ द वीक : सिमडेगा पुलिस" के रूप में सम्मानित किया जा रहा है। इसके लिए वरीय पदाधिकारियों की एक समिति गठित की गई है, जो चयनित पुलिसकर्मी को बेहतर ड्यूटी और बेस्ट टर्न आउट के आधार पर चुनती है। चयनित पुलिसकर्मी को गिफ्ट पैक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है तथा उनकी तस्वीर पूरे सप्ताह जिले के सभी थाना, ओपी और कार्यालयों के सूचना पट पर लगाई जाती है। इस पहल का उद्देश्य पुलिसकर्मियों में प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना, शारीरिक रूप से फिट रहने की प्रेरणा देना और कर्तव्य पालन में कुशलता व लगनता बढ़ाना है।अब तक कुल नौ पुलिसकर्मी इस



पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं। इनमें ट्रैफिक पुलिस के गोविन्द कुमार अखौरी शामिल हैं, जो भीड़-भाड़ वाले चौक में भी यातायात को सहजता से संभालते हैं। कुरडेग थाना गार्ड के फगुआ मुंडा और ओड़गा ओपी गार्ड के विपुल कच्छप अपने चुस्त-दुरुस्त ड्यूटी के लिए सराहे गए। सिमडेगा थाना की महिला आरक्षी रसोलिया तोपनो और एससी/एसटी थाना की महिला आरक्षी अरूणा खाखा ने कार्यालयीन कार्यों और स्वच्छता व्यवस्था में बेहतरीन योगदान दिया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सुमित कुमार ठाकुर ने पासपोर्ट सत्यापन कार्य समय पर पूरा कर दक्षता दिखाई, वहीं महिला सहायक आरक्षी सरिता कुमारी ने अपराध शाखा में दस्तावेजों को संधारित कर कार्यकुशलता का परिचय दिया। बानो थाना गार्ड के पियुष होरो ने छापामारी में सक्रिय भूमिका निभाई, जबकि बांसजोर थाना गार्ड के हवलदार रवि कुमार टुटी ने बेहतर नेतृत्व क्षमता से अपने जवानों को अनुशासित रखा।यह पहल सिर्फ एक पुरस्कार नहीं, बल्कि पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने और उन्हें अपने दायित्वों को और अधिक निष्ठा व जोश के साथ निभाने की प्रेरणा देने का माध्यम बन गई है।

# उप विकास आयुक्त ने बानो प्रखंड में विकास योजनाओं का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी ने बानो प्रखंड के सिम्हातु पंचायत का दौरा कर विभिन्न विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान वे पैदल ही दुर्गम बोरोसेता ग्राम पहुंचे और वहां संचालित योजनाओं का जायजा लिया। उन्होंने आम बागवानी, कुआं, मनरेगा कार्य, अबुआ आवास योजना सहित निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। बोरोसेता में लाभुक दीपिका देवी के घर का गृह प्रवेश कराया तथा विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और पीडीएस दुकान का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्रामीणों ने कठिन क्षेत्र में पैदल पहुंचने के लिए उनका स्वागत करते हुए भूरी-भूरी प्रशंसा की।निरीक्षण के बाद प्रखंड कार्यालय सभागार में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। स्वास्थ्य विभाग को गुणवत्तापूर्ण सेवा व दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग से विद्यालयों में नामांकन, उपस्थिति, किताब-कॉपी व ड्रेस वितरण की जानकारी ली गई। उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट किया कि पंचायत सचिव और रोजगार सेवक लक्ष्य अनुरूप मानव दिवस सृजन सुनिश्चित करें। जिन पंचायतों का प्रतिशत लक्ष्य से कम है, उन्हें एक माह के भीतर सुधार का निर्देश दिया गया। योजनाओं में 50% से अधिक महिला भागीदारी सुनिश्चित करने और SC/ST श्रमिकों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया।उन्होंने सभी योजनाओं की जियो-टैगिंग समय पर पूर्ण करने, अभियंताओं को एरिया ऐप से नियमित स्थल निरीक्षण करने और दीदी बड़ी योजना को लक्ष्य अनुरूप क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। अबुआ आवास योजना की समीक्षा करते हुए लंबित आवासों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया। बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत घेरान, जलकुंड और पौधा आपूर्ति जैसे कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नुइमद्दीन अंसारी, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी दुलमु विडउली, बीपीओ चारू मांझी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सतपति, अभियंता, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सिमडेगा जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुईं उपायुक्त



**सिमडेगा।** पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड के तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर पर सिमडेगा जिले में भव्य जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इंडोर स्टेडियम एवं अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में संपन्न हुआ, जिसमें जिले भर के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम में उपायुक्त कंचन सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिला खेल पदाधिकारी ने उपायुक्त का पौधा भेंट कर स्वागत किया। प्रतियोगिता में हॉकी, बैडमिंटन, वूशु, एथलेटिक्स सहित स्वदेशी एवं जनजातीय खेल जैसे गुलेल, गेड़ी दौड़ और मटका दौड़ का आयोजन हुआ। 14 से 40 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने इन खेलों में अपनी प्रतिभा और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को मोमेंटो एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है, जो न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को भी विकसित करता है। उन्होंने युवाओं से हार-जीत को खेल का स्वाभाविक हिस्सा मानते हुए सदैव खेल भावना के साथ भाग लेने की अपील की।कार्यक्रम के पश्चात उपायुक्त ने फुटबॉल स्टेडियम निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया और संवेदक तथा जिला खेल पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित इस प्रतियोगिता ने जिले के युवाओं में खेल के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, अधिकारियों एवं खेल प्रेमियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## कुरडेग के ग्रामीणों ने झिरकामुण्डा में शराब दुकान खुलने का किया विरोध

**कुरडेग।** कुरडेग प्रखण्ड के ग्रामीणों ने उपायुक्त महोदया को आवेदन देकर कुरडेग पंचायत के झिरकामुण्डा में शराब दुकान खोलने का बिरोध किया है । उपायुक्त महोदया को हस्ताक्षरयुक्त आवेदन में ग्रामीणो ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार जनसंख्या के आधार पर ग्राम पंचायत बड़की बिउरा में शराब दुकान खोलने का आदेश प्राप्त है लेकिन शराब दुकान के मालिक के द्वारा अवैध रूप से कुरडेग पंचायत के झिरकामुण्डा राजस्व ग्राम में शराब दुकान खोला जा रहा है दुकान के अगल - बगल में परिवारिक माहौल है साथ ही प्रखण्ड मुख्यालय के समीप है । दुकान मुख्य पथ में होने से विद्यालय के छात्रों का आवागमन होता है जिससे बच्चों पर गलत प्रभाव पड़ रहा है एवं जिस जगह पर शराब दुकान खोला जा रहा है वहाँ अक्सर विवाद उत्पन्न होता रहता है वहीं शराब दुकान के संचालक द्वारा गाँवों में अवैध तरीके से शराब पहुंचाकर बिक्री कराया जाता है । वहीं ग्रामीणों ने आवेदन में अनुरोध करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार शराब की दुकान पुर्व में निर्धारित ग्राम पंचायत बड़की बिउरा में खोला जाए एवं गाँवों में अवैध रूप से शराब विक्री रोकने की कृपा की जाए।

## गणेश उत्सव का समापन, महिला-पुरुषों की बड़ी संख्या में सहभागिता

**बानो।** नवयुवक संघ गणेश पूजा समिति बड़ाईक टोली द्वारा आयोजित गणेश उत्सव का शुक्रवार को भक्ति भाव से समापन हुआ। प्रतिमा विसर्जन जुलूस बिरसा मुंडा चौक से शुरू होकर मुख्य मार्ग, जयपाल मैदान होते हुए ब्लॉक तालाब पहुँचा, जहाँ विधिवत विसर्जन किया गया। पूरे मार्ग में श्रद्धालु नाचते-गाते, अबीर लगाते और "गणपति बप्पा मोरया" के जयकारे लगाते रहे। जगह-जगह समिति की ओर से प्रसाद का वितरण किया गया। भक्तों ने गणेश जी को अंतिम प्रणाम कर विदाई दी। जुलूस में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए। मौके पर बिगन बड़ाईक, अनिल बड़ाईक, लालमोहन प्रधान, रणजीत बड़ाईक, विनीत बड़ाईक और धीरज सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर सिमडेगा में जारी मेजर ध्यानचंद हॉकी चैंपियनशिप



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** राष्ट्रीय खेल दिवस एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर 20वीं मेजर ध्यानचंद सिमडेगा जिला स्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला हॉकी चैंपियनशिप 2025 का आयोजन हॉकी सिमडेगा एवं जिला खेलकूद विभाग सिमडेगा के संयुक्त तत्वावधान में एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में किया जा रहा है। प्रतियोगिता 29 अगस्त से 10 सितंबर तक चलेगी।शनिवार को दूसरे दिन पुरुष वर्ग के दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा ने फरसापानी को कड़े संघर्ष में 2-1 से पराजित किया। वहीं दूसरे मैच में डिफेंस कॉलोनी की टीम ने कसईदोहर को 5-2 गोल से मात देकर पूरे अंक हासिल किए। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुशीला लकड़ा तथा पूर्व खिलाड़ी स्मिता तिग्गा उपस्थित रहीं। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुकाबलों की शुरुआत कराई।आयोजन समिति ने बताया कि कल तीसरे दिन प्रतियोगिता में कुल 9 मैच खेले जाएंगे। आयोजन को सफल बनाने में मनोज कोणबेगी, पंखरासियुस टोप्पो, कमलेश्वर मांझी, बसंत बा, राहुल मिंज, कुनुल भेंगरा, फ्लेबियस तिर्की, करिश्मा परवार, रोहित बेसरा, बिनोद कुल्लू और मनसुख सुरीन सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।इस चैंपियनशिप में जिलेभर की टीमें भाग ले रही हैं, जिससे खिलाड़ियों में उत्साह और प्रतिस्पर्धा का खासा माहौल देखने को मिल रहा है।

## बानोः शिक्षकों के बीच टैब का वितरण

**बानो।** बीआरसी बानो में प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों के बीच टैब का वितरण किया गया। टैब का वितरण प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तपन सतपती द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि टैब को सावधानीपूर्वक रखा जाए तथा जिन शिक्षकों को इसके संचालन की जानकारी नहीं है, वे अपने सहपाठी शिक्षक से सीख सकते हैं।उन्होंने बताया कि टैब के माध्यम से बच्चों की हाजिरी, शिक्षकों की उपस्थिति, ई-विद्या वाहिनी से जुड़े कार्य तथा विद्यालय संबंधी सभी कार्य आसानी से संपन्न होंगे। मौके पर बीपीएम विकास शरण, बालगोविंद पटेल, सुनीता मड़की, ललिता तोपनो, सुनील तोपनो, डिग्रेट लुगुन, जॉन आईंद सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधान उपस्थित रहे।

# पुलिस ने हब्बा-डब्बा खेल सामग्री के साथ आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** थाना प्रभारी हर्ष कुमार साह ने प्रेस वार्ता में बताया कि 29 अगस्त को वरीय पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी कि कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामजड़ी साप्ताहिक बाजार में अवैध रूप से हब्बा-डब्बा खेल चलाया जा रहा है। सूचना के आलोक में पुलिस टीम गठित कर त्वरित छापामारी की गई। कार्रवाई के दौरान दो व्यक्तियों को मौके से रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिलीप सिंह (25 वर्ष), पिता स्व. इंद्रनाथ सिंह, ग्राम चटकटोली लचरागढ़ तथा सरबान्द नायक (21 वर्ष), पिता सतानंद नायक, ग्राम पाहन



टोली ऐडेगा, थाना कोलेबिरा के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ कोलेबिरा थाना कांड संख्या 73/2025धारा 318(4)/292/3(5) बीएनएस एवं 11 बंगाल जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।मौके से पुलिस ने एक टोकरा, भूरा व हल्का लाल रंग का कपड़ा, हब्बा-डब्बा खेलाने हेतु प्लास्टिक का फाड़, पीले रंग का छह डायस (गोटी) तथा 2600 रुपये नगद (500×1, 200×3, 100×9, 50×5, 20×12, 10×11) जप्त किया।छापामारी दल में पु.अ.नि. टिंकु कुमार वर्मा, स.अ.नि. रामनाथ जोंको, हवलदार रामसागर सिंह, आरक्षी 634 ओस्कर किस्पोट्टा तथा चालक आरक्षी अशोक कुमार लकड़ा शामिल थे।

# पत्नी ने पति पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाई, हालत गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के गेनमेर पंचायत अंतर्गत गंझूटोली में शुक्रवार को हुए पारिवारिक विवाद ने दिल दहला दिया। पत्नी ने अपने ही पति पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। गंभीर रूप से घायल पति को तत्काल ग्रामीणों की मदद से राऊरकेला आईजीएच अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित युवक की पहचान मनोज सिंह (उम्र लगभग 26 वर्ष) के रूप में हुई है। वह करीब चार माह पहले पूजा देवी से विवाह बंधन में बंधा था। शुक्रवार सुबह लगभग 11 बजे जब मनोज अपने घर से दूर एक स्थान पर बैठा हुआ था, तभी उसकी पत्नी वहाँ पहुँची और पेट्रोल छिड़ककर उस पर माचिस जला दी। देखते ही देखते मनोज आग की लपटों में घिर गया।ग्रामीणों ने तत्काल आग बुझाई और घायल मनोज को आनन-फानन में अस्पताल पहुँचाया। घटना की जानकारी मिलते ही गिर्दा ओपी प्रभारी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे और मामले की जाँच शुरू कर दी है।फिलहाल, पुलिस घटना के पीछे के कारणों की पड़ताल कर रही है। उधर, मनोज सिंह का इलाज राऊरकेला आईजीएच अस्पताल में जारी है और उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

# दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर हुई बैठक, लिए गए अहम निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर परिसर में शनिवार को पूर्वाह्न 11 बजे दुर्गा पूजा समिति की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र बड़ाईक ने की।बैठक में उपस्थित समिति के संरक्षक प्रसन्न कुमार सिन्हा ने कहा कि दुर्गा पूजा महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों को तन, मन और धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं पंचायतों में बैठक कर नए सदस्यों को सामाजिक व पूजा कार्यों से जोड़ने पर भी बल दिया।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान उड़ीसा के कारीगरों द्वारा भव्य पंडाल निर्माण, आकर्षक विद्युत सज्जा, धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।बैठक में विभिन्न गांवों के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। राइबहार गांव से



तुलसा नायक, जोराम कुम्हार टोली से सोनू केरकेट्टा, रीपो टोली से बसंत प्रधान, अजीत प्रधान, अलसंगा से बंधु मांझी, बांसपहार से असारु सिंह, दिलीप मांझी, दुबराज पहान, मेरोमडेगा से राजू मेहर सहित कई सदस्यों ने सहयोग से भव्य रूप से दुर्गा पूजा मनाने की बात कही।बैठक में सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इसमें संरक्षक राजू सिंह व प्रसन्न कुमार सिन्हा, सचिव संजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, उपकोषाध्यक्ष मुकेश केसरी, उपाध्यक्ष अमित बड़ाईक, अनील कुमार गुप्ता, मनोज कुमार सिंह व मिथलेश पांडेय सहित कई सदस्य शामिल थे।इसके अलावा विकास सरवन सेनापति, विजय ठाकुर, देवानंद महतो, सचिन केशरी, कृष्णा नायक, रामलखन सिंह, पप्पू शंकर राव, रिंटु सिन्हा, रविन्द्र साहू, नागेन्द्र साहू, पंकज कुमार पांडेय, परमानंद दास, अमन कुमार, पवन केशरी, सुभाष कुमार, अविनाश बड़ाईक, हलधर दास, सागर महतो, छोटेलाल महतो, अभिषेक विश्वास, शिवनारायण तिवारी, पंकज महली, विक्रम सिंह, आकाश दास, सोनू बड़ाईक, मोहन मेहर सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# सिमडेगा में गणेश पूजा पर सलडेगा डिपाटोली में भव्य जागरण कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** गणेश पूजा के उपलक्ष्य में शहर क्षेत्र के सलडेगा डिपाटोली में भव्य जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव आकाश सिंह रहे, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से उन्हें साल ओढ़ाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया।जागरण कार्यक्रम में धनबाद से आए मां अंबे जागरण ग्रुप के कलाकारों ने अपनी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। पूरे कार्यक्रम में भक्तिमय माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर श्रद्धा एवं उत्साह के साथ शामिल हुए।लोगों को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव आकाश सिंह ने कहा कि सृष्टि में प्रथम पूज्य भगवान



गणेश की आराधना से सभी कार्य सफल होते हैं। उन्होंने कहा कि पाँच दिनों तक चलने वाला यह महोत्सव सिमडेगा में उत्साह और खुशी का वातावरण पैदा करता है। साथ ही आयोजन समिति को लगातार 21 वर्षों से इस तरह के भव्य आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएँ दीं।समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि वे निरंतर श्रद्धा एवं सामूहिक सहयोग से गणेश पूजा का आयोजन करते आ रहे हैं और आगे भी इसे और बेहतर स्वरूप में करने का संकल्प लिया गया है।

# न्यूज बॉक्स

## एमवीआई के नेतृत्व में चला सघन वाहन चेकिंग अभियान



**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह के निर्देशानुसार जिला परिवहन विभाग के द्वारा शनिवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। एमवीआई प्रकाश रंजन के नेतृत्व में ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के बोलबा मोड़ के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान सभी छोटे बड़े वाहनों के कागजातों एवं ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की गई। मौके पर वैसे वाहन चालक जो बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाते हुए पकड़े गए उन पर जुर्माना किया गया। साथ ही जिन वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए उन वाहनों पर भी जुर्माना किया गया। चेकिंग अभियान के दौरान कुल 32 वाहनों की जांच की गई। जिसमें 10 वाहनों से 67,901 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

## कोलेबिरा में 2 सितम्बर को दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन

**कोलेबिरा।** प्रखंड संसाधन केंद्र, कोलेबिरा में आगामी 2 सितम्बर 2025, दिन मंगलवार को पूर्वाह्न 9 बजे से दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में 3 से 18 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों की जांच की जाएगी तथा उन्हें निःशुल्क सहायक उपकरण जैसे व्हीलचेयर, कैलिपर, ट्राइसाइकिल, बैशाखी, हियरिंग एड, चश्मा आदि सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।इस संबंध में जानकारी देते हुए थेरेपिस्ट एवं विशेष शिक्षक जयप्रकाश सिंह और प्रमोद भगत ने बताया कि यह शिविर समग्र शिक्षा अभियान, सिमडेगा के समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। शिविर की तैयारी हेतु प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक भी की गई है।उन्होंने शिक्षकों, अभिभावकों एवं समाजसेवी बंधुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में दिव्यांग बच्चों को इस शिविर में लाकर उन्हें लाभान्वित करें।

## साइबर सुरक्षा पर प्राचार्य महोदय का प्रेरक संबोधन




**कोलेबिरा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, कोलेबिरा में दिनांक 30 अगस्त 2025 को आयोजित प्रातःकालीन सभा में विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार सिन्हा ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए प्रेरक संबोधन दिया।उन्होंने कहा कि डिजिटल युग ने जहाँ जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाया है, वहीं इसके दुरुपयोग से उत्पन्न साइबर अपराध गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। विद्यार्थियों को सचेत करते हुए उन्होंने बताया कि मोबाइल पर आने वाले किसी भी संदिग्ध संदेश या लिंक पर क्लिक न करें, अजनबी नंबर से आए संदेशों का उत्तर न दें तथा कभी भी ओटीपी, पासवर्ड या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। उन्होंने सोशल मीडिया का उपयोग सदैव सतर्कता और मर्यादा के साथ करने की सलाह दी।प्राचार्य महोदय ने कहा कि तकनीक स्वयं में बुरी नहीं है। यदि इसका प्रयोग ज्ञानवर्धन, कौशल विकास और रचनात्मकता में किया जाए तो यह जीवन को नई दिशा दे सकती है। उन्होंने यह भी संदेश दिया कि सावधानी ही सुरक्षा है, यदि हम जागरूक रहेंगे तो साइबर अपराध हमसे कोसों दूर रहेंगे।सभा में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने बड़े ध्यान से उनके विचारों को सुना। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी इस पहल को सराहनीय बताया और माना कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों को न केवल जागरूक नागरिक बनाती हैं, बल्कि उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार करती हैं।

## गोंडवाना छात्रावास चंद्रनगर खैरन टोली में करम पूर्व मिलन समारोह का आयोजन

**सिमडेगा।** झारखंड प्रदेश गोंड आदिवासी महासभा सिमडेगा के तत्वावधान में आज रविवार को गोंडवाना छात्रावास, चंद्रनगर खैरन टोली परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी करम पूर्व मिलन समारोह 2025 का आयोजन किया जाएगा।समारोह में सिमडेगा जिले के गोंड समाज की सभी मोहल्ला समितियों के बंधु-बंधव बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस अवसर पर पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप पर नृत्य एवं संगीत प्रस्तुत किए जाएंगे। साथ ही प्रतिभागी समितियों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा।आयोजन को लेकर महासभा की अध्यक्ष विमला प्रधान एवं महासचिव जगमोहन भोय ने संयुक्त रूप से जानकारी दी और सभी समाज बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

## ॐकार दुर्गा पूजा समिति की हुई बैठक धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने का लिया निर्णय

**सिमडेगा।** शुक्रवार को शहरी क्षेत्र स्थित नगर भवन में आगामी दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ओमकार दुर्गा पूजा समिति की एक बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष सोनी वर्मा के द्वारा की गई। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा का त्यौहार धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वप्रथम कमेटी के विस्तार को लेकर विचार विमर्श किया गया जिसमें सभी की सर्व सहमति से पूर्व की कमेटी को ही अगले तीन वर्षों के लिए विस्तार किया गया। वहीं बैठक के दौरान पूजन पंडाल के साज-सज्जा एवं पूजा के दौरान की जाने वाली सभी तैयारीयों को लेकर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा का त्यौहार धूमधाम एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा।अंत मे बैठक का समापन माता के जयघोष के साथ कि गई। बैठक में मुख्य रूप से कमीटी के संरक्षक ओमप्रकाश साहू, दीप नारायण दास,धर्मेंद्र प्रसाद,सुदर्शन सिंह,पिंटू सिंह,सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नेत्रदान महादान का संदेश देने निकली प्रभात फेरी

**सिमडेगा।** नेत्रदान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग सिमडेगा द्वारा शनिवार को प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत चल रहे राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसे 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक पूरे देशभर में मनाया जा रहा है।15 दिवसीय इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को नेत्रदान के महत्व के बारे में जानकारी देना और अधिक से अधिक व्यक्तियों को अपनी आंखें दान करने के लिए प्रेरित करना है। इसी कड़ी में आज सिमडेगा सदर अस्पताल परिसर से प्रभात फेरी निकाली गई। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. सुंदर मोहन समाद ने हरी झंडी दिखाकर फेरी को रवाना किया।प्रभात फेरी शहरी क्षेत्रों से होकर गुजरी और लोगों को नेत्रदान से होने वाले लाभों के बारे में बताया। नारे और संदेशों के माध्यम से लोगों को समझाया गया कि नेत्रदान के जरिए अंधेपन की समस्या से जूझ रहे लोगों को नई रोशनी मिल सकती है।सिविल सर्जन ने इस अवसर पर कहा कि कोई भी व्यक्ति कॉर्निया दान कर सकता है और यह "दृष्टि का उपहार" किसी के जीवन को बदल सकता है। उन्होंने कहा कि नेत्रदान महादान है और हर व्यक्ति को इस दिशा में आगे आकर समाज के लिए उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए।

## तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आगाज

**बानो।** प्रखंड के खेल समिति जराकेल बगीचाटोली के तत्वावधान में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी सह लोक गायक रूपेश बड़ाईक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच कनारोवां बालिका टीम और केबेटांग बालिका टीम के बीच खेला गया, जिसमें कनारोवां टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2–0 से जीत दर्ज की और अगले दौर में प्रवेश किया।टूर्नामेंट को सफल बनाने हेतु समिति अध्यक्ष अनूप सिंदुरिया, सचिव अनिल मघईया, कोषाध्यक्ष टिंकू जी, सुरेंद्र, मनीष, कुलदीप सिंदुरिया, विकास मघईया सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। मौके पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी जुटे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# उपायुक्त ने सीएसआर के सहयोग से अंतरर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को किया सहयोग



लोहरदगा। उपायुक्त डॉ ताराचंद ने दो अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभावान खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आने जाने का टिकट सीएसआर कार्यक्रम अंतर्गत सहयोग प्रदान किया। इसमें हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के सहयोग से पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी संजना कुमारी को बीजिंग एवं बोसिया बॉल खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सुमन प्रजापति को ऑस्ट्रेलिया के लिए सहयोग से किया गया। लोहरदगा निवासी संजना कुमारी अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता बीजिंग में भारत का प्रतिनिधत्व करेंगी।संजना मौजूदा समय में पैरा बैडमिंटन खेल में विश्व रैंकिंग में 12 वीं स्थान पर हैं, जो लखनऊ स्थित प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण ले रहीं हैं। इसी तरह बोसिया बॉल के अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी सुमन प्रजापति ऑस्ट्रेलिया में प्रतियोगिता में भाग लेंगे। दोनों खिलाड़ियों ने जिले के उपायुक्त एवं हिंडाल्को को धन्यवाद प्रकट किया। इस मौके पर अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, हिंडाल्को सीएसआर प्रमुख

## घर के सामने से अज्ञात चोरों ने ट्रैक्टर की चोरी की

**अनगड़ा।** अनगड़ा थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम गेतलसुद निवासी तिरथनाथ महतो के घर के सामने से एक ट्रैक्टर को रात्रि में किसी अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई। उक्त घटना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पु०उ०महानिरीक्षक-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक राँची के द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रॉंधी के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। तकनिकी शाखा एवं गुप्तचरों के माध्यम से दिनांक 29.08.2025 को बोकारो जिला के महुआटॉंड़ थाना से दो को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से पुछ-ताछ करने पर इनके द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया और बताया कि इन दोनों ने मिलकर ट्रेक्टर चोरी की घटना को अंजाम दिया, उसके बताये अनुसार एवं उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर इस काण्ड में शामिल कबाड़ी दुकानदार एवं अन्य 02 सहयोगियों को राँची से गिरफ्तार किया गया है।

# खेलो झारखंड के दूसरे दिन अंडर 17 व 19 के लिए प्रतियोगिता आयोजित

**बरही ।** खेलो झारखंड के तहत आयोजित तीन दिवसीय प्रखंडस्तरीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन अंडर-17 वर्ष के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. जिसमे प्रखंड के करीब 20 उवि, बालिका व उउवि के 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता के दूसरे दिन भीं 100, 200, 400, 800 मीटर के दौड़, 4 x 100 मीटर रिले रेस, शॉट पुट, डिस थ्रो, भाला फेंक, वॉलीबॉल, कबड्डी व खो खो आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. उक्त जानकारी देते हुए स्पोर्ट्स प्रभारी बीपीएम अरुण कुमार ने बताया कि 1500 मीटर के बालक वर्ग में प्लस तू उच्च विद्यालय बरही के रॉकी कुमार प्रथम, प्लस टू उच्च विद्यालय करियातपुर के सागर कुमार द्वितीय, बालिका वर्ग में प्लस 2 उवि बरही की अमीषा कुमारी प्रथम, पीएमश्री उवि विजैया की लक्ष्मी कुमारी द्वितीय व केजीबीभी बरही की लक्ष्मी तृतीय, 100 मीटर के बालक वर्ग में पउवि गौरियाकरमा के प्रिंस कुमार प्रथम, पीएम श्री विजैया के राहुल कुमार द्वितीय, उवि बरही के नितिन कुमार तृतीय, बालिका वर्ग में अमीषा कुमारी उवि बरही प्रथम, शिवानी कुमारी केजीबीभी द्वितीय, सुनीता अम्बे उउवि खोड़ाहार तृतीय, 3000 मीटर के बालक वर्ग में विकास कुमार उवि बरही प्रथम, अर्जुन रविदास पीएम श्री विजैया, द्वितीय बालिका वर्ग में खुशबू कुमारी उवि बरही प्रथम, सुनीता कुनारी केजीबीभी द्वितीय, नेहा कुमारी पीएम श्री विजैया तृतीय तथा 800 मीटर बालिका वर्ग में खुशबू कुमारी उवि बरही प्रथम, संतोषी कुमारी पीएम श्री और रीना कुमारी केजीबीभी तृतीय स्थान प्राप्त किया. वहीं शॉट पुट बालक वर्ग में धनंजय कुमार उवि बरही प्रथम, सुजल कुमारी सीएमएसओई बुंडू द्वितीय, ऊंची छलांग में लक्ष्मी कुमारी केजीबीभी प्रथम स्थान लाई.

# न्यूज बॉक्स

## पुलिस ने दो फरार वारंटियों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र में समकालीन छापेमारी अभियान के दौरान पुलिस ने दो अलग अलग मामले में न्यायालय के फरार वारंटी को गिरफ्तार किया। थानाप्रभारी पंकज सिंदुरिया ने बताया कि न्यायालय के फरार वारंटी किशोर प्रसाद पिता बाबूलाल महतो ग्राम कपका और विकास राणा पिता लखन राणा ग्राम बेड़ोकला को समकालीन अभियान चलाकर गिरफ्तार किया गया। वारंटियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## कोनहारा खुर्द पंचायत के पूर्व मुखिया रघुनाथ सिंह के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम घंघरी निवासी कोनहराखुर्द पंचायत के पूर्व मुखिया रघुनाथ सिंह के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई. समाजसेवी दिवंगत मुखिया रघुनाथ सिंह पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे. जिसका इलाज के क्रम में 29 अगस्त को हजारीबाग के अस्पताल में निधन हो गया. दिवंगत मुखिया वर्ष 2015 से वर्ष 2022 तक कोनहराखुर्द पंचायत के मुखिया थे. वह 1985 से भाजपा के सक्रिय वरिष्ठ कार्यकर्ता भी रहे. जिनका अंतिम संस्कार शनिवार को पैतृक गांव घंघरी स्थित श्मशानघाट में कर दिया गया. जिनके निधन पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी, जिप सदस्य प्रतिनिधि सीके पांडेय, पूर्व प्रमुख प्रीति गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर प्रसाद साहू, दर्शन सोनी, पूर्व मुखिया बसंत साव, गोपाल प्रसाद, झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता, मुखिया सुमन कुमार, शिक्षक यमुना साव, झारखंड आंदोलनकारी धीरेन्द्र पांडेय, मुकेश सिंह, सतीश सिंह, आदित्य सिंह समेत अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है.

## खाद्य सुरक्षा को लेकर करियातपुर में विशेष अभियान



**बरही ।** डीसी एस पी सिंह के निर्देश पर जिले के विभिन्न के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष खाद्य सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में करियातपुर बाजार में भी डॉ. शशि जायसवाल अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी की अगुवाई में जागरूकता अभियान चलाया गया. इस अभियान में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मो. मंजर हुसैन भी साथ थे. अभियान के दौरान ठेला-खोमचा, होटल इत्यादि में बने हुए सामग्रियों की जानकारी, स्वच्छता और बर्तन की साफ सफाई इत्यादि की जानकारी ली गई. साथ ही समान को सुरक्षित और स्वच्छ रखने के तरीके बताए गए. साथ ही संचालकों की व्यक्तिगत सफ़ाई सहित दुकान व आस पास के परिसर की स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए. इस कार्य में डाटा एंट्री ऑपरेटर विकाश शर्मा व सुरज कुमार ने सहयोग किया. इस अभियान के दौरान 5 दुकानों को खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने के लिए नोटिस तथा 2 दुकानों से खाद्य सामग्री के सैंपल लिए गए. जिसे जांच के लिए लैब भेजा जाएगा. खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि खाद्य सामग्रियों के गुणवता के साथ समझौता बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है.

### केंद्रीय समाज कल्याण मंत्रालय की योजनाओं से लाभान्वित हुए लाभुक

# दिव्यांगजनों व कमजोर वर्गों को सीधे लाभ पहुंचा हमारा लक्ष्य : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं सांसद हजारीबाग मनीष जयसवाल, बरही विधायक मनोज कुमार यादव, बड़कागांव विधायक रोशललाल चौधरी, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, बगोदर विधायक ने शनिवार को दिशा की बैठक उपरांत जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत चयनित लाभुकों को सहायता प्रदान की। समुदाय आधारित कार्यक्रम के अंतर्गत मंत्री एवं सांसद हजारीबाग के द्वारा चांदनी प्रवीण (ग्राम पंचायत मंदईखुर्द) एवं लाडली खातून (ग्राम पंचायत मंदईकला) की गोदभराई की गई। इसी क्रम में साईं निधि एवं प्रेम कुमार (ग्राम पंचायत नगवां) का अन्नप्राशन कराया गया। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत खुशी कुमारी एवं चांदनी कुमारी को लाभान्वित किया गया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत सोनी देवी एवं पुनम कुमारी को सहायता प्रदान की गई। वहीं मुख्यमंत्री दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत कुणाल सिन्हा, राकिब असरफ एवं शाजिया प्रवीण को यंत्र-उपकरण उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि समाज कल्याण विभाग की ये योजनाएँ ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं, दिव्यांगजनों एवं कमजोर वर्गों को सीधे लाभ पहुंचा रही हैं। उन्होंने कहा कि कमजोर वर्गों व दिव्यांगों को लाभ पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है। इससे सामाजिक सशक्तिकरण एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक योग्य लाभुक तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुँचे, ताकि अधिक से अधिक परिवार इन योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद उपाध्यक्ष,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## ऑक्सीजन पार्क में रस्सा कस्सी मैच का आयोजन



रांची। खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड सरकार के तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर ऑक्सीजन पार्क, मोरहाबादी में रस्सा कस्सी मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खेल निदेशक शेखर जमुआर ने सभी विजेता टीम के खिलाड़ियों को पदकऔर ट्रॉफी देकर सम्मानित किए। विभाग के उपनिदेशक राजेश कुमार ने स्वागत भाषण दिए। अंत में जिला खेल पदाधिकारी,राँची शिवेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर तपन कुमार राउत ,हरीश कुमार सिंह , मुकेश कुमार ,आशीष बनर्जी, कुश साहू ने निर्णायक की अहम भूमिका निभाई ।तपन कुमार ने मैच का संचालन किया ।मंच का संचालन हरीश कुमार ने किया । इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीम भाग ली। बालक वर्ग में प्रथम स्थान खूंटी ,द्वितीय स्थान राँची रहा जबकि बालिका वर्ग में प्रथम स्थान गुमला, द्वितीय स्थान पर राँची रहा।

## रंगदारी के लिए दवाब बनाने को लेकर अपराधियों ने की गोली बारी



**रामगढ़।** सीसीएल सौंदा स्थित एक क्रेशर में शुक्रवार देर रात अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि यह घटना रंगदारी के लिए दवाब बनाने के लिए की गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक रात्रि 10:30 बजे क्रेशर के निकट 4 राउंड फायरिंग की आवाज आयी। घटना स्थल पर एक पर्चा भी बरामद हुआ है जिससे घटना में राहुल दुबे गैंग के शामिल होने की बात कही जा रही है। घटना की सूचना के बाद पुलिस ओपी क्षेत्र की नाकेबंदी कर सघन तलाशी अभियान चला रही है। गोलीकांड की घटना के बाद सीसीएल सौंदा स्थित सौंदा बी साइडिंग बंद हो गया ।जिसका प्रभाव सीसीएल के ट्रांसपोर्टिंग पर भी पड़ा। मालूम हो कुछ दिनो पूर्व राहुल दुबे गैंग ने सयाल में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनी के गेट में फायरिंग की थी ।

### तेतुलमुड़ी मौजा के पुनर्वास पर बनी सहमति, तीन को होगा स्थल निरीक्षण

**धनबाद।** तेतुलमुड़ी बस्ती के रैयतों को विस्थापन एवं पुनर्वास को लेकर शनिवार को सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में सिजुआ महाप्रबंधक निर्झर चक्रवर्ती के साथ वार्ता हुई, वार्ता में रैयतों को प्रति परिवार अर्थात प्रति वार्डी के अनुसार कितनी भूमि पुनर्वास के लिए उपलब्थ करायी जायेगी, इस पर प्रबंधन ने कहा कि आरएंडआर कमेटी द्वारा इसकी जानकारी दी जायेगी. इसके लिए नगरीकला मौजा में पुनर्वास स्थल देखने के लिए तीन सितंबर को तिथि निर्धारित की गयी।

# जमामो माता मंदिर जा रहा ऑटो पलटा दो श्रद्धालुओं की मौत, 11 घायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**गिरिडीह।** प्रसिद्ध जमामो माता मंदिर जा रही एक ऑटो पलट गई. इस घटना में एक महिला एवं एक पुरुष की मौत हो गई. जबकि 11 लोग घायल हो गए. घायलों में से पांच को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया हैं. मृतकों में रुक्मणी देवी और शनिचर रजक शामिल हैं. घटना शनिवार के पूर्वांहन तिसरी के हथियागढ़ घाटी की है. जानकारी के अनुसार, शनिवार को कुछ लोग धनवार के पचरूखी से ऑटो पर सवार होकर जमामो माता मंदिर जा रहे थे. वाहन जैसे ही हथियागढ़ घाटी में पहुंची तो चालक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई. इस घटना में रुक्मणी और शनिचर ने दम तोड़ दिया. जबकि बबीता देवी, फूलन देवी, देवन्ति देवी, शोभा देवी, सुशीला देवी समेत 11 लोग घायल हो गए. सभी को इलाज के लिए धनवार रेफरल अस्पताल लाया गया. यहां से गंभीर रूप से जख्मी पांच महिलाओं को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया. रंजय कुमार, थाना प्रभारी, तिसरी ने कहा कि जमामो माता मंदिर जा रही ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गई. ऑटो पर 13-14 लोग सवार थे. घटना की सूचना पर तुरंत तिसरी थाना की टीम पहुंच गई. सभी को धनवार ले जाया गया. कुछ घायलों को गिरिडीह ले जाया गया है. इस घटना में दो की मौत हो गई जबकि 11 लोग घायल हैं. इधर, घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक राजकुमार यादव अस्पताल पहुंचे. यहां मृतक के परिजनों से मुलाकात की तो घायलों का हाल भी जाना. राजकुमार यादव ने घायलों का बेहतर इलाज को लेकर चिकित्सक से बात भी की।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

**बरही।** कार्यक्रम के तहत पोषण व शिक्षा पर आधारित प्रखंड के आंगन बाड़ी सेविकाओं के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हुआ. जिसका शुभारंभ बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ जयपाल महतो ने गुरुवार को नगर भवन बरही में किया था. उक्त जानकारी देते हुए एलएस अनुराधा कुमारी ने बताया कि यह तीसरा और अंतिम प्रशिक्षण बैच था. इसके पूर्व 21 से 24 को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए थे. प्रत्येक बैच में 40 सेविकाओं को प्रशिक्षित किया गया. बतौर मुख्य प्रशिक्षक एलएस ने बताया कि प्रशिक्षण "पोषण भी-पढ़ाई भी" की पहल पर आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के लिए आयोजित किए गए थे. प्रशिक्षण के दौरान आँगनबाड़ी सेविकाओं से नीति आयोग के आकांक्षी प्रखंड के सूचकांक सहित, बच्चों की पोषण से संबंधित निगरानी, पोषण ट्रैकर ऐप का उपयोग करके पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं की दैनिक निगरानी, पोषण वाटिका, मातृ वंदना योजना के प्रगति में सुधार लाने आदि के कई आवश्यक जानकारी देते हुए अनुपालन करने का निर्देश दिया गया.

# विद्युत ऊर्जा चोरी मामले में फिर छः लोगों के खिलाफ दर्ज हुई प्राथमिकी

बरही । जेबीएनएल मुख्यालय रांची के निर्देशानुसार विद्युत चोरी के खिलाफ बरही एसडीओ (ई) सौरभ लिंडा व चौपारण एसडीओ (ई) सत्यनारायण भोगता की दो विभिन्न टीम गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में औचक छापेमारी अभियान चलाया. इस दौरान बरही एसडीओ की टीम ने 6 और चौपारण एसडीओ की टीम ने 10 लोगों को अवैध रूप से बिजली उपभोग करते पकड़ा. जिनके खिलाफ शुक्रवार को बरही थाना में आवेदन देते हुए भारतीय विद्युत अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करवाई गई. एसडीओ श्री लिंडा के आवेदन पर गुड़ियों के मुख्तार मियां पिता रहीम मिया, करम सिंह पिता रामलाल सिंह, रामेश्वर रविदास पिता जागो रविदास, किसुन राम पिता तेज़न राम तथा विजैया के अजय कुमार कुशवाहा पिता नुनू महतो, काली प्रसाद पिता खेमन महतो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई. वहीं चौपारण टीम में शामिल बरही जेई अभिषेक आनंद के आवेदन पर बरियठ्ठा के मनोज यादव पिता शंकर यादव, सरयू ठाकुर पिता लाखो ठाकुर, हीरालाल यादव पिता सी यादव, सरयू यादव पिता बाबू यादव, रामेश्वर यादव पिता श्यामलाल यादव और महादेव यादव पिता बाबू यादव के खिलाफ मामला दर्ज किए गए हैं.

## अभियुक्तों के पास से विभिन्न कंपनियों की पांच मोबाइल बरामद

**रांची।** शनिवार को पु०नि० सह थाना प्रभारी अरगोड़ा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय, राँची के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक नगर, रांची द्वारा गठित टीम के द्वारा पुलिस उपाधीक्षक हटिया, रांची के नेतृत्व में छापामारी कर 1. राहुल कुमार उम्र करीब 20 वर्ष, पिता प्रभु राम, पता ग्राम - गंडामन थाना- मसरख, जिला-छपरा (बिहार) के पास से 5 कि०ग्रा० गांजा बरामद कर विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं नामजद के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू पीड़ित किशोर के माता-पिता के खून का सैंपल लिया

**धनबाद।** कनकनी आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य टीम शनिवार लोयाबाद आठ नंबर गुलजार मोहल्ला पहुंची. टीम में शामिल स्वास्थ्यकर्मियों और सहियाओं ने डेंगू पीड़ित किशोर के माता-पिता के खून का सैंपल ले कर जांच करने के भेज दिया. स्वास्थ्यकर्मियों ने डेंगू और इस बरसात में होने वाली तरह तरह की बीमारियों से मोहल्ले के लोगों को जागरूक किया.

# धनबाद के एसएनएमएमसीएच में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल खत्म , स्वास्थ्य सेवाएं बहाल

- **जूनियर डॉक्टरों का कहना है कि भय मुक्त होकर मरीजों की सेवा कर सके इसके लिए डीसी से सुरक्षा की मांग की गई. जिस पर डीसी द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया है**

**नवीन मेल संवाददाता**



**धनबाद।** एसएनएमएमसीएच में जूनियर डॉक्टरों ने अपनी हड़ताल खत्म कर दी है. अस्पताल में अब ओपीडी सेवा शुरू कर दी गई है और मरीजों का इलाज किया जा रहा है. इससे पहले गुरुवार की रात मरीज की मौत के बाद परिजनों ने जूनियर डॉक्टरों के साथ जमकर मारपीट करते हुए बवाल काटा था. जिसमें आधा दर्जन जूनियर डॉक्टर घायल हो गए थे. इस घटना के विरोध में एसएनएमएमसीएच के जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल करते हुए ओपीडी सेवा को बंद कर दिया था. डॉक्टरों की मांग थी कि मारपीट घटना के दोषियों, ड्यूटी में तैनात होमगार्ड, पुलिस जवानों पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं. इस घटना को लेकर एसएनएमएमसीएच अधीक्षक और जूनियर डॉक्टरों के बीच डीसी कार्यालय में वार्ता हुई. इस दौरान डॉक्टरों ने डीसी को घटना से अवगत कराया. जिस पर डीसी ने सुरक्षा व्यवस्था के साथ घटना के समय गायब होमगार्ड और पुलिस जवानों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया. सकारात्मक वार्ता के बाद जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल को समाप्त करते हुए ओपीडी सेवा को चालू कर दिया है. इस संबंध में जूनियर डॉक्टरों ने कहा कि भय मुक्त होकर मरीजों की सेवा कर सके, इसके लिए डीसी से सुरक्षा की मांग की गई. जिस पर डीसी द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया है. जिसके बाद सभी जूनियर डॉक्टर हड़ताल को समाप्त करते हुए ओपीडी सेवा को शुरू कर दिया गया है. वहीं एसएनएमएमसीएच अधीक्षक ने कहा कि डीसी ने सभी सुरक्षा व्यवस्था के साथ होमगार्ड की संख्या बढ़ाने, इमरजेंसी में हूटर, सीसीटीवी कैमरे को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया है. सभी सेवाओं को फिर से बहाल कर दिया गया है.

## जय श्रीराम समिति ने जरूरतमंद मरीज को ब्लड देकर दिखाई इंसानियत

**लोहरदगा।** मानव सेवा को ही सर्वोच्च मानते हुए जय श्रीराम समिति ने एक बार फिर मिसाल पेश की। जानकारी के अनुसार, लातेहार जिला बालूमाथ के नायक चौक निवासी स्वर्गीय लखन नायक की पुत्री प्रिया कुमारी सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत हैं। इलाज के दौरान चिकित्सकों ने खून की कमी बताई, जिससे परिवारजन परेशान हो उठे। ऐसे समय पर परिजनों ने समिति के सदस्य ओम महतो से संपर्क किया। तत्काल पहल करते हुए नगर कमेटी उपाध्यक्ष दिग्गज सिंह ने एक यूनिट रक्तदान कर पीड़िता की जान बचाने में सहयोग किया। समिति पदाधिकारियों ने मरीज और उसके परिवार से मुलाकात कर हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा कि समिति के कारण गरीब और जरूरतमंद परिवारों को रक्त के लिए भटकना नहीं पड़ता। जानकारी मिलते ही समिति के सदस्य तुरंत सक्रिय हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि सेवा ही समिति की पहचान है और समिति के युवा हर समय तैयार रहते हैं।

**GOVT.OF. JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Gumla**

**Very Short E-Quotation No. 05/2025-26**

Rates through e-quotations are invited for Materiel category for (A) Repairing of 17.5 HP VT pump set, S/F control panel etc. and other allied works at Raw Water Pumping Plant W/S scheme NADIYA.(B) Repairing of 50 HP C/F motor pump set No-2, 10 HP VT pump set No-1,Control panel,FASD starter etc. and other allied works at Rural W/S scheme Kuru. (C) Renovation of electro -mechanical items of Bhandra rural water supply scheme Lohardaga. Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plant replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in . Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 02.09.2025 at 2:00 hrs. to 09.09.2025 at 3:30 hrs. The quotation will be opened on 10.09.2025 at 3:30pm Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Gumla.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,
Gumla

PR 360861 (Water Resource)25-26*D

# पहली हरितालिका तीज की यादें तब और अब

आज संगिनी के 'दिल चाहता है' कालम को पढ़कर मुझे अपने विवाह के शुरुआती दिनों की याद ताजा हो आई.जब मैंने भी हरितालिका तीज का व्रत रखा था तब उसकी गहराई को नहीं समझ पाई थी, बस अच्छे कपडे ,गहने पहन कर भूखी रहना और पूजा के बाद एक एक मिनट घडी देखते गुजारना याद रह गया है.भोर की प्रतीक्षा इतनी आतुरता से तो कभी हाईस्कूल की परीक्षाओं में भी नहीं की थी. भोर होते ही जल्दी से नहा धो, दान की सामग्री को छूकर माँ के हाथों बनाये गए स्वादिष्ट भोजन को सबसे पहले खाकर एक लम्बे पर कठिन अनुष्ठान की समाप्ति पर राहत की सांस लेती स्मृतियों के झरोखे से झांकती वे यादें आज भी मन में स्नेह व् अनुराग की हिलोरें बन गुदगुदा जाती हैं. तब सोलह वर्ष की कच्ची उम्र और जिन्दगी की अनुभव हीनता ने प्रेम की परिपक्वता और निष्ठा के विषय में जाना ही क्या था?..पर पति के असीम स्नेह और प्रेरणा ने मेरे जीवन की राह सरल बना दी.अब मै बड़े ही स्नेहिल भाव से निष्ठां पूर्वक तीज व्रत करती हूँ,पूजा,व्रत, सुहाग -दान ,सभी बड़े नियम पूर्वक ,निपटाती हूँ.और माँ पार्वती की पूजा भी करती हूं।''देहि सौभाग्यंमारोग्यम देहि में परमम् सुखं, रूपं देहि, जयं देहि यशो देहि, द्विषो जहि'। भोर में सरगही खाकर प्रसाद बनाना, गुझिया ठेकुआ और फलों को धोकर साफ कर डलिया में सजाना सब बहुत ही अनुशासित और नियमानुसार करती हूं। तीज व्रत की कथा भी मैं ही सुनाती हूं सबको। भगवान शिव को वर रुप में प्राप्त करने के लिए देवी पार्वती का प्रेम की पराकाष्ठा तक समर्पित और साधनारत होना अभिभूत करता है। सच कहूँ तो इन छोटी छोटी खुशियों ने ही मेरे घरौंदे का निर्माण किया है, ..जीवन साथी का साथ गृहस्थी के ऊँचे नीचे रास्तों को आसान बना देता है। मेरी अल्पवय की अनुभवहीनता ने ऐसी कई हास्यास्पद स्थितियां उत्पन्न की हैं, कभी कच्चे चावल तो कभी जली सब्जी, विश्व के नक्शों की बेडौल रोटियाँ। इन सबको मेरे पति ने झेला है, और मेरी गलतियों को सुधारा भी है। आज मेरा दिल चाहता है कि ईश्वर मुझे जिन्दगी के इतने दिन तो अवश्य दे ताकि मैं अपने सुहाग की लालिमा में एक सूरज की तरह तप कर आजीवन उनके अधरों पर मुस्कान, खुशी की किरण बन खिलती रहूँ, उनके आंसुओं को मेरी पलकों से पनाह मिले.उसी तरह इस दिन हर सुहागन भगवान शिव और पार्वती से अपने पति की लम्बी उम्र की याचना करती है। हरितालिका व्रत न केवल आध्यात्म से जुडा है बल्कि आपसी संबंधों के सशक्त निर्वहन ,दाम्पत्य जीवन की मधुरता से भी जुडा है। वस्तुतः व्रत, तप, उपवास हमारी आत्मिक शुद्धि के लिए होते हैं,और हमें जुड़ कर सामाजिक समरसता का सन्देश भी देते हैं।



पद्मा मिश्रा

# दहेज! हमें नहीं चाहिए



स्मिता



सौम्या के माता-पिता संजय खुराना और नैना खुराना का स्वागत कपूर साहब और उनके परिवार ने बड़ी गर्मजोशी से किया। अंश कपूर ने कहा-"खुराना साहब, आपका बहुत स्वागत है।हम लोग मंगनी से शादी तक के सभी रस्मों और आयोजन स्थल पर बात कर लें। पंडित जी भी आते होंगे,तिथि भी तय हो जाए।"

"जी जी बिल्कुल कपूर साहब"- खुराना साहब मुस्कुरा दिए।

"मंगनी के लिए जगह सोच लिया क्या आपने?"- राशि कपूर ने बात आगे बढ़ाई।

"अभी कहां,हमने सोचा आज मिल ही रहे हैं मंगनी और शादी दोनों की जगह तय कर लेते हैं।"- खुराना साहब ने कहा।

"दोनों परिवारों की सहमति से जगह तय हो तो बढ़िया रहेगा।"-निशा खुराना बोल पड़ीं।

"मंगनी में तो हमारे तरफ से परिवार के लोग और कुछ खास दोस्त ही होंगे।क्यों ना रेडिशन ब्लू बुक कर लें? क्या कहते हैं खुराना साहब!"-कपूर साहब ने कहा।

"हां हां क्यों नहीं। मैं देख लेता हूं फिर।"- खुराना साहब ने कहा।

"शादी के लिए भी जगह सोच ही लेनी चाहिए हमें। आजकल बुकिंग बहुत मुश्किल होती जा रही है। अच्छी जगह पर बुकिंग बहुत जल्दी भर जाती है।"- राशि कपूर ने कहा।

"मंगनी में हमारे तरफ से 70 - 80 लोग होंगे। ठीक है ना खुराना साहब!"- खुराना साहब को देखते हुए कपूर साहब ने कहा।

"अरे बिल्कुल ठीक है 40 - 50 हमारे मेहमान होंगे। मैं उसी हिसाब से बात कर लेता हूं होटल में"-खुराना साहब ने कहा।

"शादी के लिए क्यों ना आप लोग हमारे शहर ही आएं"-निशा खुराना ने कहा।

"हमें तो कोई परेशानी नहीं।बस आप बच्चों से पूछ लें। आजकल के बच्चे डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए ज्यादा उत्सुक रहते हैं। हमें तो भाई बारात लेकर आना है। फिर चाहे आपके शहर आएं या फिर कहीं और। हमारे लिए तो एक ही बात है।"- कपूर साहब ने कहा।

"जैसी सभी की मर्जी। जगह कुछ सोचा है क्या?"- खुराना साहब ने पूछा।

"जयपुर या गोवा कैसा रहेगा?"-राशि का पूर्ण सलाह देते हुए पूछा।

"मेरे विचार से तो जयपुर ज्यादा सही रहेगा।आने जाने की सुविधा ज्यादा सही है। ट्रेन और हवाई जहाज की सुविधा भी है। साथ ही वहां पर काफी अच्छे होटल भी हैं। अगर आप लोग सहमत हों तो मैं होटल देख लेता हूं।"- खुराना साहब ने कहा।

"बढ़िया रहेगा। मुझे भी सही लग रहा है। है ना"कपूर साहब ने राशि कपूर की तरफ देखते हुए कहा।

राशि का पूर्ण सहमति में मुस्कुराते हुए अपना सर हिला दिया।

"ठीक है फिर मैं जयपुर का देख लेता हूं। कितने मेहमान आपके होंगे बता दीजिएगा ताकि मैं उसे हिसाब से कमरे और बाकी व्यवस्था देख लूं।"- खुराना साहब ने अपनी बात रखी।

"चलें बढ़िया। अब मंगनी और शादी की खरीदारी पर बात कर ली जाए। मंगनी की अंगूठी चलकर तनिष्क से हीरे की ले ली जाए तो कैसा रहेगा। मेरी बहू के लिए भी कुछ जेवर मैं ले लूंगी। बल्कि ऐसा करती हूं आपके यहां आ जाती हूं जल्दी ही।सौम्या के साथ ही उसके जेवर कपड़े ले लूंगी। आप भी बेटी दामाद के जेवर कपड़े ले लेना साथ ही शगुन की चीजें भी जरा देख लीजिएगा। वैसे तो हमें कुछ नहीं चाहिए लेकिन कुछ रस्म रिवाज तो होते ही हैं। रिश्तेदारों को कुछ कहने का मौका नहीं दिया जाना चाहिए। आप लोग समझ रहे हैं ना!"- राशि कपूर ने अपनी बात मुस्कुराते हुए कही।

खुराना पति पत्नी ने एक दूसरे को देखा। आंखों आंखों में ही मुस्कुरा दिए। जैसे कह रहे हों,देख लो!

खुराना साहब ने कहा,"बिल्कुल हम समझ रहे हैं समधन जी।"

आप बता दीजिएगा किस-किस को क्या शगुन देना है हमारी तरफ से। रोहन की खरीदारी हम भी उसकी पसंद से ही करवा देंगे। पहनना उसे है तो उसकी पसंद तो होनी ही चाहिए।"- नैना खुराना ने कहा।

"चलें फिर, सब तय हो ही गया। मेन्यु जब फाइनल कीजिएगा तब बात कर लीजिएगा एक बार। ठीक है ना? बैंड वाले से भी बात कर लीजिएगा।वहां होटल वाले बता देंगे। हम बाहर से आकर क्या-क्या करेंगे। आप ही देख लीजिएगा।"- कपूर साहब ने कहा।

"जरूर जरूर कपूर साहब। आप बस मंगनी और शादी में आने की तैयारी करें। हम लोग सारा इंतजाम करके रखेंगे। आपको शिकायत का कोई मौका नहीं देंगे।"खुराना साहब बोले।

"हमें पूरा भरोसा है आप पर। आप जो कुछ करेंगे अच्छा ही होगा। बस ऐसा है कि रिश्तेदारों को मौका ना मिले बोलने का। इसलिए ही इतना कुछ कहा।वैसे तो आप खुद समझदार हैं।"-कपूर साहब ने कहा। "सब कुछ तय हो गया अब तो।अब हमें इजाजत दीजिए।"- खुराना दंपति ने हाथ जोड़ खड़े होते हुए कहा।कपूर परिवार ने भी अभिवादन कर उन्हें विदा किया।

गाड़ी में बैठ थोड़ा आगे बढ़ने पर नैना खुराना ने पूछा,"कितने का बजट हो गया हमारा!" खुराना साहब ने कहा,"बजट तो बहुत बढ़ गया है। लेकिन चलो देखते हैं।" नैना खुराना ने कहा बिना दहेज वाली शादी इससे तो दहेज वाली शादी भली और दोनों हंस पड़े।

# यू नॉटी मॉनसून



पढ़ा था पहले कि "बिन पानी सब सून" है मगर अभी तो बिल्कुल उल्टी गंगा बह रही है वो भी फुल वॉल्यूम में। हां जी, सही बोल रहा हूँ। जिधर नजर डालिए उधर पानी ही पानी है। काहें इतना ओवर टाइम कर रहे हैं प्रभु? सारा स्टॉक इसी साल क्लीयर कर दीजियेगा क्या? रखिए कुछ अगले बरस के लिए भी। हमको बुझा रहा है कि भुवन के आर्तनाद को सीरियस ले लिए हैं आप? वैसे भी आपके यहाँ देर है, अंधेर नहीं! सरकार के परिवहन मंत्रालय से अनुरोध करूंगा कि जनहित में "काले मेघा, काले मेघा, पानी तो बरसा" गाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करें वरना कई पुलों, फ्लाईओवरों और सड़कों की पोल खुल जायेगी।।



मनीष सिंह वंदन

आजकल मॉनसून इस कदर खुमारी में है
पूरा भारत 'चेरापूंजी' होने की तैयारी में है।।

पानी, पानी, पानी। ऐसा थोड़े ना होता है? नदी, तालाब, नाली, नाला सब ओवरफ्लो हो रहा है। का फायदा ऐसे पानी का? शास्त्रों के अनुसार पानी संचय का चीज है मगर यहां का बटोरें, का सहेजें सब बहता जा रहा है। आपकी वजह से नगर निगम वालों को मोहल्ले की साफ-सफाई का काम अब करना ही पड़ रहा है। काम के प्रति उनका समर्पण देखकर मुझको आपके उपर बहुत गुस्सा आ रहा है। देख लेना, उनकी हाय पड़ेगी आपको। जलजमाव से रोड़ में गड्ढे हैं या गड्ढों में रोड है, खोजबीन के लिए 'सीआईआई' को टेंडर जारी होगा। वैसे ही वोट चोरी के काले बादल छाए हुए हैं, ज्यादा बरसोगे तो सीमेंट चोरी का नया एपिसोड शुरू हो जाएगा। फिर सारे ठेकेदार लठ्ठ लेकर तुम्हारे पीछे पड़ जायेंगे।।

पार्षद, विधायक, कलेक्टर, सांसद जी जैसे खास को भी ऐसे मौसम में घर से निकलना पड़ रहा है अपने क्षेत्र का मुआयना करने । बताइए ये कोई बात हुआ जी? उनका भी घर परिवार है, अपना एसी-डीसी रूम में बैठकर चाय के साथ पनीर का पकौड़ा खाते, टीवी देखते हुए इसको-उसको गरियाते, पूरा मूड़ फ्रेश रहता लेकिन यहां आम की असीम सेवा भावना दिल में लिए हुए पब्लिक का गाली खाना पड़ रहा है। ऐसे नहीं चलता गुरु, सिस्टम से आइए आप, नहीं तो केस-मुकदमा के लिए तैयार रहिए। बहुत वकील लोग खलिहर है इधर। मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री जी का बात अलग है, उ लोगन के पास महंगा वाला हेलीकॉप्टर है। चाय पीते-पीते एक राउंड टहल आते हैं पूरा जिला।। आप इतना रुड कैसे हो सकते हो, सैकड़ों सालों से बरस रहे हो इसलिए क्या? सरकार बदल चुकी है, थोड़ा तो तेवर ढीला करो भाई। अब यह आरक्षण वाला भारत है, आप सबको एक बराबर बरसात का पानी नहीं दे सकते, विपक्ष धरने पर बैठ जाएगा। दया, पता लगाओ कहीं हवाला के जरिए विदेशी मुद्रा का आगमन तो नहीं हो रहा इस बरसात के बहाने? एआई का जमाना है, कुछ भी हो सकता है? कुछ लोग कह रहे हैं कि मस्त मौसम है चाय की चुस्की लीजिए काहें कोस रहे हैं इंद्र देव को? वैसे लोगों को बता दूँ कि मेरे जैसा आम पब्लिक अब (G : जी S : हां : चाय (GST)) से डरने लगा है। इसलिए चाय की चुस्की भी हिसाब से ही ले पाता है अन्यथा उसके घर का जीडीपी क्रैश कर जाने का भय बन जाता है। क्रेजी कर रखा है बारिश ने, ना कपड़े सूख पा रहे हैं ठीक से ना ही जूते और हेलमेट! उधर सब्जी मार्केट वाले ट्रंप अंकल के टैरिफ रूल को ईमानदारी से फॉलो करने में लग गए हैं। आदमी जाए तो जाए कहां??

कहीं ऑसू टपक रहे हैं तो कहीं छत
माफ करो मॉनसून, कह रहा जनमत।।

इसलिए रेन-रेन गो अवे, कम अगेन अनदर डे!!

# अटूट-बंधन

सावित्री ने आईने में खुद को गौर से देखा—माथे पर लाल बिंदी, हाथों में काँच की चूड़ियाँ, पैरों में सुर्ख महावर, और सोलह श्रृंगार से सजी देह। आज उसका पहला हरितालिका तीज व्रत था। चेहरा मुस्कुराता हुआ, पर आँखों के भीतर कहीं एक महीन उदासी तैर रही थी। शादी को आठ महीने हुए थे। पति शहर में नौकरी करते थे, और दोनों साथ शायद ही कुछ दिन रह पाए थे। अकेलेपन के उन दिनों में माँ के शब्द अक्सर उसके कानों में गूँज उठते- "बिटिया, तीज का व्रत शिव–गौरा के प्रेम की तरह अटूट बंधन है। भूखे-प्यासे रहकर मन को दृढ़ करना होता है। तभी दाम्पत्य जीवन सच्चे सुख से भरता है।"



चारुमित्रा

सावित्री ने निर्जल व्रत रखा। पूरे दिन उसने जल तक ग्रहण नहीं किया। आँगन में औरतों के गीत गूँज रहे थे- "तीज माँहरिया, गौरा–शंकर जुगल जोड़ी..." संध्या ढलते ही उसने बालू से शिवलिंग बनाया, पेडुकिया और ठेकुआ चढ़ाया, फल और फूल अर्पित किए। दोनों हाथ जोड़कर बुदबुदाई- "हे भोलेनाथ! मेरी भी जोड़ी गौरा जैसी अटल रहे। दूरी कितनी भी हो, मन का बंधन कभी न टूटे।" रात्रि घिर आई। दिनभर का उपवास, थकान और प्रतीक्षा—सब मिलकर उसकी पलकों पर भारी हो चले थे। तभी मोबाइल की घंटी बजी। स्क्रीन पर पति का चेहरा झिलमिला उठा। "सावित्री... तुमने निर्जल व्रत किया है?" आवाज़ में चिंता और स्नेह घुला था। सावित्री की आँखें भर आईं। होठों पर धीमी मुस्कान उभरी। बाहर खिड़की से आती चाँदनी उसकी मुस्कान पर छिटक गई—जैसे व्रत का संकल्प, दूरी के बावजूद, प्रेम को और गहरा कर गया हो। उसने मन ही मन अनुभव किया- हरितालिका तीज केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने वाला एक अटूट–बंधन है।

# अपर लॉअर क्लास



अनामिका मिश्रा



तीज का त्योहार था। मीनू की ननद आयी हुई थी, मीनू हमेशा की तरह कामवाली की बेटी को मेहंदी लगाने के लिए बुलाती है।

तो उसकी ननद ने कहा,"इन लोगों से क्यों मेहंदी लगवाती हो? भाभी,...इन लोगों को तो आता भी नहीं होगा ढंग से मेहंदी लगाना....पार्लर से बुलाया करो ना ....इन छोटे लोगों से मेहंदी लगवाने का क्या मतलब!" मीनू ने मुस्कुराते हुए कहा,"आप यहां बैठो, आप भी लगवा लेना।

मीनू मेहंदी लगवाते हुए, "शिखा पिछले बार तेरी सहेली आई थी मेहंदी लगाने,काफी दिनों से उसे देख नहीं रही हूं कहां है?"

शिखा- "उसकी शादी हो गई है!" मीनू ने कहा "अच्छा!" "इतनी जल्दी शादी, तुम लोगों में तो इतनी जल्दी शादी हो जाती है! अभी तो कोई उम्र नहीं थी,इससे अच्छा पढ़ाई लिखाई करती,अपने पैरों पर खड़ी होती!"

शिखा ने कहा- "वो अभी भी पढ़ रही है। "मीनू ने आश्चर्यचकित होते हुए कहा- "अच्छा तब उसकी सास और ससुराल वाले अच्छे होंगे।" शिखा ने हंसते हुए कहा -"सास जैसी भी हो,अगर पति साथ दे तो सब आसान हो जाता है।" मीनू ने कहा,"अच्छा तभी वो इच्छाओं को पूरा कर रही है!" शिखा ने कहा- हां मैंम,अगर ससुराल में सिर्फ पति का ही सपोर्ट रहे,एक स्त्री के लिए उतना ही काफी है, फिर कोई भी परिस्थिति बोझ नहीं लगती और कितनी भी आंधी चले उससे कोई फर्क नहीं पड़ता,उसने तो जॉब के लिए भी अप्लाई कर दिया है।

मीनू ने तिरछी नजर से ननद की ओर देखते हुए कहा- "सही कह रही हो,उसका पति काफी समझदार है और वो अपनी पत्नी का सहयोग कर रहा है, जो उसका कर्तव्य है,पर जो पति ऐसा नहीं करते हैं....इसी वजह से कितने घर टूट भी जाते हैं, सच में अप्पर ओर लोअर क्लास नहीं होता.....सोच का अंतर होता है और तुम्हारी सहेली के पति की सोच बहुत अच्छी है जो.... अपर क्लास वाले को भी मात देती है!"

# खांसी

"कृपया आप बच्ची को मेरे पास से ले जाएं। मैंने दूध पिला दिया है।" रानी के बोलने पर नर्स ने बच्ची को अपने गोद में ले लिया। आठवें महीने के गर्भ से हीं रानी को जुकाम था जो अभी तक है और जब भी खांसती है, उसे स्टिचेस वाले स्थान पर असहनीय पीड़ा होती है। रानी ने डर से अपने मन में सोचते हुए निश्चय किया कि नवजात बच्ची को अपने से दूर रखेगी तभी उसकी बच्ची सुरक्षित रह पाएगी। वह सोच हीं रही थी कि नर्स बच्ची के साथ वापस आ गई।



खुशबू बरनवाल 'सीपी'

"मैडम, बच्ची रो रही है आप इसे थोड़ी देर अपने पास रख लें।" बेटी को लेने के लिए ममतामयी हाथ रानी के आगे बढ़े लेकिन झटके से हृदय कठोर कर हाथों को रोककर कहा- "उसे झूला में सुला दीजिए।" तभी नर्स रानी से पूछी- "क्या आपकी इसके पहले भी कोई संतान है?" रानी हाँ में सिर हिला दी। "क्या वह भी बेटी है?" "हाँ, इसके पहले भी बेटी है।" नर्स बच्ची को वापस ले जाते हुए कही- "तभी तो...." उसके शब्दों नें रानी के हृदय पर वार किया। यह सोच पर उसे रोना और गुस्सा दोनों आया और वह चीख कर नर्स को रोकना और डांटना चाहती थी लेकिन बहुत जोर-जोर से खांसने लगी।

काव्य कोना

## बीतते पल

गिनती उम्र की चल रही थी
शुरुआत का पता ही न चला
भीड़ के बीच यूं भी अकेला
गुज़रते कारवां को देखा किया।
अनुभव के दौर में लगा था
दहलीज को देखा किए
तपिश बुझाने को बरसात में खड़ा
हाय, बूंदों को गिरते देखा किए।
सुना शोर बहुत था जंगल में
परिंदे तक नहीं दिखे वहां
सन्नाटे में घिर गया जब
गुज़रते वक्त की थाप देर तक सुनाई दी।

नाग मणि

# भूख और भोज



मंजुला शरण 'मनु'



पांच किलो मीटर की थका देने वाली पैदल यात्रा से थके दोनों छोटे बच्चों ने पूछा, माँ और कब तक चलना होगा? बिरसी बोली, बस और कुछ देर में, पहुँच जाएंगे। बिरसी के बेटे ने रो कर कहा भूख लग रही है माँ तू यहीं पर खाना ला दे न। बिरसी ने पानी की बोतल से बेटे को पानी पिलाते हुए कहा , खाना तो वहीं जाने पर मिलेगा । वहाँ चल कर तुम जी भर कर, जितना दिल चाहे खा लेना। बच्चे ने होंठों पर जीभ फेर कर अविश्वास से पूछा, क्या सच में वहाँ जितना मन उतना खाने को मिलेगा? बिरसी की बेटी भाई से बड़ी होने और माँ के काम में हाथ बँटाने के कारण, अपनी उम्र से खुद को बड़ा समझती थी, उसने भी आश्चर्य से पूछा क्या सच में? अपने भाई का हाथ पकड़ कर उसने माँ से कहा, चलो फिर जल्दी नहीं तो सारा खाना खतम हो जाएगा।

माँ बच्चों के आपसी संवाद में कब उनका गंतव्य सामने आ गया, उन्हें पता भी नहीं चला। भोज में व्यवस्था बनाए रखने के लिए वहाँ बहुत सारे कार्यकर्ता लगे हुए थे , वे सभी को लाइन में लगा रहे थे। भोजन के लिए लंबी लाइन देख कर बिरसी मन ही मन सोचने लगी, सुबह की जरा सी मूढ़ी खा कर बच्चे घर से निकले हैं अब शाम होने को आई है। इतनी लंबी लाइन से तो खान पाने में रात होने लगेगी। कार्यकर्ता की बढ़ो-बढ़ो आवाज से बिरसी सजग हो गई। उसने अपने दोनों बच्चों का हाथ कस कर पकड़ा और लंबी लाइन में सरकते हुए आगे बढ़ने लगी । बच्चों की कौन कहे बिरसी भूख से खुद निढाल हुई जा रही थी।

खैर आखिर बिरसी अपने बच्चों के साथ भोजन की जगह पहुँचने में कामयाब हो ही गई। विभिन्न प्रकार के भोजन और ऊपर तक भरी प्लेट ले कर बिरसी बिन खाए ही तृप्त हो गई। अपने बच्चों को ले कर वह सावधानी के साथ मेज की ओर बढ़ने लगी। भोजन का एक भी कण न गिरे, इसकी चिंता में मेज की दूरी घर से पाँच कि. मी . की दूरी से भी ज्यादा लग रही थी। मेज पर जगह मिलते ही बच्चे बेसब्री से खाने पर टूट पड़े । बिरसी अपने बच्चों से कुछ कहती उस से पहले ही देखा कि उसके आस-पास हर किसी का वही हाल था। हर किसी की प्लेट में जरूरत से भी अधिक भोजन था और सभी चाह रहे थे, आज इतना खा लूँ कि कई दिन फिर भूख न लगे। बिरसी सोचने लगी काश ! मालूम होता एक साथ इतना खाने के लिए मिलेगा तो घर से बर्तन जरूर ले आती।

बच्चे अपनी भूख भर खा चुके तो, बच्चों की प्लेट में बचा खाना देख कर बिरसी का दिल कराह उठा, मेरे भूखे बच्चों ने कभी पेट भर खाया नहीं, आज उनकी प्लेट में इतना खाना छूट रहा है और मैं इसे कल के लिए बचा कर रख भी नहीं पा रही हूँ। बिरसी भी अपनी प्लेट में अन्न का एक दाना तक नहीं छोड़ना चाहती थी लेकिन, फिर भी पूरा नहीं खा सकी। बिरसी की आँखों से न चाहते हुए भी आँसू गिरने लगे। एक कार्यकर्ता ने देखा तो तुरंत आ कर कहा, अरे ! जितना खाना हो, और जा कर ले लो, कोई रोक नहीं है। बिरसी बोली नहीं भईया,खाना पूरा खतम नहीं हो सका इस लिए आँखों में आँसू आ गए।

कार्यकर्ता एक फीकी सी हंसी बिखेर कर वहाँ से चला गया। बिरसी ने भोजन को प्रणाम किया और हाथ धोने के बाद बच्चों का हाथ थाम कर अपने गाँव के लोगों के काफिले में शामिल हो कर घर के लिए चल पड़ी। उसने देखा कुछ औरतें अपने कपड़ों में छुपा कर पालिथीन की थैलियों में भर कर खाना लिए चल रही हैं। बिरसी सोचने लगी, पालिथीन की थैलियाँ इस्तेमाल करना मना है, फिर भी ये लोग ले आए?

रास्ते में बिरसी की बेटी ने पूछा , माँ ये किसकी शादी थी, बिरसी बोली ये शादी नहीं , मरत्युभोज था बड़ी मालकिन का। बिरसी की बेटी ने सवाल किया, मरने का भोज? तो फिर हमारी आजी के मरने पर क्यों नहीं भोज हुआ? बिरसी ने कहा हम गरीब भूखे मरते हैं , इस लिए नहीं होता है। बिरसी की बेटी बोली ये लोग क्या बहुत ज्यादा खाते हैं? इनके यहाँ फिर कोई मरेगा, तो मैं भी पॉलिथीन की थैली ले आऊँगी। बिरसी ने अपनी बेटी को आँखें दिखा कर कहा-- नहीं। अच्छा खान खाने के लिए किसी की मौत मनाना बहुत बुरी बात है। अब से कभी किसी के लिए ऐसा नहीं बोलना। बच्ची ने कहा फिर अच्छा खाना कैसे मिलेगा? बिरसी समझ नहीं पा रही थी कि इसका क्या जवाब दे।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

## बनाओ, कागज की इक नाव

बनाओ कागज की इक नाव,
मजे लेकर तैराओ।
मेघों ने जल बरसाए हैं,
रात गरजकर खूब,
क्षिति पर
इंद्रधनुष अब
बिहंसा,
खेत गए हैं डूब।
चलो, अब
छोड़ो घर की
ठाँव,
बनाओ कागज
की इक नाव,
मजे लेकर तैराओ।
तनिक थमी मेंढक की टर-टर,
झींगुर भी हैं शांत,
निशि-भर गाकर गीत पपीहे,
प्रातः में विश्रांत।
चलो, मेड़ों पर धर दो पांव,
लगाओ नौका पर अब दांव,
मजे लेकर तैराओ।
बावड़ियां, सरि, ताल-तलैया,
उमड़े सारी रात,
उछल-उछल चपला चमकी है,
तम को दे आघात।
चलो, छोड़ो मां-आंचल-छांव,
बनाओ कागज की इक नाव,
मजे लेकर तैराओ।
निकली है बच्चों की टोली,
सूरत सुंदर, भोली-भोली,
बिन मांझी, पतवार-बिना ही,
देख सुनहरे स्वप्न-रंगोली।
चलो, पढ़ लो मन के मृदु भाव,
उतारो धनखेतों में नाव,
मजे लेकर तैराओ।
पावस में भीगा मन-बचपन,
भीगी है हर बात,
शहरों का यह बेगानापन,
चुभता है दिन-रात।
चलो, वापस बचपन के गांव,
बना लो फिर कागज के नाव,
मजे लेकर तैराओ।



मनोज कुमार झा 'मनु'

## बरसात की एक रात

वो थी बरसात की एक रात,
आकाश में मेघों का आच्छादन,
और हवाओं की सनन सनन,
कड़क रही थी बिजलियाँ,
और उसका नभ में नृत्तन।
था हाथों में तेरा हाथ,
वो थी बरसात की एक
रात।
हो गई थी तेज धड़कन,
दूर पेड़ों पर जुगनूओं की
जमघट ,
वे बुझ रहे थे फिर जलन,
कह न पाती थी दिल
की बात,
वो थी बरसात की एक रात।
सड़कों पर लोगों का आना-जाना,
क्षण भर रुक कर यों देखना।
फिर हमारा, संभल कर बैठना,
आगामी जीवन के लिए सपना बुनना,
कंधे पर सिर रखना,
फिसल रही थी हमारी जज्बात।
वो थी बरसात की एक रात।



डॉ0 गीता सिन्हा गीतांजलि

## आज का दोहा

स्वानों से हारा बहुत, अब की नगर समाज।
दरबारों का क्या जहां उनका ही सम्राज।।

सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# केंद्रीय गृह मंत्री ने मुंबई गणेशोत्सव में लिया हिस्सा



गणेशोत्सव पर मुंबई में मंत्रियों का सामूहिक दर्शन आयोजन

**अमित शाह मुंबई के लालबाग के राजा के दर्शन किए**

**एजेंसी। मुंबई**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुंबई दौरे पर पहुंचे हैं। उन्होंने परिवार के साथ अलग-अलग जगहों पर गणेशोत्सव में हिस्सा लिया। वे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के घर गए, जहां श्री गणेश जी का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद अमित शाह ने परिवार के साथ प्रसिद्ध लालबागचा राजा के दर्शन किए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सरकारी आवास 'वर्षा' पर गृह मंत्री अमित शाह के आगमन पर स्वागत किया। उनके साथ परिवार के अन्य सदस्य भी थे। इसके बाद अमित शाह ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आवास पर स्थापित गणपति बप्पा की पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री फडणवीस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "हमारे नेता केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह व इनके परिवारजनों ने गणेशोत्सव के अवसर पर मुंबई स्थित मेरे सरकारी आवास 'वर्षा' पर भेंट दी, इस दौरान उनका हार्दिक स्वागत किया।"इसके बाद, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने लिखा, "शनिवार को गणेश उत्सव के लिए मुंबई प्रवास पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लालबागचा राजा गणेशोत्सव मंडल के श्री गणेश के भावपूर्ण दर्शन किए।

### जय शाह समेत परिवार ने किए बप्पा के दर्शन

अमित शाह लालबागचा राजा गणेशोत्सव मंडल गए, जहां श्री गणेश के दर्शन किए। मंडल की ओर से उनका स्वागत शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट करके किया गया। अमित शाह ने अपने बेटे जय शाह और परिवार के बाकी सदस्यों के साथ लालबागचा राजा मंडल में भगवान गणेश का दर्शन-पूजन किया। इस मौके पर सीएम देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत महाराष्ट्र सरकार के अन्य मंत्री मौजूद रहे। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, "हर साल की तहत इस साल भी हमारे नेता गृह अमित शाह व इनके परिवारजनों के साथ लालबाग के राजा के भक्तिमय दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर लालबाग के बाप्पा के चरणों में जनसेवा के लिए प्रार्थना की।

## पाकिस्तान और चीन सीमा पर सुरक्षा को सुदृढ़ करने की योजना

# चीन व पाकिस्तान बॉर्डर पर 'भैरव' कमांडो बटालियन की तैनाती होगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत का सुरक्षा परिदृश्य लगातार जटिल होता जा रहा है। एक ओर चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों के साथ सीमा पर दबाव बनाए हुए है, तो दूसरी ओर पाकिस्तान छद्म युद्ध और आतंकवाद के ज़रिए भारत को अस्थिर करने की कोशिश करता रहता है। ऐसे समय में भारतीय सेना का 'भैरव कमांडो' बल का गठन करना एक निर्णायक कदम है। खास बात यह है कि इसी साल 31 अक्टूबर तक भैरव बटालियन चीन और पाकिस्तानी सीमा पर तैनात भी हो जायेंगी। हम आपको बता दें कि ये नई इकाइयाँ आकार में छोटी लेकिन युद्धक क्षमता में कहीं अधिक घातक होंगी। गति, लचीलापन और सटीक प्रहार इनकी पहचान होगी। अत्याधुनिक हथियारों, ड्रोन और हाई-टेक गैजेट्स से लैस 'भैरव' कमांडो पल भर में दुश्मन को चौंकाकर उसकी रणनीति ध्वस्त कर देंगे। इससे न केवल सेना की सामरिक शक्ति बढ़ेगी बल्कि स्पेशल फ़ोर्सेस को भी अपने गुप्त अभियानों पर पूरी तरह केंद्रित रहने का अवसर मिलेगा। देखा जाये तो भारतीय सेना का इतिहास शौर्य और बलिदान से भरा है। कारगिल युद्ध से लेकर सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयरस्ट्राइक तक, हमारे सैनिकों ने यह साबित किया है कि वे हर परिस्थिति में देश की रक्षा के लिए तैयार हैं। कठिन पहाड़ों, बर्फ़ीली चोटियों, रेगिस्तानों और घने जंगलों में भारतीय सैनिकों का पराक्रम दुश्मनों के लिए हमेशा चुनौती रहा है। ऐसे में 'भैरव' कमांडो का गठन इस गौरवशाली परंपरा में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ देगा। यह कदम स्पष्ट संदेश देता है कि भारत केवल रक्षात्मक नहीं, बल्कि प्रहारक क्षमता को भी बराबर महत्व देता है। सीमा पर बढ़ते खतरों के बीच यह नई शक्ति दुश्मनों के लिए भय और देशवासियों के लिए गर्व का कारण बनेगी।हम आपको बता दें कि सेना अब पाँच नई 'भैरव' लाइट कमांडो बटालियन खड़ी कर रही है, जिनमें प्रत्येक में 250 विशेष रूप से प्रशिक्षित और अत्याधुनिक हथियारों से लैस जवान होंगे। इन इकाइयों का उद्देश्य पाकिस्तान और चीन की सीमाओं पर तेज़ और निर्णायक कार्रवाई करने की क्षमता को बढ़ाना है।



### भारत की सैन्य शक्ति को नया आयाम 'भैरव' और नई इकाइयां

हम आपको याद दिला दें कि सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने हाल ही में ऐलान किया था कि 'भैरव' बटालियनों के अलावा 'रुद्र' ऑल-आर्म्स ब्रिगेड, 'शक्तिबान' आर्टिलरी रेजीमेंट और 'दिव्यास्त्र' निगरानी व लूटेरिंग म्यूनिशन बैटरियां भी बनाई जाएंगी। साथ ही अब हर पैदल सेना बटालियन में समर्पित ड्रोन प्लाटून होगी। इसके समानांतर त्रि-सेवा विशेष बलों (Special Forces) के लिए नई संयुक्त सिद्धांत (Joint Doctrine) भी जारी की गई है। वर्तमान में वायुसेना के पास 1,600 'गरुड़' कमांडो और नौसेना के पास 1,400 से अधिक मरीन कमांडो (मार्कोस) हैं। बहरहाल, 'भैरव' बटालियन भारतीय सेना की रणनीतिक सोच में एक महत्वपूर्ण विकास है। इनका गठन दर्शाता है कि भविष्य के युद्ध केवल भारी संख्या पर नहीं, बल्कि गति, तकनीक और सटीक हमलों पर आधारित होंगे। पाकिस्तान और चीन दोनों मोर्चों पर यह नई पहल भारत की सुरक्षा को और मजबूत करेगी तथा स्पेशल फ़ोर्सेस को उनके वास्तविक मिशनों पर केंद्रित रहने का अवसर देगी।

### क्यों ज़रूरी हैं 'भैरव' कमांडो?

हम आपको बता दें कि भारत के पास पहले से ही 10 पैरा स्पेशल फ़ोर्सेस और पाँच पैरा (एयरबॉर्न) बटालियन मौजूद हैं, जिनकी भूमिका शत्रु क्षेत्र में गुप्त और जोखिमभरे मिशनों को अंजाम देना है। लेकिन समय के साथ यह देखा गया कि इन उच्च स्तरीय इकाइयों को कई बार छोटे-छोटे सामरिक अभियानों में भी झोंक दिया जाता है। ऐसे में स्पेशल फ़ोर्सेस की मुख्य भूमिका प्रभावित होती है। 'भैरव' बटालियन इस अंतर को भरेंगी—ये सामान्य पैदल सेना और स्पेशल फ़ोर्सेस के बीच की कड़ी बनेंगी। इससे स्पेशल फ़ोर्सेस अपने असली रणनीतिक और गुप्त अभियानों पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगी।

### तैनाती और संरचना

हम आपको बता दें कि पहली पाँच 'भैरव' इकाइयों में से तीन, जम्मू-कश्मीर में सेना की उत्तरी कमान के अधीन होंगी। इनमें एक 14 कोर (लेह), एक 15 कोर (श्रीनगर), एक 16 कोर (नागरोटा) और चौथी इकाई पश्चिमी सेक्टर के रेगिस्तानी इलाके में और पाँचवीं पूर्वी सेक्टर के पहाड़ी इलाके में तैनात होगी। हम आपको बता दें कि 11.5 लाख सैनिकों वाली भारतीय सेना में पहले से 415 पैदल सेना बटालियन हैं (प्रत्येक में लगभग 800 जवान)। इन्हीं से चुन-चुनकर 'भैरव' कमांडो तैयार किए जाएंगे। यह "सेव एंड रेज़" कांसेप्ट है, यानी नई भर्ती किए बिना, मौजूदा संसाधनों का पुनर्गठन।

### युद्धक विशेषताएं

यह आकार में छोटी और फुर्तीली होगी, अत्याधुनिक हथियार, गैजेट्स और ड्रोन से लैस होगी। गति, लचीलापन और हाई-इम्पैक्ट ऑपरेशन्स के लिए इसे डिज़ाइन किया जायेगा। इसमें प्रत्येक इकाई में 7-8 अधिकारी होंगे। इनकी ट्रेनिंग दो से तीन महीने अपने-अपने रेजिमेंटल केंद्रों पर होगी और उसके बाद एक महीने तक स्पेशल फ़ोर्सेस इकाइयों के साथ एडवांस प्रशिक्षण मिलेगा।

# दुनिया में स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं सिर्फ स्थायी हित : राजनाथ सिंह

## अमेरिकी दबाव पर बेबाक जवाब, भारत रहेगा अडिग

**एजेंसी। नई दिल्ली**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि दुनिया में कोई स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं होता, बल्कि स्थायी हित होते हैं। यह बात उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ को लेकर भारत-अमेरिका तनाव और हाल के महीनों में चीन के साथ सुधरते संबंधों के बीच कही। ट्रंप द्वारा नई दिल्ली पर 50% टैरिफ लगाने का स्पष्ट संदर्भ देते हुए, राजनाथ ने कहा कि भारत की नीति, रणनीति और आत्मनिर्भरता अडिग रहेगी और देश किसी भी वैश्विक दबाव के बावजूद और भी मज़बूती से उभरता रहेगा। राजनाथ ने ज़ोर देकर कहा कि भारत के किसानों और छोटे व्यापारियों के हित नरेंद्र मोदी सरकार के लिए सर्वोपरि हैं और सरकार इस पर कोई समझौता नहीं करेगी। एनडीटीवी डिफेंस समिट 2025 को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा कि कोई स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं होता, केवल स्थायी हित होते हैं। भारत किसी को अपना दुश्मन नहीं मानता। हमारे किसानों और उद्यमियों का हित हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। भारत किसी को अपना दुश्मन नहीं मानता। हम किसी भी कीमत पर अपने देश के कल्याण से समझौता नहीं कर सकते। चाहे कितना भी दबाव क्यों न डाला जाए, भारत अपने किसानों, छोटे व्यापारियों, दुकानदारों, पशुपालकों और आम नागरिकों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहेगा। रक्षा मंत्री ने आगे कहा, "हम सभी भूगोल में पढ़ते हैं कि जितना ज़्यादा दबाव डाला जाता है, चट्टान उतनी ही मज़बूत होती जाती है। मुझे लगता है कि भारत पर जितना ज़्यादा दबाव डाला जाएगा, वह उतनी ही मज़बूत चट्टान बनकर उभरेगा।" प्रधानमंत्री मोदी के बाद, वह सरकार में दूसरे मंत्री हैं जिन्होंने एक हफ़्ते के भीतर सार्वजनिक मंच पर दबाव के बारे में बात की है। हालाँकि, उन्होंने किसी देश का नाम लिए बिना, बल्कि स्पष्ट रूप से अमेरिका का ज़िक्र किया। राजनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, हमारी सरकार का हमेशा से यही मानना रहा है, कि आत्मनिर्भर भारत के माध्यम से ही हम अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को मज़बूत रख सकते हैं।

### 2007 में बलात्कार और हत्या के मामले में फरार आरोपी को बिहार से गिरफ्तार

**बिहार।** पुलिस ने 2007 में छह साल की बच्ची से बलात्कार और हत्या के मामले में फरार एक व्यक्ति को बिहार से गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पटना निवासी संजय उर्फ सुजॉय (40) नामक आरोपी को अक्टूबर 2007 में कापसहेड़ा में किए गए अपराध के लिए 2010 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2014 में उसकी दोषसिद्धि बरकरार रखी थी। जून 2021 में उसे परोल पर रिहा कर दिया गया और वह फिर कभी जेल नहीं लौटा। पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजीव कुमार यादव ने बताया कि पुलिस को चकमा देने के लिए उसने अपना नाम संजय से बदलकर सुजॉय रख लिया और बिहार में अपने ठिकाने बदलता रहा। डीसीपी ने कहा, इस अवधि के दौरान, उसने कथित तौर पर अपना आपराधिक व्यवहार जारी रखा। 2021 में, वह पटना में एक पड़ोसी के घर में घुस गया और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने के इरादे से उन पर हमला किया।

# सेवानिवृत्त न्यायाधीशों का व्यवहार पक्षपात भरा : रिजिजू

## शाह के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान पर रिजिजू का वार

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को उन सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की आलोचना की जिन्होंने 2011 के सलवा जुडूम फैसले को लेकर विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी के खिलाफ केंद्रीय मंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर आपत्ति जताई थी। बेंगलुरु में पत्रकारों से बात करते हुए, रिजिजू ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों पर गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ "हस्ताक्षर अभियान" चलाने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव प्रक्रिया चल रही है। कुछ दिन पहले, कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने एक हस्ताक्षर अभियान चलाया और गृह मंत्री के खिलाफ टिप्पणियां कीं। उन्होंने गृह मंत्री के खिलाफ लिखा है। यह सही नहीं है... यह उपराष्ट्रपति का चुनाव है। सेवानिवृत्त न्यायाधीश इसमें क्यों पड़ना चाहते हैं? इससे ऐसा लगता है कि जब वे (कार्यरत) न्यायाधीश थे, तो उनकी विचारधारा अलग रही होगी। अन्यथा, गृह मंत्री के खिलाफ पत्र लिखना और हस्ताक्षर अभियान चलाना सही नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा कथित वामपंथी समर्थक को अपना उम्मीदवार बनाने के लिए विपक्ष की आलोचना के बाद, सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी सुदर्शन रेड्डी के समर्थन में आए।

### उत्तर प्रदेश के भदोही में अशिक्षित व्यक्ति का एटीएम कार्ड जारी खाते से पैसे उड़ाए

**भदोही।** भदोही में जालसाजी का एक अनोखा मामला सामने आया है जिसमें एक अशिक्षित ग्रामीण व्यक्ति के बैंक से एटीएम कार्ड जारी कराने के बाद आरोपियों ने उसके खाते से करीब दो लाख रुपये निकाल लिए। पुलिस ने बताया कि इस मामले में शुक्रवार को सुरवाया थाने में पीड़ित हरिहर चौहान की शिकायत पर आरोपियों चित्रांश चौरसिया और दीपक सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय सहिंता (बीएनएस) की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चौहान का यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में बचत खाता है, जिसमें उसने दो लाख रुपये जमा कर रखे थे। श्रीवास्तव ने कहा कि पढ़ा लिखा नहीं होने के कारण हरिहर ने कभी एटीएम कार्ड के लिए आवेदन नहीं किया।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## महुआ ने गृह मंत्री का सर काटने की बात कही थी

# अभद्र टिप्पणी के लिए देश से माफी मांगे टीएमसी : योगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करके नया विवाद खड़ा कर दिया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महुआ मोइत्रा के बयान की निंदा करते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस को इस अभद्र टिप्पणी के लिए अविलंब समूचे देश से माफी मांगनी चाहिए। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा मीडिया से बातचीत करते हुए सीमापार से घुसपैठ के मुद्दे पर सरकार को घेर रही थीं। इसी दौरान उन्होंने अमित शाह के लिए विवादित शब्दों का इस्तेमाल किया। इस पर प्रतिक्रिया के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह पर तृणमूल कांग्रेस सांसद की तरफ से की गई असंसदीय और आपत्तिजनक टिप्पणी अक्षम्य और घोर निंदनीय है।" सीएम योगी आदित्यनाथ ने आगे लिखा, "तृणमूल कांग्रेस के राजनीतिक कुसंस्कारों को प्रकट करती यह टिप्पणी भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों पर विश्वास करने वाले प्रत्येक भारतीय का अपमान है। तृणमूल कांग्रेस को इस अभद्र टिप्पणी के लिए अविलंब समूचे देश से माफी मांगनी चाहिए।"असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने भी टीएमसी सांसद के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, "मैं समझता हूं कि एक मुख्यमंत्री के रूप में मुझे सभी बयानों पर प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए, विशेषकर कुछ लोगों के बयानों पर, क्योंकि इससे देश का फायदा नहीं होता है।

### अवैध विस्फोटक के भीषण विस्फोट में 1 की मौत

**केरल।** कन्नूर की कन्नपुरम ग्राम पंचायत के कीझारा में शनिवार तड़के करीब 1.50 बजे एक शक्तिशाली विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जिससे एक किराए का मकान जमींदोज हो गया। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पड़ोसियों ने बताया कि विस्फोट से 500 मीटर के दायरे में घर हिल गए। पंचायत सदस्य वी.वी. पुष्पावल्ली, जो मुश्किल से 50 मीटर की दूरी पर रहती हैं, ने कहा "मेरा घर हिल गया, और जब हम बाहर निकले, तो पहले तो कुछ भी दिखाई नहीं दिया। थोड़ी देर बाद, हवा में बारूद की गंध फैल गई।संदेह है कि इस घर का उपयोग अवैध रूप से विस्फोटक बनाने के लिए किया जा रहा था। पुलिस ने यह जानकारी दी। कण्णपुरम थाने के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट रात एक बजकर 50 मिनट पर एक किराए के घर में हुआ। अधिकारी ने बताया कि धमाका इतना जोरदार था कि पूरा घर ढह गया और आसपास के चार घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने बताया कि बम निरोधक दस्ते को इलाके से बची हुई विस्फोटक सामग्री को हटाने के लिए तैनात किया गया है।

# जगदीप धनखड़ को राजस्थान विस से पूर्व विधायक पेंशन मिलेगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राजस्थान विधानसभा के पूर्व सदस्य के रूप में पेंशन के लिए आवेदन किया है। विधानसभा सचिवालय ने उनके आवेदन को मंजूरी देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। धनखड़, जिन्होंने हाल ही में उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दिया है, इससे पहले राजस्थान से विधायक रह चुके हैं। धनखड़ 1993 में कांग्रेस के टिकट पर अजमेर जिले के किशनगढ़ निर्वाचन क्षेत्र से 10वीं राजस्थान विधानसभा के लिए चुने गए थे। विधायक के रूप में उनका कार्यकाल 1998 तक रहा। इस अवधि के दौरान, उन्होंने 1994 से 1997 तक विधानसभा की नियम समिति के सदस्य के रूप में भी कार्य किया। नियमों के अनुसार, राजस्थान में प्रत्येक पूर्व विधायक 35,000 रुपये मासिक पेंशन पाने का हकदार है। इसके अलावा, आयु-आधारित वृद्धि का भी प्रावधान है। 70 वर्ष से अधिक आयु के पूर्व विधायक 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन के पात्र हैं, जबकि 80 वर्ष से अधिक आयु के विधायकों को 30 प्रतिशत की वृद्धि मिलती है। धनखड़, जो वर्तमान में 74 वर्ष के हैं, 20 प्रतिशत की वृद्धि के पात्र हैं। इसका मतलब है कि अब उन्हें 35,000 रुपये की बजाय लगभग 42,000 रुपये प्रति माह पेंशन मिलेगी। यदि भविष्य में उनकी आयु 80 वर्ष से अधिक हो जाती है, तो नियमों के अनुसार उनकी पेंशन राशि में 30 प्रतिशत की और वृद्धि हो जाएगी।

### वैष्णो देवी यात्रा 5वें दिन भी निलंबित, दर्शन को तरस रहे हजारों भक्त

**जम्मू-कश्मीर।** में लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद वैष्णो देवी यात्रा शनिवार को लगातार पाँचवें दिन स्थगित रही। भारत के अन्य हिस्सों से आए कई भक्त अभी भी कटरा में रुके हुए हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि यात्रा जल्द ही फिर से शुरू होगी और वे दर्शन कर पाएँगे। सरोज सिंह नाम की एक भक्त ने एएनआई को बताया कि मुझे माता के दर्शन करने की उम्मीद थी, लेकिन मैं निराश हो रही हूँ। मुझे उम्मीद है कि वह मेरी प्रार्थना सुनेंगी और मैं दर्शन कर पाऊँगी। मैं 2 से 4 दिन और रुकूँगी। जब तक मैं दर्शन नहीं कर लेती, मैं नहीं जाऊँगी। मुझे बहुत उम्मीद है, मैं यहाँ पहली बार आई हूँ।रमेश शर्मा नाम के एक अन्य श्रद्धालु ने एएनआई को बताया कि मैं हर साल यहाँ आता हूँ। माता में मेरी आस्था है। मैं दर्शन किए बिना नहीं जाऊँगा। इस बार थोड़ी पीड़ा ज़रूर हुई। मैं दर्शन किए बिना वापस नहीं आऊँगा... चाहे मुझे कितने भी दिन रुकना पड़े, मैं रुकूँगा। मैं प्रार्थना करता हूँ कि माता जी उन लोगों को अपने चरणों में स्थान दें।

**यात्रा विवाद** | महागठबंधन की 'मतदाता अधिकार यात्रा' से भाजपा- एनडीए की नींद उड़ी : तेजस्वी

# तेजस्वी और अखिलेश ने चुनाव आयोग पर गुस्सा जताया


- अखिलेश यादव, राहुल गांधी, तेजस्वी यादव की संयुक्त यात्रा सारण में

**एजेंसी। पटना**



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को भाजपा नीत राजग पर तीखा हमला बोलते हुए दावा किया कि चल रही 'मतदाता अधिकार यात्रा' ने सत्तारूढ़ गठबंधन को हिलाकर रख दिया है। एएनआई से बात करते हुए, यादव ने दावा किया कि राजग चाहे कितनी भी कोशिश कर ले, वह बिहार में सत्ता हासिल नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा डरी हुई है और इस ऐतिहासिक यात्रा की वजह से राजग बहुत बेचैन हो गया है। वे अपनी तरफ से हरसंभव कोशिश कर रहे हैं और हमारी हर चीज़ पर नज़र है। वे चाहे कितनी भी कोशिश कर लें, वे बिहार में सत्ता में वापस नहीं आएंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और बिहार में महागठबंधन के अन्य नेताओं के नेतृत्व में मतदाता अधिकार यात्रा का समापन 1 सितंबर को पटना में एक मार्च के साथ होगा। रैली के बजाय, यात्रा का समापन विरोध प्रदर्शन के दौरान विभिन्न जगहों पर शीर्ष नेताओं द्वारा भीड़ को संबोधित करने के साथ होगा, क्योंकि पटना प्रशासन ने रैली की अनुमति नहीं दी थी। पटना में कल कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प पर राजद नेता ने कहा कि ये लोग शुरू से ही हिंसक रहे हैं। ये कायर हैं। देश इनका असली चरित्र जानता है। इससे पहले शनिवार को, अखिलेश यादव बिहार के सारण में मतदाता अधिकार यात्रा के अंतिम चरण में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ शामिल हुए। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने लोकतंत्र की रक्षा के इस ऐतिहासिक आंदोलन में उनका स्वागत किया। वेणुगोपाल ने X पर पोस्ट किया कि आज सुबह, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यायद सारण में मतदाता अधिकार यात्रा में शामिल हुए! लोकतंत्र की रक्षा के इस ऐतिहासिक आंदोलन में उनका स्वागत है।

### वोटर अधिकार यात्रा में शामिल हुए अखिलेश



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ वोटर अधिकार यात्रा में शामिल हुए। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सारण से इस यात्रा का हिस्सा बने। कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर लिखा, आज सुबह, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी सारण में वोटर अधिकार यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा, लोकतंत्र की रक्षा के लिए इस ऐतिहासिक आंदोलन में उनका स्वागत है। वेणुगोपाल ने कहा, " वह भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) के इशारों पर हो रहे लोकतंत्र के विनाश के खिलाफ हमारी लड़ाई में एक अडिग सहयोगी रहे हैं और उत्तर प्रदेश तथा देश भर में गरीबों और वंचितों की एक मज़बूत आवाज रहे हैं।" यात्रा का शनिवार को 14वां दिन है और आगामी सोमवार को पटना में पैदल मार्च से पहले, वाहन के जरिए यह आखिरी दिन की यात्रा है। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। यह यात्रा अब तक रोहतास, औरंगाबाद, गयाजी, नवादा, शेखपुरा, नालंदा, लखीसराय, मुंगेर, कटिहार, पूर्णिया, सुपौल, मधुबनी, दरभंगा, मुजफ्फरपुर सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, गोपालगंज और सीवान से होकर गुज़र चुकी है।



**पांच बार की वर्ल्ड चैंपियन ने की दमदार वापसी**

# चार साल बाद मिली डब्ल्यूडब्ल्यूई में पहली जीत

**नई दिल्ली।** डब्ल्यूडब्ल्यूई की पूर्व चैंपियन और रेसलिंग लीजेंड मेलिना ने तीन महीने के ब्रेक के बाद एक बार फिर रिंग में वापसी की है। 46 साल की मेलिना ने पेरिस में आयोजित ड्रैग अटैक डिवाज इवेंट में अपनी वापसी की जहां उन्होंने जैजे पैरी और जेजीयू को हराकर 2021 के बाद अपनी पहली जीत दर्ज की। यह मेलिना के करियर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है क्योंकि उन्होंने 2001 से 2022 तक रेसलिंग की दुनिया में अपना नाम बनाया था। हालांकि उन्होंने 2022 के बाद रेसलिंग से दूरी बना ली थी। पिछले साल मई में उन्होंने रेसल नेशन बैटल रॉयल में वापसी की थी, लेकिन तीन महीने के छोटे ब्रेक के बाद अब वह पूरी तरह से वापसी के लिए तैयार दिख रही हैं।

**वापसी से पहले भावुक संदेश**

पेरिस में अपनी वापसी से पहले मेलिना ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा कि 'पेरिस में वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। बचपन में मैं इस शहर का सपना देखती थी। अब मैं यहां सिर्फ फ्रांस के जादू का आनंद लेने नहीं बल्कि उस शहर में फिर से कुश्ती करने आई हूं जहां मैंने अपना दूसरा खिताब जीता था।'

# एशिया कप 2025 : भीषण गर्मी के कारण बदली मैच टाइमिंग, आधे घंटे देरी से शुरू होंगे मुकाबले

**एजेंसी। दुबई**

एशिया कप 9 सितंबर को शुरू होने वाला है। टी20 फॉर्मेट में खेले जाने वाला यह टूर्नामेंट संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होगा। इसमें क्रिकेट के 19 मैच खेले जाने हैं, लेकिन वहां पड़ रही भीषण गर्मी मैचों के पूर्व निर्धारित समय बदलने की वजह बन गई है। मौसम वैज्ञानिकों के पूर्वानुमानों के अनुसार, सितंबर में यूएई में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इस वजह से टूर्नामेंट के दिन-रात को होने वाले सभी मैचों का समय भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे (स्थानीय समयानुसार शाम 6 बजे) से बदलकर भारतीय समयानुसार रात 8 बजे (स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे) कर दिया गया है।



इस बदलाव से अप्रभावित एकमात्र मैच 15 सितंबर को अबू धाबी के शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में होगा, जो यूएई और ओमान के बीच होगा। ये मैच भारतीय समयानुसार शाम 5:30 बजे (स्थानीय समयानुसार शाम 4 बजे) शुरू होगा।

अफगानिस्तान और हांगकांग के बीच होने वाले मुकाबले से टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। दुबई में 11 मैच खेले जाएंगे, जिनमें 28 सितंबर को होने वाला फाइनल भी शामिल है। शेष 8 मैच अबू धाबी में खेले जाएंगे।

टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में आयोजित होने वाले एशिया कप में आठ टीमें होंगी। भारत, पाकिस्तान, यूएई और ओमान को ग्रुप ए में रखा गया है। ग्रुप बी में बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान और हांगकांग शामिल हैं।

भारत अपने ग्रुप ए के मैच क्रमशः 10 और 14 सितंबर को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में क्रमशः यूएई और पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। ओमान और भारत के बीच होने वाला मैच खिलाफ 19 सितंबर को अबू धाबी के शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में होगा।

प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सुपर फोर चरण में आगे बढ़ेंगी। इससे पहले 2023 के एशिया कप फाइनल में श्रीलंका को हराकर भारतीय टीम चैंपियन बनी थी।

## हॉकी चैंपियनशिप में संत जेवियर कॉलेज व डिफेंस कॉलोनी की टीमें जीती



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** राष्ट्रीय खेल दिवस सह हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर हॉकी सिमडेगा और जिला खेलकूद विभाग सिमडेगा के संयुक्त तत्वाधान में 29 अगस्त से 10 सितंबर 2025 तक एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में आयोजित 20 वी मेजर ध्यान चंद सिमडेगा जिला स्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला हॉकी चैंपिनशिप 2025 में आज दूसरे दिन पुरुष वर्ग के दो मैच खेले गए। पहला मैच में संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा ने फरसापानी को 2-1 से पराजित कर तथा दूसरे मैच में डिफेंस कॉलोनी ने कसईदोहर को 05=02 गोल से पराजित कर पूरे अंक अर्जित किए।

आज के मैच में मुख्य अतिथि पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी मति सुशीला लकड़ा एवम पूर्व हॉकी खिलाड़ी स्मिता तिग्गा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया।

कल तीसरे दिन 09 मैच खेले जायेंगे। आज के मैच में मनोज कोणबेगी ,पंखरासियुस टोप्पो,कमलेश्वर मांझी, बसंत बा,राहुल मिंज, कुनुल भेंगरा, फ्लेबियस तिर्की, करिश्मा परवार , रोहित बेसरा , बिनोद कुल्लू, मनसुख सुरीन इत्यादि ने आयोजन को सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाई।

## हॉकी : एशिया कप के लिए चीन रवाना हुई भारतीय महिला टीम



**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम महिला एशिया कप के लिए शनिवार को चीन के हांग्जो रवाना हो गई। 20 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व सलीमा टेटे कर रही हैं। टेटे ने हॉकी विश्व कप 2026 में जगह पक्की करने के उद्देश्य से एशिया कप जीतने का लक्ष्य रखा है। सलीमा ने कहा, "यह टूर्नामेंट हमारे लिए अगले साल होने वाले एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप में जगह बनाने का अवसर है। हम इसी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारी पहली प्राथमिकता अपने पूल में शीर्ष पर रहना और सुपर फोर में पहुंचना है। वहां से, हम मैच दर मैच ट्रॉफी की ओर बढ़ेंगे।" 20 सदस्यीय टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। गोलकीपर बंसरी सोलंकी और बिचु देवी खारीबाम टीम में गहराई प्रदान करते हैं।

## वॉलीबॉल खेल में खिलाड़ी हुए सम्मानित



**रांची।** राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर पर रांची में झारखंड राज्य के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के कर कमलों द्वारा "खेल रत्न सम्मान 2025" से नवाजे गए विभिन्न खेलों के प्रख्यात प्रशिक्षकों एवं झारखंड के उभरते श्रेष्ठ खिलाड़ियों । इसी कड़ी में वॉलीबॉल खेल में कूल 5 स्पोर्ट्सपर्सन्स भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं कार्यों के लिए पुरस्कृत हुए। भारत सरकार के खेलो इंडिया मिशन द्वारा इसी वर्ष (2025) देश की पहली एवं एकमात्र मान्यता प्राप्त बालकों का आवासीय वॉलीबॉल अकादमी झारखंड की मोंगिया राष्ट्रीय वॉलीबॉल अकादमी के उभरते राष्ट्रीय खिलाड़ियों, रितेश यादव, सोनू कुमार एवं राहुल कुमार सहित भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम के मुख्य प्रशिक्षक (एशियन गेम्स ) सह मोंगिया राष्ट्रीय वॉलीबॉल अकादमी के महासचिव एवं सेल, बोकारो के खेल सलाहकार डॉ जयदीप सरकार को वॉलीबॉल खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए "खेल रत्न सम्मान 2025 " से प्रोत्साहित किया गया। चित्र में महामहिम राज्यपाल के साथ सम्मानित खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों के साथ खड़े हैं झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय नाथ सहदेव एवं महासचिव पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी सौरभ तिवारी ।

## खो-खो प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**रांची।** आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रांची जिला सुपर स्पीड बालक-बालिका खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय, सेक्टर-2,धुर्वा, रांची किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीम के एक सौ बालक-बालिका ने खो-खो मैच के दौरान शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि नारी शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्षा आरती बेहरा, विशिष्ट अतिथि बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय सचिव सजल बनर्जी, डोरंडा महाविद्यालय, रांची के प्राध्यापक अवधेश कुमार ठाकुर एवं रिलेशन ग्रुप के निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से सभी विजेता खिलाड़ी को पदक देकर सम्मानित किया। जबकि आंगन्तुको का स्वागत सह मंच का संचालन झारखंड राज्य सुपर स्पीड खो-खो एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.अजय झा ने किया। इस अवसर पर प्रशिक्षक संजय कुमार, शुभम सिंह, सरिता कुमारी,अनुशिखा कुमारी, सारथी बेहरा एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन वरीय झारखंड राज्य सुपर स्पीड खो-खो एसोसिएशन के महासचिव विवेक कुमार ने किया। बालक वर्ग में डे बोर्डिंग बालक प्रशिक्षण केंद्र ,धुर्वा ने बी.एस.पी.स्पोर्टस केंद्र को 24-17 अंकों से पराजित कर विजेता बना। डे बोर्डिंग के ओर से सन्नी कुमार, अभिषेक उरांव,अरूण गाड़ी एवं बी.एस.पी.के ओर से शिवम नायक, शिवा कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया ।बालिका वर्ग में बी.एस.पी.स्पोर्टस केंद्र ने बिरसा मुंडा क्लब को कड़े संघर्षपूर्ण मैच में 18-13 अंकों से पराजित कर विजेता बनी।

## टी20 में पोलार्ड का जलवा

# 14,000 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान किरॉन पोलार्ड को टी20 क्रिकेट का महानतम खिलाड़ी माना जाता है। 38 साल के पोलार्ड इस सीपीएल में त्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए खेल रहे हैं। शनिवार को बारबडोस के खिलाफ हुए मैच में पोलार्ड ने अपने 14,000 टी20 रन पूरे किए। बारबडोस के खिलाफ हुए मैच में पोलार्ड जब बल्लेबाजी करने उतरे तो टी20 में 14,000 रन पूरे करने के लिए 19 रन की जरूरत थी। पोलार्ड ने 9 गेंद पर 19 रन बनाकर अपने 14,000 रन पूरे किए। क्रिस गेल के बाद टी20 क्रिकेट में 14,000 रन पूरे करने वाले पोलार्ड दूसरे बल्लेबाज हैं। क्रिस गेल ने 2005 से 2022 के बीच राष्ट्रीय टीम, घरेलू टीम और लीग क्रिकेट के कुल 463 मैचों की 455 पारियों में 22 शतक और 88 अर्धशतक की मदद से 14,562 रन बनाए। गेल टी20 के सर्वोच्च स्कोरर हैं। पोलार्ड ने 2006 से राष्ट्रीय टीम और दुनियाभर की लीग में अब तक 712 मैचों की 633 पारियों में 1 शतक और 64 अर्धशतक लगाते हुए 14,000 रन बनाए हैं। पोलार्ड 38 साल के हैं और लीग क्रिकेट में सक्रिय हैं। संभव है जल्द ही वे गेल को पीछे छोड़ते हुए टी20 फॉर्मेट के सबसे सफल बल्लेबाज बन जाएं। पोलार्ड ने 332 विकेट भी लिए हैं। पोलार्ड 14,000 रन बनाने और 300 विकेट लेने वाले एकमात्र क्रिकेटर हैं। वहीं, पोलार्ड टी20 में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में 26वें स्थान पर हैं।

## राहुल द्रविड़ ने आईपीएल 2026 से पहले छोड़ा राजस्थान रॉयल्स का साथ

नई दिल्ली, 30 अगस्त (आईएएनएस)। आईपीएल 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स चर्चा में है। कप्तान संजू सैमसन के टीम से अलग होने की खबरों के बीच मुख्य



कोच राहुल द्रविड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को राहुल द्रविड़ के मुख्य कोच पद से इस्तीफा देने की जानकारी दी। आरआर ने अपने बयान में कहा कि हाल ही में हुई संरचनात्मक समीक्षा के तहत, फ्रेंचाइजी ने द्रविड़ को एक व्यापक भूमिका की पेशकश की थी, लेकिन पूर्व भारतीय कप्तान और मुख्य कोच ने यह पद नहीं लेने का फैसला किया है। अपनी कोचिंग में भारतीय क्रिकेट टीम को 2024 का टी20 विश्व कप जिताने वाले राहुल द्रविड़ ने आईपीएल 2025 से पहले आरआर के साथ मुख्य कोच के रूप में अनुबंध किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनका अनुबंध लंबे समय के लिए था, लेकिन अचानक उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। आरआर ने कहा, "राहुल कई वर्षों से रॉयल्स की यात्रा के केंद्र में रहे हैं। उनके नेतृत्व ने खिलाड़ियों की एक पीढ़ी को प्रभावित किया है। टीम के भीतर मजबूत मूल्यों का निर्माण किया है और फ्रेंचाइजी की संस्कृति पर एक अमिट छाप छोड़ी है। राजस्थान रॉयल्स उसके खिलाड़ी और दुनिया भर के लाखों प्रशंसक फ्रेंचाइजी के प्रति राहुल की उल्लेखनीय सेवा के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।" द्रविड़ ने आईपीएल 2012 और 2013 में आरआर की कप्तानी की थी।



### अमेरिकी टैरिफ के झटके से निपटने के लिए सरकार सक्रिय

# निजी क्षेत्र के साथ मिलकर हो रहा काम: सीईए नागेश्वरन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने शनिवार को कहा कि अमेरिका द्वारा हाल ही में भारतीय सामानों पर लगाए गए अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ से प्रभावित निर्यात क्षेत्रों को सहारा



देने के लिए केंद्र सरकार, निजी क्षेत्र और अन्य स्टेकहोल्डर्स मिलकर जोर-शोर से काम कर रहे हैं। अमेरिका ने 27 अगस्त से भारतीय सामानों पर 50 फीसदी टैरिफ लागू किया है, जिसके बाद से सरकार सक्रियता से इस चुनौती का सामना करने की तैयारी में जुट गई है। नागेश्वरन ने इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) द्वारा आयोजित एक वर्चुअल कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने बताया कि पिछले तीन-चार दिनों से निर्यातकों, उद्योग संगठनों, निजी क्षेत्र की निर्यात एजेंसियों और संबंधित मंत्रालयों के साथ लगातार बातचीत चल रही है। सरकार और वित्त मंत्रालय इस मुद्दे पर रणनीति बनाने के लिए ओवरटाइम काम कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस रणनीति का मुख्य मकसद प्रभावित निर्यात क्षेत्रों को समय और वित्तीय सहायता देना है, ताकि वे इस संकट से न केवल उबर सकें, बल्कि और मजबूत होकर सामने आएं। हालांकि, उन्होंने सरकार की योजना के बारे में और जानकारी देने से इनकार कर दिया।

**जीडीपी के आंकड़े एक पॉजिटिव संकेत**

नागेश्वरन ने इस चुनौती के बीच अर्थव्यवस्था में कुछ पॉजिटिव पहलुओं की भी बात की। उन्होंने हाल ही में सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जारी किए गए चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के जीडीपी आंकड़ों का जिक्र किया। इन आंकड़ों के मुताबिक, स्थिर कीमतों पर वास्तविक जीडीपी बढ़ोतरी दर पिछले साल की पहली तिमाही की तुलना में 7.8 फीसदी रही। उन्होंने कहा कि यह नाममात्र बढ़ोतरी खास तौर पर उत्साहजनक है, क्योंकि कुछ निजी क्षेत्र के अर्थशास्त्रियों ने अनुमान लगाया था कि यह 8 से 8.2 फीसदी के बीच रहेगी। 9 फीसदी के करीब पहुंचना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## भारत बनेगा एआई समाधान हब

**नई दिल्ली।** वास्तविक दुनिया की समस्याओं को सुलझाने के लिए भारत आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) और किफायती इंजीनियरिंग का उपयोग करने वाला देश होगा। इन्फोसिस के चेयरमैन नंदन नीलेकणि ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश में तीन तरह से यह काम आगे बढ़ेगा। पहला, देश में अपने वैश्विक क्षमता केंद्र रखने वाली कंपनियां जो मूल उद्यम के इतर एआई से जुड़े कार्यक्रम बनाएंगी। दूसरे, वे आईटी सेवा प्रदाता कंपनियां, जो एआई परिवर्तन यात्रा में अपने ग्राहकों की मदद करेंगी और तीसरा, डिजिटल बुनियादी ढांचा, जो पूरे एआई तंत्र की नींव हैं। दुनिया की सबसे बड़ी खुदरा कंपनी वॉलमार्ट की प्रौद्योगिकी इकाई वॉलमार्ट ग्लोबल टेक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नीलेकणि ने कहा, 'अगर बिहार में बैठा कोई किसान अपने फोन से ही हिंदी में बात करते हुए अपने एजेंट से खेती की बेहतरीन पद्धतियों और बाजार पहुंच के बारे में तत्काल जानकारी हासिल कर लेता है तो समझिए, हमने यह कर दिखाया है।' नीलेकणि के मुताबिक, भारत में कंपनियों के पास बड़े पैमाने पर नवाचार करने का मौका है, जो किसी भी प्रौद्योगिकी को व्यापक स्तर पर अपनाने के लिए सबसे जरूरी चीज है।

## अगले साल आ सकता है जिओ का आईपीओ

**नई दिल्ली। एजेंसी**




निवेशकों के लिए बनेगा सुनहरा मौका रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) अपनी दूरसंचार सेवा इकाई रिलायंस जियो को अगले साल जून तक सूचीबद्ध कराएगी, जबकि समूह भारत की सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा प्रदाता बनने के बाद जियो की सेवाओं को अन्य वैश्विक बाजारों में भी ले जाने की योजना बना रहा है। कंपनी के 50 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं, जिनमें से 22 करोड़ 5जी सेवा का उपयोग कर रहे हैं। मामले से अवगत लोगों ने बताया कि आईपीओ जियो प्लेटफॉर्म्स (जेपीएल) द्वारा लाया जाएगा, जो रिलायंस जियो इन्फोकॉम की होल्डिंग कंपनी है और दूरसंचार कंपनी की पूर्ण स्वामित्व भी रखती है। आरआईएल के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने शुक्रवार को समूह की सालाना आम बैठक (एजीएम) में कहा, 'आज, मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि जियो अपने आईपीओ के लिए तैयारी कर रहा है। हमारा लक्ष्य सभी जरूरी मंजूरियां मिल जाने पर 2026 की पहली छमाही तक जियो को सूचीबद्ध कराना है।' उन्होंने कहा, 'मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि इससे यह साबित होगा कि जियो हमारे वैश्विक समकक्षों के समान ही मूल्य सृजन करने में भी सक्षम है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह सभी निवेशकों के लिए एक बेहद आकर्षक अवसर होगा।' जियो प्लेटफॉर्म्स को वर्ष 2020 में कुल 152,055.45 करोड़ रुपये या 20 अरब डॉलर का निवेश प्राप्त हुआ था, जिसके तहत उसने मेटा और गूगल जैसे दो दर्जन से अधिक निवेशकों को 32.97 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची थी।

## ई-विटारा से मारुति को मिलेगी ईवी सेगमेंट में मजबूत एंट्री

- **ब्रोकरेज हाउस ने बढ़ाया टारगेट प्राइस**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मारुति सुजूकी इंडिया के पहले इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी)- ई-विटारा को दलाल पथ के विश्लेषकों से काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। विश्लेषकों के अनुसार इस पेशकश के साथ कंपनी ने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सेगमेंट में धमाकेदार शुरुआत की है, लेकिन कीमतों और कड़ी प्रतिस्पर्धा को लेकर चिंताएं उम्मीदों पर पानी फेर सकती हैं। मारुति सुजूकी इंडिया के शेयर ने 28 अगस्त को बीएसई पर 14,940.6 रुपये का ऊंचा स्तर छुआ था और 26 अगस्त को ई-विटारा लॉन्च किए जाने के बाद इसमें 2.2 फीसदी की तेजी आई है। इसकी तुलना में सेंसेक्स इस अवधि में 2.2 फीसदी फिसला है।

- *इस सप्ताह की शुरुआत में मारुति सुजूकी ने अपने गुजरात संयंत्र में ई-विटारा का उत्पादन शुरु किया*
- *यह एसयूवी शुरुआत में जर्मनी, नीदरलैंड, स्वीडन, डेनमार्क, नॉर्वे और ऑस्ट्रिया जैसे वैश्विक बाजारों पर ध्यान केंद्रित करेगा*



- **2.2 फीसदी की तेजी आई है**

### उत्पादन और निवेश

ई-विटारा का उत्पादन मारुति सुजूकी के एसएमजी प्लांट में किया जा रहा है जिसकी तीन लाइनों में 7.5 लाख वाहन बनाने की क्षमता है। ढाई लाख वाहनों की अतिरिक्त क्षमता वाली चौथी लाइन वित्त वर्ष 2027 में चालू हो जाने की उम्मीद है और यह आईसीई, ईवी और हाइब्रिड पावरट्रेन में बदली जा सकेगी।

धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत आदि कर्मयोगी प्रशिक्षण का समापन

# अभियान का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देना : डीडीसी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जनजातीय कार्य मंत्रालय,भारत सरकार और कल्याण विभाग, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत आदि कर्मयोगी अभियान के लिए, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन आज संपन्न हुआ। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने 65 प्रतिभागियों को आदि कर्मयोगी का प्रमाणपत्र प्रदान किया। उन्होंने प्रशिक्षित 13 प्रखंडों के कुल 65 जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को जिले के 91 चिन्हित आदिम जनजाति बहुल गांवों में सभी सरकारी योजनाओं से ग्रामवासियों को लाभान्वित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देना और शासन को अधिक प्रभावी बनाना है। उन्होंने कहा कि 10 सितंबर 2025 तक सभी जिला स्तर के मास्टर ट्रेनर अपने-अपने प्रखंड में चयनित आदि साथियों को प्रशिक्षित करेंगे। 30 सितंबर तक 91 ग्रामों में बैठक आयोजित कर प्राकृतिक संसाधनों की मैपिंग,नक्शा निर्माण, मूलभूत आवश्यकताओं की सूची तैयार करना, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक सुविधाओं की सूची बनाना और आदि सेवा केंद्र को पूरी तरह कार्यशील बनाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके उपरांत 2 अक्टूबर 2025 को विशेष ग्राम सभा में इन सभी योजनाओं को पारित कर ग्राम विकास विजन पुस्तिका को अंतिम रूप दिया जाएगा। समापन समारोह अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी प्यारेलाल समेत अन्य उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन पोल-पोल में किया गया, जिसका उद्घाटन उपायुक्त समीरा एस द्वारा किया गया था। इसके पूर्व भी 25 अगस्त को समाहरणालय में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

## हुसैनाबाद में बिजली चोरी मामले में पांच पर प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद।** विद्युत उर्जा चोरी के मामले में सहायक विद्युत अभियंता रामप्रसाद महतो ने छापेमारी कर पांच लोगों को उर्जा चोरी करते हुए पकड़ा गया। इनके विरुद्ध हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इन पर 77 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। सहायक विद्युत अभियंता ने बताया कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड रांची के निर्देशानुसार विद्युत उर्जा चोरी रोकथाम हेतु एक छापेमारी दल का गठन राम प्रसाद के नेतृत्व में किया गया। इस छापेमारी दल में स्वंय राम प्रसाद सहायक विद्युत अभियंता, दशरथ कुमार, अशोक मेहता, राज कुमार यादव, संजीत कुमार सभी मानव दिवस जपला शामिल हुए। छापामारी दिन के 10 बजे से शाम 5 बजे तक हुसैनाबाद थाना अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। इसमें ललन शर्मा 10,000 रुपए, जपला चौबे, राकेश कुमार पटेल 30,000 रुपए,जपला चौबे, मोहमद अफरोज 10,000 रुपए, हनुमान बीघा,राजू कुमार गुप्ता 15,000 भट्ठी मोड़ हुसैनाबाद,मनोज कुमार त्रिवेदी 12000 रुपए ग्राम बसारी का नाम शामिल है। साथ ही उपरोक्त दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

## टीबी उन्मूलन में सफलता पर सरजा पोलपोल और जमुने पंचायतों का सम्मान



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शनिवार को सिविल सर्जन कार्यालय परिसर में एक गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सिविल सर्जन और जिला क्षय रोग पदाधिकारी (डीटीओ) ने संयुक्त रूप से की। यह आयोजन टीबी मुक्त पंचायत के तहत चयनित पंचायतों को सम्मानित करने के उद्देश्य से किया गया था। इस अवसर पर सरजा, पोलपोल और जमुने पंचायतों के मुखियाओं को टीबी मुक्त पंचायत प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, साथ ही महात्मा गांधी की कांस्य प्रतिमा भी भेंट की गई। यह सम्मान उन पंचायतों को दिया गया है जिन्होंने क्षयरोग (टीबी) उन्मूलन की दिशा में प्रभावी कार्य करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। कार्यक्रम में एनटीईपी (राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम) से जुड़े सभी स्टाफ, सहायिका (सहिया), बीटीटी (ब्लॉक टास्क टीम) के सदस्य, और अन्य स्वास्थ्य कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने मिलकर इस उपलब्धि को एक सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया और भविष्य में भी क्षयरोग के खिलाफ इसी तरह जनजागरूकता और कार्रवाई जारी रखने की बात कही। इस मौके पर जिला प्रशासन ने भी इन पंचायतों की सराहना की और अन्य पंचायतों को भी प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

## छिपादोहर थाना क्षेत्र के गणेशपुर में दोहरे हत्याकांड का खुलासा

**लातेहार।** छिपादोहर थाना क्षेत्र के गणेशपुर में हुए दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। मृतकों में पत्नी सोनमणि देवी और उनका बेटा सूरज उरांव शामिल हैं। पुलिस ने आरोपी मोहनलाल उरांव को गिरफ्तार कर लिया है,जो हत्या का मुख्य संदिग्ध है। शनिवार को छिपादोहर थाना में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान बरवाडीह एसडीपीओ भरत राम ने बताया कि 28 अगस्त को मोहनलाल उरांव की पत्नी सोनमणि देवी घर आई थी, जो बाहर काम करने गई थी। घर लौटने पर दोनों के बीच पैसों को लेकर बहस हुई, जो धीरे-धीरे हिंसा में बदल गई। गुस्से में आकर मोहनलाल ने अपनी पत्नी और छोटे बेटे सूरज की हत्या कर दी। एसडीपीओ ने कहा कि इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया। टीम ने लगातार छापेमारी की और आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

महुआडांड़ में दुकानें रही बंद, हिंदू महासभा ने कहा-

## एसडीएम का लगाया गया आरोप निराधार

- हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल पर एसडीएम ने लगाया है जमीन हड़पने का आरोप

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़।** एसडीएम बिपिन कुमार दुबे पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर हिंदू महासभा के आह्वान पर अनिश्चित कालीन बंद का दूसरे दिन शनिवार को प्रखंड में मिला जुला असर दिखा। इस दौरान हिंदू समुदाय के सभी दुकानदारों ने स्वेच्छा से अपनी अपनी दूकाने व प्रतिष्ठान बंद रखे अन्य दुकाने सामान्य दिनों की तरह खुले रहे। बस स्टैंड से छोटी बड़ी गाडियों का आवागमन जारी रहा। हिंदू महासभा ने शुक्रवार देर शाम एसडीएम बिपिन कुमार द्वारा की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि एसडीएम एक विशेष समुदाय के पक्ष में पक्षपात कर रहे हैं। महासभा ने चेतावनी दी है कि यदि संगठन के किसी भी सदस्य पर कार्रवाई की गई तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। हिंदू महासभा के अनुसार, 28 अगस्त को एसडीएम के बुलावे पर हिंदू महासभा और सरना समाज के प्रतिनिधि उनके कार्यालय में बैठक में शामिल हुए थे। बैठक के दौरान प्रारंभ में यह सहमति बनी कि बैगई जमीन बैगा समाज के अधीन है और यदि बैगा चाहे तो वे स्वयं घेराबंदी या खेती कर सकते हैं। उक्त भूमि का घेराव आदिवासी सरना विकास मंच के सदस्य तुरंत करेंगे, मैं भी स्थल पर जाकर घेराव करूंगा। देखता हूं कौन रोकता है, रोकने पर जेल भेज दूंगा। इस बयान से वहां मौजूद हिन्दू महासभा एवं सरना समिति के सदस्य आक्रोशित हो गए और बैठक का बहिष्कार कर दिया। महासभा का आरोप है कि एसडीएम ने संगठन के अध्यक्ष मनोज जायसवाल को व्यक्तिगत रूप से धमकी दी। एसडीएम द्वारा अध्यक्ष पर जमीन हड़पने का आरोप पूरी तरह निराधार है और यह आरोप संगठन को कमजोर करने की साजिश है। संगठन ने एसडीएम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि इस मामले में उनकी मांगें नहीं मानी जातीं तो आंदोलन तेज किया जाएगा। एसडीएम पर कार्रवाई, बैगई जमीन पर बने भवन की चाबी बैगा पाहन सुलेमान बैगा को सौंपना, अवैध घेराव हटाना।

## हाइवा से कुचलकर छात्रा की मौत लोगों ने किया एनएच जाम

नवीन मेल संवाददाता



**हरिहरगंज।** हरिहरगंज शहर से सटे औरंगाबाद जिला के संडा ग्राम स्थित किशुनपुर मोड़ के समीप शनिवार को पढ़ाई कर साइकल से घर लौट रही छात्रा 16 वर्षीय चांदनी कुमारी को अनियंत्रित हाइवा ट्रेलर ने कुचल दिया। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतका किशुनपुर गांव निवासी उपेंद्र मेहता की पुत्री है। दुर्घटना के तुरंत बाद चालक हाइवा छोड़ कर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि औरंगाबाद की ओर से आ रही अनियंत्रित हाइवा ट्रेलर बीआर 01 जीएम 2852 ने पहले छात्रा को टक्कर मारी, जिससे वह गीर पड़ी तभी पिछला चक्का छात्रा के सर को कुचल डाला। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने मुआवजा, आबादी क्षेत्र में गति नियंत्रित करने और वरीय अधिकारी को घटनास्थल पर आकर आश्वासन देने की मांग को लेकर एनएच-139 को जाम कर दिया। साथ ही घटनास्थल पर पहुंची बिहार पुलिस की टीम को खदेड़ दिया। बाद में भारी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर आकर स्थिति को नियंत्रित किया। उधर एनएच जाम रहने से सड़क पर छोटी बड़ी वाहनों की लंबी कतारें लग गई है। घटना के करीब 3 घंटा बाद भी समाचार लिखे जाने तक मेदिनीनगर औरंगाबाद रोड एनएच-139 पर आवागमन बहाल नहीं हो सकी है।

## झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**चंदवा।** झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन का प्रथम एक दिवसीय आवासीय जिला सम्मेलन सह प्रशिक्षण शिविर शनिवार को चंदवा के होटल मयूर इंटर नेशनल के कामरेड अतुल अंजान सभागार में संपन्न हुई। सम्मेलन की शुरूआत शहीदों को श्रद्धांजलि व झंडोतोलन से की गई। शोक प्रस्ताव में भाकपा के पूर्व महासचिव एस सुधाकर रेड्डी और प्राकृतिक आपदाओ में दिवंगत आत्माओं को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आंदोलन के बल पर मजदूरों के पक्ष में कई कानून बने। लेकिन आज उन्हीं कानूनों की ताकत को कमजोर किया जा रहा है। यहां तक कि 8 घंटे काम का अधिकार भी बढ़ाकर 12 से 14 घंटे तक कर दिया गया है। इसके विरुद्ध संगठित संघर्ष को और तेज करने की आवश्यकता है। इप्टा के रंगकर्मी प्रेम प्रकाश ने व्यवस्था परिवर्तन के आह्वान के साथ एक जनवादी गीत प्रस्तुत किया।

## लोक अदालत में 172 मामलों का निपटारा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को मासिक लोक अदालत और विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के दिशा-निर्देश और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। लोक अदालत के इस सत्र में कुल 172 मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर निपटारा किया गया, जिसमें कुल एक करोड़ छत्तीस लाख पचपन हजार सत्तर रुपये की राशि का सेटलमेंट हुआ। लोक अदालत में त्वरित न्याय के उद्देश्य से कुल 11 पीठों का गठन किया गया था। साथ ही, न्यायालय परिसर में वादकारियों की सुविधा के लिए एक हेल्प डेस्क भी बनाया गया था। अदालत में पहुंचे पक्षकारों ने आपसी सहमति से मामलों को सुलझाया, जिससे समय और धन दोनों की बचत हुई। मासिक लोक अदालत में कुल 110 मामलों का निपटारा किया गया, जिसमें छह लाख ग्यारह हजार एक सौ रुपये के दावों का समाधान हुआ। वहीं, विशेष लोक अदालत में 62 मामलों का निपटारा किया गया, जिसमें एनआई एक्ट (चेक बाउंस मामलों) के तहत 86 लाख 27 हजार 100 रुपये और एमएसीटी (मोटर दुर्घटना दावों) के तहत 44 लाख 16 हजार 870 रुपये के मामलों का निपटारा किया गया। विशेष लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन यानी अदालत में दायर होने से पहले के कुल 3,583 मामलों का निपटारा किया गया। इनमें एनआई एक्ट के चार, भूमि एवं राजस्व से जुड़े 3,540 और वैवाहिक विवादों से संबंधित 39 मामले शामिल थे।

कार्यक्रम

गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में नूतन छात्र अभिनंदन समारोह

# ड्रीम बनाइए व उस पर मेहनत कीजिए : डॉ. अमित अग्रवाल

नवीन मेल संवाददाता



**छतरपुर (पलामू)।** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल महाविद्यालय, सड़मा, छतरपुर में शुक्रवार को नूतन छात्र अभिनंदन सह पुरातन छात्र सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सचिव डॉ. अमित अग्रवाल, प्रभारी प्राचार्य प्रो. अखिलेश कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. अमित कुमार सिंह, प्रो. मुन्नी देवी, अपराजिता प्रकाश, इंदु कुमारी, जलेश्वर गुप्ता सहित अन्य ने संयुक्त रूप से संस्थापक सचिव स्व. सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं सामूहिक दीप प्रज्वलित कर किया। प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ नौकरी नहीं, समाज की सेवा है। स्वागत भाषण में प्रभारी प्राचार्य प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि यह महाविद्यालय न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देता है बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व विकास का भी मंच है। उन्होंने नए छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि यहां आप सिर्फ डिग्री लेने नहीं, बल्कि जीवन के मूल्यों को सीखने आए हैं। शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं बल्कि समाज और देश की प्रगति में योगदान देना है। कार्यक्रम में सत्र 2021-24 के आर्ट्स, साइंस एवं वाणिज्य संकाय के सभी विषयों से टॉप 3 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल, शील्ड और पट्टा देकर सम्मानित किया गया। वहीं छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समां बांध दिया। नृत्य एवं गीत प्रस्तुतियों पर हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

### इच्छाशक्ति से कोई भी सपना बड़ा नहीं होता

सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने अपने प्रेरक संबोधन में छात्रों से कहा कि अपने जीवन में एक ड्रीम बनाइए और उस ड्रीम को साकार करने के लिए मेहनत कीजिए। सफलता आपके कदम चूमेगी। उन्होंने छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों पर विचार करने की सलाह दी। चाहे वह शिक्षण, सरकारी नौकरी, डिफेंस, कॉर्पोरेट सेक्टर या स्वरोजगार हो। उन्होंने जेसिका वॉटसन की उपलब्धि का उदाहरण देते हुए कहा कि 16 वर्ष की उम्र में दुनिया का चक्कर लगाने वाली यह लड़की साबित करती है कि इच्छाशक्ति से कोई भी सपना बड़ा नहीं होता।

### संस्थापक सचीव का सपना हो रहा साकार

कार्यक्रम का सफल संचालन पंचम कुमार ने किया। अंत में परीक्षा नियंत्रक प्रो. अमित कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि संस्थापक सचिव का सपना आज साकार हो रहा है और महाविद्यालय लगातार प्रगति की राह पर है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रोफेसर मुन्नी देवी, इंदु कुमारी, अपराजिता प्रकाश, सुनीता कुजूर, राजकिशोर लाल, सूर्योदय कुमार, अशोक कुमार अग्रवाल, राजमोहन, जैलेश सुरीन गुप्ता, रोहित कुमार, नैंसी कुमारी, योगेंद्र विश्वकर्मा, सफल कुमार मेहता, विद्यानंद, संध्या कुमारी, राजेश रजक, पंचम कुमार, अनुज गुप्ता, अरविंद अग्रवाल, मनोज कुमार, विजययादव, सुनील पासवान, चंदा कुमारी, अंजलि खाखा, रेजिना तिग्गा, दीपक कुमार, कृष्ण नंदन शर्मा,आलोक कुमार ठाकुर, शंकर राम, आनंद कुमार यादव, निरंजन कुमार, पान पति देवी, शारदा जी, प्रसाद ठाकुर, संजय प्रजापति एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राएं अभिभावक गण इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

## बाबा गणिनाथ का 25वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना

**चंदवा।** अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य समाज के द्वारा शनिवार को चंदवा के कामता स्थित बाबा गणिनाथ विवाह मंडप में बाबा गणिनाथ की 25वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम में चंदवा प्रखंड समेत लातेहार, पलामू, गढ़वा, खलारी समेत दूसरे प्रदेशों से भी समाज के प्रबुद्धजन शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद संघ के राजेश चंद्र पांडेय, नरेश प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज, राजकुमार पाठक, रामदास साहू व अन्य ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यक्रम में समाज ने अन्य समाज के प्रबुद्धजनों को आमंत्रित करने का सराहनीय कार्य किया है। ऐसे ही प्रयासों ने सनातम समाज को मजबूती आती है। कार्यक्रम में मौजूद समाज के प्रबुद्धजनों व अतिथियों ने समाज में एकजुटता, शिक्षा को बढ़ावा, नारी उत्थान पर बल देने की बात कही। संबोधन के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन हरदेव प्रसाद ने किया।

## पेज एक के शेष

### हेमंत सोरेन पर...

संसद सर्वोच्च है, पर नई कमेटी और नया नैरेटिव लोकतंत्र के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में व्हिप का प्रावधान नहीं है। 130वें संविधान संशोधन को जेपीसी को भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद उस पर चर्चा होगी। सुप्रीम कोर्ट भी संविधान का सम्मान करता है। बी सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि उपराष्ट्रपति का पद राजनीतिक नहीं, बल्कि संवैधानिक है। न्याय के पक्षधर सांसद अपनी अंतरात्मा की आवाज पर हमें वोट देंगे। सर्वसम्मति से उन्हें इस चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी दल उनके साथ हैं और कई गैर-गठबंधन दल भी समर्थन के लिए आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं सांसदों का समर्थन मांगने आया हूं। उपराष्ट्रपति का कार्यालय उच्च संवैधानिक दायित्व है। भारत के संविधान के साथ मेरी यात्रा 1971 में शुरू हुई थी और मैं संविधान के मूल्यों के साथ खड़ा हूं। देश को भरोसा दिलाता हूं कि संविधान के साथ यह यात्रा आगे भी जारी रहेगी रेड्डी ने इस अवसर पर झारखंड आंदोलन के प्रणेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कांग्रेस प्रभारी के. राजू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, झामुमो और कांग्रेस के कई सांसद एवं नेता मौजूद थे।

### पूर्व मंत्री एनोस...

बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से आदिवासी जमीन खरीदने के 15 साल पुराने मामले में एनोस एक्का समेत सजा पाए सभी को दोषी ठहराया था। वहीं, साक्ष्य के अभाव में गोवर्धन बैठा को बरी कर दिया गया था। दोषी ठहराए जाने के साथ ही एनोस एक्का, उनकी पत्नी मेनन एक्का समेत अन्य दोषियों को न्यायिक हिरासत में ले लिया गया था। एनोस पर सीएनटी एक्ट की धारा 46 का उल्लंघन कर 1.18 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति खरीदने का आरोप था।

### सीबीआई ने हाइकोर्ट...

इसी बीच इस मामले में दोषी करार दिए जाने पर वे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिए गए थे। एनोस ने साल वर्ष 2005, 2009 और 2014 में कोलेबिरा से चुनाव जीता। लेकिन, आय से अधिक संपत्ति और पारा शिक्षक की हत्या के मामले सामने आने के बाद उनकी परेशानी शुरू हो गई। पूर्व में ईडी की कार्रवाई के दौरान रांची, सिमडेगा, दिल्ली समेत कई राज्यों में उनकी संपत्ति जब्त कर ली गई थी।

### नगड़ी में रिम्स-2...

अब समय आ गया है, भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देने का। बिहार चुनाव को लेकर मंत्री अंसारी ने कहा, विधानसभा चुनाव में क्षेत्रीय दल बड़े भाई की भूमिका में होते हैं, जबकि लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय पार्टियां नेतृत्व करती हैं। बिहार में इस बार राष्ट्रीय जनता दल (राजद) बड़े भाई के रूप में चुनाव लड़ रही है और हम उनके नेतृत्व में चुनाव मैदान में उतरेंगे।"

### अमेरिकी कोर्ट ने...

अब तो इन टैरिफ को लेकर कानूनी लड़ाई तेज हो गई है। न्याय विभाग ने अदालत में चेतावनी दी है कि अगर ये टैरिफ हटाए गए, तो अमेरिका की वित्तीय स्थिति पर गंभीर असर पड़ सकता है। यह मामला दो अलग-अलग प्रकार के आयात शुल्क से जुड़ा है, जिन्हें ट्रंप ने वर्ष 1977 के इंटरनेशनल इमर्जेंसी एकोनामिक पावर्स एक्ट के तहत राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर लागू किया था। पहला सेट है 'लिबरेशन डे' टैरिफ, जिसकी घोषणा 2 अप्रैल को की गई थी। इसके तहत अमेरिका ने उन देशों पर 50% तक शुल्क लगाया, जिनसे उसका व्यापार घाटा है, और बाकी सभी पर कम से कम 10% शुल्क लगाया। अगस्त में दरों में थोड़े बदलाव किए गए, लेकिन यहां तक कि वे देश भी प्रभावित हुए, जिनसे अमेरिका का व्यापार अधिशेष है। दूसरा सेट है 'ट्रैफिकिंग टैरिफ', जिसकी घोषणा 1 फरवरी को कनाडा, चीन व मैक्सिको पर की गई थी। इनका मकसद इन देशों पर दबाव बनाना था कि वे अमेरिका में हो रही अवैध ड्रग्स और प्रवासियों की तस्करी को रोकें। संविधान के मुताबिक, टैरिफ लगाने का अधिकार संसद के पास है। लेकिन, समय के साथ संसद ने राष्ट्रपति को इस क्षेत्र में कई शक्तियां सौंप दीं और ट्रंप ने इन्हीं का उपयोग किया। हालांकि, इंटरनेशनल इमर्जेंसी इकोनामिक पावर्स एक्ट के मार्फत आयात पर टैरिफ लगाने का यह पहला मामला था, क्योंकि इस कानून का उपयोग आमतौर पर निर्यात प्रतिबंध व दुश्मन देशों (जैसे ईरान और उत्तर कोरिया) पर पाबंदियों के लिए किया जाता रहा है। कई कंपनियों और 12 अमेरिकी राज्यों ने अदालत में चुनौती दी कि व्यापार घाटा कोई 'असामान्य और असाधारण खतरा' नहीं है, क्योंकि अमेरिका पिछले 49 साल से लगातार व्यापार घाटे में है। वहीं, ट्रंप प्रशासन ने दलील दी कि राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने भी वर्ष 1971 में सोने से डॉलर की लिंकिंग खत्म करने के बाद उत्पन्न संकट में इसी तरह के आपातकालीन प्रावधानों का इस्तेमाल किया था। हालांकि, मई में न्यूयॉर्क की अमेरिकी कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने ट्रंप के पक्ष को खारिज कर दिया और कहा कि 'लिबरेशन डे' टैरिफ राष्ट्रपति को मिले अधिकारों से परे है। अदालत ने दो याचिकाओं (एक पांच कंपनियों की और दूसरी 12 राज्यों की) को मिलाकर यह फैसला सुनाया। अमेरिका की ट्रेड कोर्ट ने ड्रग तस्करी और इमिग्रेशन को लेकर कनाडा, चीन और मैक्सिको पर लगाए गए टैरिफ (शुल्क) को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि ये शुल्क इंटरनेशनल इमर्जेंसी इकोनामिक पावर्स एक्ट की उस शर्त को पूरा नहीं करते, जिसके तहत लगाए गए कदम सीधे उस समस्या से जुड़े होने चाहिए, जिसे हल करने के लिए वे उठाए गए हैं। वैसे यह चुनौती ट्रंप के अन्य टैरिफ पर लागू नहीं होती। इनमें विदेशी स्टील, एल्युमीनियम और ऑटो पर लगाए गए शुल्क शामिल हैं। ट्रंप प्रशासन ने इन्हें कॉमर्स डिपार्टमेंट की उस जांच के बाद लगाया था, जिसमें कहा गया था कि ये आयात अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं। इसी तरह, ट्रंप के पहले कार्यकाल में चीन पर लगाए गए टैरिफ भी इसमें शामिल नहीं हैं। बाद में राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी इन्हें जारी रखा, क्योंकि जांच में पाया गया कि चीन अपनी टेक्नोलॉजी कंपनियों को अनुचित लाभ देने के लिए गलत तरीके अपनाता है, जिससे अमेरिकी और अन्य पश्चिमी देशों की कंपनियां प्रभावित होती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रंप अन्य कानूनी प्रावधानों का इस्तेमाल कर फिर से आयात शुल्क लगा सकते हैं, लेकिन उनकी सीमाएं हैं। उदाहरण के लिए, वर्ष 1974 के ट्रेड एक्ट की धारा 122 के तहत राष्ट्रपति उन देशों पर 15 फीसदी तक शुल्क लगा सकते हैं, जिनके साथ अमेरिका का बड़ा व्यापार घाटा है। हालांकि, यह अवधि अधिकतम 150 दिन तक ही सीमित होगी। वहीं, उसी कानून की धारा 301 राष्ट्रपति को उन देशों पर शुल्क लगाने की अनुमति देती है, जिन पर अनुचित व्यापार प्रथाओं का आरोप साबित हो जाता है। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में इसी धारा का इस्तेमाल कर चीन के खिलाफ बड़ा ट्रेड वॉर शुरू किया था।

### प्रधानमंत्री मोदी चीन...

2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स समिट के दौरान हुई थी। इस बैठक में भारत और चीन के बीच सीमा पर पेट्रोलिंग को लेकर एक समझौता हुआ था, जिससे चार साल से चल रहे सीमा विवाद का समाधान निकाला गया। भारत वर्ष 2017 से एससीओ का सदस्य है और वर्ष 2022-23 के दौरान इस संगठन के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाल चुका है। पीएम मोदी ने कहा, भारत एससीओ का सक्रिय और रचनात्मक सदस्य है। हमारी अध्यक्षता के दौरान हमने नवाचार, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में नए विचार प्रस्तुत किए हैं। भारत एससीओ के सदस्य देशों के साथ साझा चुनौतियों का समाधान करने और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि जापान और चीन की मेरी यात्राएं हमारे राष्ट्रीय हितों और प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने में सहायक होंगी और क्षेत्रीय और वैश्विक शांति, सुरक्षा और सतत विकास में सहयोग को बढ़ावा देंगी। बता दें कि एससीओ एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जिसकी स्थापना 15 जून 2001 को शंघाई में हुई थी। इसके सदस्य देशों में चीन, रूस, भारत, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, पाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, ईरान और बेलारूस शामिल हैं। एससीओ के दो पर्यवेक्षक अफगानिस्तान और मंगोलिया हैं, जबकि इसके 14 संवाद साझेदार देश हैं, जिनमें तुर्की, कुवैत, अजरबैजान, आर्मेनिया, कंबोडिया और नेपाल शामिल हैं। श्रीलंका, सऊदी अरब, मिस्त्र, कतर, बहरीन, मालदीव, म्यांमार और संयुक्त अरब अमीरात भी एससीओ के संवाद साझेदार हैं।

### यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की...

यह एक उपयोगी और महत्वपूर्ण बातचीत थी, जिसमें साझेदारों के बीच वास्तविक शांति कैसे प्राप्त की जाए, इस पर एक साझा दृष्टिकोण था। यूक्रेन ने रूसी नेता के साथ बैठक के लिए अपनी तत्परता की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि लगभग दो हफ्ते बीत चुके हैं। इस दौरान जब रूस को कूटनीति की तैयारी करनी चाहिए थी, तब मास्को ने कोई सकारात्मक संकेत नहीं दिया है। मास्को ने सिर्फ नागरिक ठिकानों पर निंदनीय हमले किए हैं और हमारे दर्जनों लोगों को मार डाला है। मृतकों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान के गवर्नरों के साथ किया संवाद, कहा

# भारत और जापान का साथ खोलेगा नया द्वार

**टोक्यो (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जापान के गवर्नरों के साथ एक विशेष संवाद में भारत-जापान के ऐतिहासिक संबंधों को मजबूत करने और दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह मुलाकात उनके लिए खुशी का मौका है, क्योंकि जापान के राज्यपाल उनकी क्षेत्रों की विविधता और ऊर्जा के जीवंत प्रतीक हैं।

मोदी ने अपने संबोधन में कहा, मैं अनुभव कर रहा हूं कि इस कमरे में सैतामा की रफ्तार है, मियागी की मजबूती है, फुकुओका की जीवंतता है और नारा की विरासत की खुशबु है। आप सभी में कुमामोतो की गर्मजोशी है, नागानो की ताजगी है, शिजुओका की सुंदरता है, और नागासाकी की धड़कन है। आप सभी, माउंटी फूजी की ताकत और साकुरा की आत्मा के प्रतीक हैं, जो जापान को टाइमलेस बनाते हैं। भारत और जापान का रिश्ता हजारों साल पुराना है, जो भगवान बुद्ध की करुणा और राधाबिनोद पाल जैसे नायकों के साहस से जुड़ा है।



**बोले पीएम**

- जापान के प्रांतों की तरह भारत के हर राज्य की अपनी पहचान है
- जापान व भारत के छोटे शहर पैदा कर सकते हैं नए अवसर

### टोक्यो और दिल्ली करेंगे नेतृत्व

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं के कनेक्शन पर जोर देते हुए कहा कि जापान की विश्व प्रसिद्ध यूनिवर्सिटीज में भारतीय छात्रों को लाने और अगले पांच साल में पांच लाख लोगों के आदान-प्रदान के लिए एक एक्शन प्लान लांच किया गया है। साथ ही, 50,000 भारतीय कुशल पेशेवरों को जापान भेजने की योजना है, जिसमें प्रांतों की अहम भूमिका होगी। उन्होंने आशा जताई कि टोक्यो और दिल्ली नेतृत्व करेंगे और कानागावा-कर्नाटक, आइची-असम, और ओकायामा-ओडिशा मिलकर नई इंडस्ट्री, स्किल, और अवसर बनाएंगे।

पीएम मोदी ने अपने गृह राज्य गुजरात का उदाहरण देते हुए बताया कि बीती सदी में गुजराती हीरे के व्यापारी कोबे आए थे, जबकि हमा-मात्सु की कंपनियों ने भारत के ऑटोमोबाइल क्षेत्र में क्रांति लाई। यह उद्यमशीलता दोनों देशों को जोड़ती है। आज ट्रेड, टेक्नोलॉजी, पर्यटन, सुरक्षा, स्किल और संस्कृति के क्षेत्र में नए अध्याय लिखे जा रहे हैं, जो केवल टोक्यो या दिल्ली तक सीमित नहीं, बल्कि राज्यों और प्रांतों की सोच में जीवंत हैं।

प्रधानमंत्री ने अपने 15 साल के गुजरात मुख्यमंत्री कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने नीति-आधारित शासन, उद्योग को बढ़ावा, मजबूत बुनियादी ढांचा और निवेश के लिए माहौल बनाने पर ध्यान दिया, जो आज 'गुजरात मॉडल' के नाम से जाना जाता है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने इस सोच को राष्ट्रीय नीति में शामिल किया। राज्यों में प्रतिस्पर्धा की भावना जगाई और उन्हें राष्ट्रीय विकास का मंच बनाया। जापान के प्रांतों की तरह भारत के हर राज्य की अपनी पहचान है, कहीं समुद्र तट, कहीं पहाड़। इस विविधता को लाभ में बदलने के लिए 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' अभियान, आकांक्षी जिले-ब्लॉक कार्यक्रम, और दूरदराज गांवों को मुख्यधारा में लाने के लिए 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' शुरू किया गया, जो अब विकास के केंद्र बन रहे हैं।

पीएम मोदी ने जापान के राज्यपालों की जिम्मेदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि उनके प्रांत टेक्नोलॉजी, मैन्युफैक्चरिंग और नवाचार के केंद्र हैं, कई की अर्थव्यवस्था कई देशों से बड़ी है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग का भविष्य उनके हाथों में है। पहले से चली आ रही साझेदारियों गुजरात-शिजुओका, उत्तर प्रदेश-यमानाशी, महाराष्ट्र-वकायामा, आंध्र प्रदेश-तोयामा को उन्होंने कागज से निकालकर लोगों और समृद्धि तक ले जाने की बात कही।

प्रधानमंत्री इशिबा के साथ लांच की गई 'स्टेट-प्रांत साझेदारी पहल' के तहत हर साल तीन भारतीय राज्य और तीन जापानी प्रांतों के प्रतिनिधिमंडल एक-दूसरे का दौरा करेंगे। उन्होंने राज्यपालों को भारत आने का निमंत्रण दिया और साझा प्रगति के लिए सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि जापान और भारत के छोटे शहरों के स्टार्टअप्स और एमएसएमई मिलकर विचारों का आदान-प्रदान, नवाचार और अवसर पैदा कर सकते हैं। इसी सोच के साथ कानसाई में बिजनेस एक्सचेंज फोरम शुरू हो रहा है, जो निवेश, स्टार्टअप साझेदारी और कुशल पेशेवरों के लिए नए रास्ते खोलेगा।

# गलत वित्तीय शिक्षा से लोग करोड़ों कमाने के बावजूद गरीब रहते हैं : कियोसाकी

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध अमेरिकी निवेशक व 'रिच डैड पुअर डैड' के लेखक रॉबर्ट कियोसाकी ने X पर कहा कि ज्यादातर मामलों में पैसा लोगों और देशों को और गरीब बना देता है। उन्होंने कई उदाहरण देते हुए लोगों से वित्तीय शिक्षा (फाइनेंसियल एजुकेशन) को बेहतर करने की अपील की ताकि वे गरीबी के जाल में न फंसें। कियोसाकी ने बताया कि कई बार लोग लाखों-करोड़ों कमाने के बावजूद गरीब रह जाते हैं। उन्होंने कॉलेज के स्पोर्ट्स स्टार्स का उदाहरण दिया, जो प्रोफेशनल टीम में शामिल होने के बाद लाखों डॉलर कमाते हैं, लेकिन रिटायरमेंट के सात साल बाद 65% खिलाड़ी दिवालिया हो जाते हैं। यही हाल लॉटरी जीतने वालों का होता है, जो करोड़ों रुपये जीतने के बावजूद गरीब हो जाते हैं। उन्होंने एक औसत वेटर की मिसाल दी, जो अमेरिका में सालाना 35,000 डॉलर कमाता है। अगर वह 50 साल तक काम करे, तो वह कुल 17.5 लाख डॉलर कमाएगा, फिर भी ज्यादातर गरीब ही रहते हैं। कियोसाकी का मानना है कि इसकी सबसे बड़ी वजह गरीब माता-पिता व स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों की कमजोर फाइनेंसियल एजुकेशन समझ है। उन्होंने अपने 'पुअर डैड' का जिक्र करते हुए कहा कि स्कूलों में अक्सर अच्छी पढ़ाई करने वाले शिक्षक भी फाइनेंशियल मामलों में कमजोर होते हैं। हालांकि, उन्होंने हौसला बढ़ाते हुए कहा कि लोग अपने लिए अमीर व समझदार सलाहकार चुन सकते हैं, जैसे उनके 'रिच डैड' और उनके सलाहकार, जिन्होंने पैसों, मुश्किलों, मिशन आधारित कारोबार व सफल एंटरप्रेन्योरशिप पर किताबें लिखी हैं। कियोसाकी ने लोगों से अपील की कि वे लॉटरी जीतकर या पूरी जिंदगी मेहनत करके भी गरीब रहने से बचें और अपनी फाइनेंसियल समझ को बढ़ाएं। इसके अलावा, कियोसाकी ने कुछ दिन पहले ही शेयर बाजार में भारी गिरावट की चेतावनी दी थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि शेयर बाजार में बड़ा क्रैश आने के संकेत मिल रहे हैं, जो सोना, चांदी और बिटकॉइन रखने वालों के लिए अच्छी खबर हो सकती है, लेकिन 401k जैसी रिटायरमेंट योजनाओं में निवेश करने वाले बेबी बूमर्स के लिए बुरी खबर है। कियोसाकी पहले भी सोने, चांदी और बिटकॉइन जैसी क्रिप्टोकरेंसी में निवेश की सलाह दे चुके हैं, लेकिन साथ ही लापरवाही से निवेश न करने की चेतावनी भी दी है। जुलाई में उन्होंने यह भी कहा था कि वे बिटकॉइन में निवेश तभी करेंगे, जब बाजार की स्थिति को अच्छे से समझ लेंगे।



- स्पोर्ट्स स्टार्स लाखों डॉलर कमाते हैं, सेवानिवृति के 7 साल बाद 65% खिलाड़ी दिवालिया हो जाते हैं

## उमा भारती तो 75 नहीं अभी 65 साल की भी नहीं हुई हैं, चुनाव लड़ेंगी

**ब्यूरो। नई दिल्ली**



मप्र की पूर्व मुख्य मंत्री व पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती आगामी चुनावों के लिए अभी से गंभीरता से विचार करने लगी हैं। वह मेहनती भी हैं , जुझारू भी हैं। यह बात अलग है कि उनको आगे बढ़ाने वाली राजमाता सिंधिया या अशोक सिंघल जैसे दिग्गज लोग नहीं रहे। और अब उनके विरोधी भी तमाम हो गये हैं। फिर भी वह हर चुनाव में लाये जा रहे तमाम नेताओं से तो अनुभवी, तेज -तर्रार हैं ही व जनता का काम करने के लिए जानी जाती हैं। और वह ख़ुद यह भी मानती हैं कि कोई पार्टी भले ही सेवानिवृति की उम्र तय कर सकती है, लेकिन यह तो तय नहीं कर सकती है कि किस व्यक्ति की किस उम्र में जनता के लिए काम करने की क्षमता ही ख़त्म हो जाएगी। उमा भारती बिल्कुल ठीक कह रही हैं । क्योंकि देश व विदेश में तमाम लोग उदाहरण हैं जो लंबी उम्र तक बहुत ही सक्रिय रहे व राजनीति, सत्ता से लगायत तमाम क्षेत्र में योगदान देते रहे। और उमा भारती मप्र में या केन्द्र में योगदान देने लायक तो अभी भी हैं ही। रही बात 75 की उम्र होने के बाद सेवानिवृत्ति की तो भारत में वाजपेयी, पीवी नरसिंह राव , मनमोहन सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी के राज में तो ऐसा नहीं हुआ। इसलिए 75 सेवानिवृत वाला तर्क केवल कुछ नेता अपनी अड़चन दूर करने या किसी को किनारे लगाने के लिए ही दे सकते हैं। अभी देखिए आज के 17वें दिन पीएम भी 75 पूरा कर 76 वें में चले जाएँगे। फिर भी वह देश सेवा करते रहने के लिए सेवानिवृत तो हो नहीं रहे हैं। इसी से प्रेरणा लेकर उमा भारती आगे फिर चुनावी मैदान में उतरने के बारे में तैयारी के बारे में सोचेंगी। अभी से गतिविधि तेज करेंगी तो बहुत से राहु -केतु उनके सामने तरह-तरह की रुकावट डालने लगेंगे। ऐसे में देखना है कि आगामी चुनावों में उमा भारती क्या रूख अपनाती हैं। वैसे उन्होंने चुनाव लड़ने से पीछे नहीं हटने का तो मन बना ही लिया है।और लड़ेंगी तो माहौल गरमाएगा ही।

## ट्रंप के टैरिफ से आसमान छूता सोना, चांदी के भाव भी बढ़ने लगे

**-ब्यूरो। नई दिल्ली**

अमेरिकी राष्ट्रपति चौतरफ़ा टैरिफ थोपने से सोने का भाव तेजी से बढ़ते हुए विश्व बाजार में तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। चांदी की कीमतें भी 5 सप्ताह के उच्चतम स्तर पर चला गया है। लिवाली जारी रहने व रुपये के विनिमय दर में गिरावट के कारण बीते शुक्रवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 2,100 रुपये उछलकर 1,03,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्च स्तर पर पहुंच गई। इस वर्ष भारत में सोने की कीमतें लगभग 32% बढ़ी हैं। इस वजह से निवेशकों का ध्यान इस ओर गया है। जनवरी में सोने की कीमत 80,000 रुपये प्रति दस ग्राम थी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर स्पॉट गोल्ड मार्च में 90,000 रुपये को पार कर गया। हाल ही में यह 1 लाख रुपये के आंकड़े को भी पार कर गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, मई की शुरुआत में सोना 3,392 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गया था। जून के मध्य में यह 3,368 डॉलर के आसपास रहा। इसका धंधा करने वालों का कहना है कि विश्व स्तर पर राजनीतिक तनाव, अमेरिकी डॉलर का कमजोर होना तथा रुपये की गिरावट के कारण सोने की कीमतें बढ़ रही हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक आगामी त्योहारी सीज़न के लिए ज्वैलर्स की मजबूत मांग ने भारतीय सोने के बाजार को आगे बढ़ाया है। आने वाले समय में सोने की कीमत में तेजी आ सकती है।

### तियानजिन शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर बोले व्लादिमीर पुतिन

# एससीओ में नई गति लाएगा तियानजिन शिखर सम्मेलन

- कहा, समकालीन चुनौतियां और खतरों का सामना करने की एससीओ की क्षमता बढ़ेगी

**मास्को (आईएएनएस)**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को कहा कि 31 अगस्त से चीन के तियानजिन में शुरू हो रहा शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन संगठन में नई ताकत का संचार करेगा। शिखर सम्मेलन और बीजिंग में चीन के स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने के लिए चीन की अपनी यात्रा की पूर्व संध्या पर एक लिखित साक्षात्कार में पुतिन ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन समकालीन चुनौतियों और खतरों का सामना करने की एससीओ की क्षमता को मजबूत करेगा और साझा यूरेशियाई क्षेत्र में एकजुटता को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा, यह सब एक अधिक न्यायसंगत बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को आकार देने में मदद करेगा।

पुतिन ने कहा, एससीओ का आकर्षण इसके सरल लेकिन शक्तिशाली सिद्धांतों में निहित है। ये सिद्धांत संस्थापक दर्शन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता, समान सहयोग के लिए खुलापन, किसी तीसरे पक्ष को निशाना न बनाना और प्रत्येक राष्ट्र की राष्ट्रीय विशेषताओं और विशिष्टता का सम्मान हैं। उन्होंने कहा, इन मूल्यों को अपनाते हुए एससीओ एक अधिक न्यायसंगत, बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को आकार देने में योगदान देता है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून पर आधारित है और संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय समन्वयकारी भूमिका है।

रूसी राष्ट्रपति ने कहा, इस वैश्विक दृष्टिकोण का एक प्रमुख तत्व यूरेशिया में समान और अविभाज्य सुरक्षा की एक संरचना का निर्माण है, जिसमें एससीओ सदस्य देशों के बीच घनिष्ठ समन्वय भी शामिल है। सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, पुतिन ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि तियानजिन शिखर सम्मेलन एससीओ के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। रूस चीनी अध्यक्षता द्वारा घोषित प्राथमिकताओं का पूरा समर्थन करता है, जो एससीओ को मजबूत करने, सभी क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने और वैश्विक मंच पर संगठन की भूमिका को बढ़ाने पर केंद्रित हैं। पुतिन ने कहा, मुझे विश्वास है कि हमारे संयुक्त प्रयासों से हम एससीओ को नई गति प्रदान करेंगे और समय की मांग के अनुसार इसका आधुनिकीकरण करेंगे।

### तियानजिन शिखर सम्मेलन आज से



**चीन** वर्ष 2024-2025 तक एससीओ की अध्यक्षता करेगा। वर्ष 2025 में, एससीओ शिखर सम्मेलन तियानजिन में आयोजित हो रहा है। तियानजिन शिखर सम्मेलन 31 अगस्त से 1 सितंबर तक आयोजित होगा।

## यूक्रेन की 58वीं सेपरेट मोटराइज्ड इन्फैंट्री ब्रिगेड ने रूस के सामरिक महत्व के दो पुलों को उड़ाया



**कीव (यूक्रेन)।** यूक्रेन की 58वीं सेपरेट मोटराइज्ड इन्फैंट्री ब्रिगेड ने रूस के सामरिक महत्व के दो पुलों को उड़ाने का दावा किया है। इन पुलों के आसपास बनाई गई बारूदी सुरंगें भी विस्फोट के दौरान उड़ गईं। ब्रिगेड का दावा है कि उसने बेहद सस्ते 600 डॉलर के ड्रोन का इस्तेमाल कर इस अभियान को अंजाम दिया। अमेरिका के सीएनएन चैनल ने इस खबर का प्रसारण यूक्रेन की 58वीं सेपरेट मोटराइज्ड इन्फैंट्री ब्रिगेड के हवाले से किया है। यूक्रेनी सेना ने कहा कि यह दोनों पुल खार्किव क्षेत्र की सीमा के पास स्थित थे। इन दोनों पुलों का इस्तेमाल रूसी सेना अपने सैनिकों को आपूर्ति करने के लिए कर रही थी। बताया गया है कि इससे पहले यूक्रेन ने फरवरी 2022 में रूस की कई सड़कों पर पुलों को नष्ट किया था। यूक्रेन की 58वीं सेपरेट मोटराइज्ड इन्फैंट्री ब्रिगेड के अनुसार, इन दोनों पुलों के आसपास असामान्य गतिविधि देखने के बाद अभियान शुरू किया गया। बारूदी सुरंगें होने के कराण पुल के नीचे सामान्य टोही ड्रोन को उड़ाना मुश्किल था। इसलिए फाइबर ऑप्टिक्स से लैस एक फर्स्ट-पर्सन-व्यू ड्रोन का सहारा लिया गया। रूस ने पुलों पर हुए हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की। कीव पोस्ट की खबर के अनुसार, यूक्रेनी ड्रोन ने शुक्रवार सुबह आमतौर पर शांत रहने वाले रूसी शहर ओर्योल पर हमला किया। ओर्योल पर यूक्रेनी हमले में 20 से कम विमान शामिल थे। इस हमले में कम से कम चार रूसी नागरिक घायल हो गए। इससे पहले रूसी सेना ने गुरुवार को कीव पर केंद्रित हमलों में बमवर्षक, क्रूज मिसाइल, बैलिस्टिक मिसाइल, हाइपरसोनिक मिसाइल और 560 से अधिक ड्रोन का इस्तेमाल किया। इस हमले में 23 यूक्रेनी नागरिक मारे गए और 50 से अधिक नागरिक घायल हुए थे।

## 'बेलगाम ताकत का इस्तेमाल नहीं कर सकती पुलिस': इलाहाबाद हाईकोर्ट

**संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश गौ हत्या निवारण अधिनियम के तहत 8 साल पहले दर्ज किए गए एक मामले की हिस्ट्रीशीट को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बंद करने का निर्देश देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस नागरिकों को दी गई मौलिक स्वतंत्रता को कम करने के लिए "बेलगाम और अनियंत्रित शक्ति" का प्रयोग नहीं कर सकती है। अपने आदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस को निगरानी रजिस्टर में केवल व्यक्तिगत पसंद या नापसंद के आधार पर मनमाने ढंग से व्यक्तियों के नाम दर्ज करने का कोई अप्रतिबंधित लाइसेंस नहीं है। सिद्धार्थनगर के पुलिस अधीक्षक ने हिस्ट्रीशीट संख्या -18-ए को बंद करने के याचिकाकर्ता के आवेदन को खारिज कर दिया था। 23 जून के उस फैसले को चुनौती देते हुए याचिकाकर्ता ने रिट लगाई थी और मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की थी। आवेदन को सर्किल ऑफिसर और स्टेशन हाउस ऑफिसर, भवानीगंज, सिद्धार्थ नगर द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर खारिज कर दिया गया था, जिसमें उप्र पुलिस विनियमन के प्रावधानों, विशेष रूप से पैराग्राफ 228 और 240 (जो हिस्ट्रीशीट खोलने से संबंधित है) का उल्लेख किया गया था।इसको लेकर हाईकोर्ट ने कहा कि हमें तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर मामले की जांच करनी होगी। हमारा मानना है कि विनियमन 228 और 240 पुलिस को बेलगाम, अनियंत्रित शक्ति नहीं देते हैं जिसका इस्तेमाल वह इस तरह करे जिससे नागरिक की मौलिक स्वतंत्रता का हनन हो। इसमें आगे कहा गया है कि पुलिस के पास निगरानी रजिस्टर में अपनी पसंद या नापसंद किसी का भी नाम दर्ज करने का लाइसेंस नहीं है। आमतौर पर, निगरानी रजिस्टर में केवल उन्हीं लोगों के नाम दर्ज किए जाते हैं जिनका पिछला आपराधिक रिकॉर्ड हो। वे घोषित अपराधी या पूर्व में दोषी ठहराए गए अपराधी होने चाहिए। इसके अलावा, जिन लोगों के बारे में उचित रूप से माना जाता है कि वे आदतन अपराधी हैं या चोरी की संपत्ति प्राप्त करते हैं, चाहे उन्हें दोषी ठहराया गया हो या नहीं, उन्हें पुलिस विनियमन के तहत निगरानी रजिस्टर में वर्गीकृत और दर्ज किया जा सकता है।वहीं इस मामले में दलील देते हुए याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि मोहम्मद वजीर आदतन अपराधी नहीं है और उसके खिलाफ 2016 में केवल एक मामला दर्ज किया गया था, जो गौ हत्या निवारण अधिनियम की धारा 3/5/7 के तहत दर्ज किया गया था।इस दौरान वकील ने कहा कि जांच पूरी हो चुकी है, आरोप पत्र दाखिल हो चुका है और याचिकाकर्ता जमानत पर बाहर है। वकील ने कहा कि इस मामले को छोड़कर, वजीर के खिलाफ कोई एफआईआर, एनसीआर (गैर-संज्ञेय रिपोर्ट) या शिकायत दर्ज नहीं की गई है। यह तर्क दिया गया कि पुलिस प्राधिकारी ने बिना किसी ठोस या विश्वसनीय सामग्री के याचिकाकर्ता के खिलाफ अवैध और मनमाने ढंग से हिस्ट्रीशीट खोली है, जो कि उप्र पुलिस विनियम के पैराग्राफ 228, 229, 231, 233 और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों का उल्लंघन है। वकील ने कहा कि आगे तर्क दिया कि हिस्ट्रीशीट खोलने का उद्देश्य ही पुलिस को आपराधिक गतिविधियों में आदतन शामिल लोगों पर निगरानी रखने में सक्षम बनाना है लेकिन मौजूदा मामले में, वकील ने तर्क दिया कि हिस्ट्रीशीट केवल आठ साल पहले दर्ज एक मामले के आधार पर खोली गई थी।




## मनोज बाजपेयी की फिल्म 'जुगनुमा' का ट्रेलर रिलीज




बॉलीवुड के दमदार अभिनेता मनोज बाजपेयी की नई फिल्म 'जुगनुमा' का ट्रेलर शनिवार को रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर ने रिलीज होते ही दर्शकों का ध्यान खींचा। फिल्म की कहानी में कई रहस्य हैं, जो दर्शकों को हैरान कर देंगे।

'जुगनुमा' का ट्रेलर दर्शकों को 1980 के दशक में ले जाता है, जहां पहाड़ी इलाकों में बसे एक परिवार की जिंदगी दिखाई गई है। फिल्म में मनोज बाजपेयी एक ऐसे शख्स का किरदार निभा रहे हैं जो अपने परिवार के साथ खुशहाल और सुकून भरी जिंदगी जी रहा है। लेकिन ये सुकून ज्यादा समय तक नहीं टिकता और अचानक सब कुछ बदल जाता है।

ट्रेलर में दिखाया गया है कि बागों में कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया जाता है ताकि फसल अच्छी हो, लेकिन मनोज बाजपेयी को इन दवाओं को लेकर शक होता है। उन्हें लगता है कि कुछ तो गलत हो रहा है। इस बीच एक महिला उन्हें बताती है कि कुछ अजनबी उनके घर के आस-पास मंडरा रहे हैं। फिर एक रात अचानक उन्हें एक फोन कॉल आता है, जिससे वे बेहद परेशान हो जाते हैं। तभी उनकी बेटी दौड़ते हुए आती है और बताती है कि खेतों में आग लग गई है। इस आग से सारी फसलें तबाह हो जाती हैं और गांव में अफरा-तफरी मच जाती है।